Naresh Agarwal - 9848020960
Ankush Agarwal - 9885450000
Naresh Agencies
Dealers in :
Welding Electrodes, Welding Accessories, Safety Equipment, Power Tools, Self Drilling Screws and Cutting Wheels
15-9-216, Near Dargah, Gowliguda, Hyderabad - 500 012

खबरें जो सोच बदल दे
# शुभ लाभ
हिन्दी दैनिक समाचार पत्र

MOU Holder and Distributors
RN METALS Pvt. Ltd
Distributors of SAIL & VSP products in Telangana
Stockist of MS Beams MS Channel, MS Angle, MS Plates, TMT Bars
A-23/5 & 6, APIE, BALANAGAR, HYD.-500 037
040-23774718, 040-23774719, 9160111471

Postal Regd.No. HQ/SD/523/2023-25 | शुक्रवार, 31 मई, 2024 | हैदराबाद और नई दिल्ली से प्रकाशित | epaper.shubhlabhdaily.com | संपादक : गोपाल अग्रवाल | पृष्ठ : 14 | मूल्य-6 रु. | वर्ष-6 | अंक-151

पीएम मोदी ने पंजाब में लोकसभा चुनाव-2024 की आखिरी रैली को किया संबोधित

# चुनावों में भाजपा की जीत की हैट्रिक लगेगी, कांग्रेस-आपा भ्रष्ट हैं



- आज हर भारतीय विकसित भारत के सपने के साथ एकरूप हो गया
- इंडी गठबंधन वाले मेरा मुंह न खुलवाएं 7 पीढ़ी के पाप निकालकर रख दूंगा
- जब देश में दमदार सरकार होती है, तो विदेशी सरकारें भी हमारा दम देखती हैं
- आपातकाल लगाने वाले और सिख विरोधी दंगे कराने वाले संविधान की रक्षा की रट लगा रहे

**होशियारपुर (पंजाब), 30 मई (एजेंसियां)।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने लोक सभा चुनाव में सत्तारुढ गबंधन की पुन: जीत का विश्वास जताते हुए गुरुवार को भारतीय जनता पार्टी (भाजपा), संविधान और भ्रष्टाचार को लेकर कांग्रेस और उसके सहयोगियों पर तीखा प्रहार किया। उन्होंने कहा कि इंडी गठबंधन वाले मेरा मुंह न खुलवाएं, 7 पीढ़ी के पाप निकालकर रख दूंगा।

श्री मोदी ने कहा कि जिन लोगों ने आपातकाल में संविधान का गला घोटा था और जिन लोगों ने 1984 में सिख विरोधी दंगे कराए थे, वे आज संविधान की रक्षा की रट लगा रहे हैं । प्रधानमंत्री यहां भाजपा द्वारा आयोजित चुनाव रैली फतह को संबोधित कर रहे थे। उन्होंने दावा किया लोक सभा चुनाव में भाजपा के नेतृत्व वाले गठबंधन की जीत की हैट्रिक (लगातार तीसरी जीत) लगने जा रही है। श्री मोदी ने कहा, आज देश में आकांक्षाएं नई हैं, आज देश में उम्मीदें नई हैं, आज देश में आत्मविश्वास नया है। दशकों बाद ऐसा समय आया है, पूर्ण बहुमत वाली केंद्र सरकार हैट्रिक लगाने जा रही है। इसकी सबसे बड़ी वजह है विकसित भारत का सपना। उन्होंने कहा कि आज हर भारतीय विकसित भारत के सपने के साथ एकरूप हो गया है ▶9 पर

## पीएम मोदी ने भगवती अम्मन मंदिर में किया दर्शन-पूजन

### एक जून की शाम तक ध्यान साधना करेंगे



**नई दिल्ली, 30 मई (एजेंसियां)।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी अपनी चुनावी व्यस्तताओं के बाद तमिलनाडु के कन्याकुमारी में ध्यान-साधना करने पहुंचे हैं। पीएम मोदी ने कन्याकुमारी पहुंचने के बाद भगवती अम्मन मंदिर में प्रार्थना और पूजा-अर्चना की। प्रधानमंत्री मोदी आज विवेकानंद मेमोरियल के ध्यान मंडपम में आज शाम से 1 जून की शाम तक ध्यान करेंगे। पीएम मोदी उसी स्थान पर दिन-रात ध्यान करेंगे, जहां कई दशकों पहले स्वामी विवेकानंद ने ध्यान किया था। ऐसी मान्यता है कि इस स्थान पर देवी पार्वती ने एक पैर पर खड़े होकर साधना की थी।

उनके प्रवास के लिये सुरक्षा के भारी इंतजाम किये गये हैं। बता दें कि प्रधानमंत्री चुनाव प्रचार के अंत में आध्यात्मिक यात्राओं के लिए जाने जाते हैं। पांच साल पहले लोकसभा चुनाव 2019 का प्रचार समाप्त होने के बाद पीएम मोदी ने केदारनाथ का दौरा किया था। 2014 में उन्होंने महाराष्ट्र में छत्रपति शिवाजी महाराज से जुड़े स्थल प्रतापगढ़ का दौरा किया था। गौरतलब है कि 543 लोकसभा सीटों के लिए चुनाव 19 अप्रैल से शुरू हुए हैं। ▶9 पर

# पाकिस्तान में निष्पक्ष नजरिया उभर रहा है : विदेश मंत्रालय



- नवाज ने कहा था- हमने लाहौर समझौता तोड़ा, इसके चलते 1999 में करगिल युद्ध हुआ
- पीओके भारत का अभिन्न अंग है, बंकर एवं अन्य बुनियादी सुविधाओं के निर्माण पर जताया कड़ा विरोध
- राफा में विस्थापन शिविर में नागरिक जीवन की दिल दहला देने वाली क्षति गहरी चिंता का विषय

**नई दिल्ली, 30 मई (एजेंसियां)।** भारत सरकार ने लाहौर घोषणापत्र पर पूर्व पाकिस्तानी प्रधानमंत्री नवाज शरीफ की टिप्पणियों से जुड़े सवाल पर प्रतिक्रिया दी है। विदेश मंत्रालय के प्रवक्ता रणधीर जायसवाल ने कहा, आप इस मुद्दे पर हमारी स्थिति से अवगत हैं। उन्होंने कहा, मौजूदा हालात से साफ है कि पाकिस्तान में भी एक निष्पक्ष दृष्टिकोण उभर रहा है। बता दें कि पाकिस्तान के पूर्व प्रधानमंत्री ने अपनी भूल स्वीकार करते हुए कहा था कि भारत के साथ युद्ध गलती थी और उनके देश ने लाहौर घोषणापत्र का उल्लंघन किया था।

साथ ही भारत ने पाकिस्तान के कब्जे वाले कश्मीर (पीओके) में नियंत्रण रेखा के पार चीनी सेना की मदद से बंकर एवं अन्य बुनियादी सुविधाओं के निर्माण का कड़ा विरोध करते हुए गुरुवार को कहा कि पूरा पीओके भारत का अभिन्न अंग है और यह कदम हमारी क्षेत्रीय अखंडता और संप्रभुता के खिलाफ है। विदेश मंत्रालय के प्रवक्ता रणधीर जायसवाल ने यहां नियमित ब्रीफिंग में नियंत्रण रेखा के पार चीनी सेना की मदद से बंकर एवं अन्य बुनियादी सुविधाओं के निर्माण के बारे में प्रतिक्रिया पूछे जाने पर कहा, पीओके पर हम अपनी स्थिति पर कायम हैं। पूरा जम्मू-कश्मीर और लद्दाख भारत का हिस्सा हैं, भारत का अभिन्न अंग हैं। वे अभिन्न अंग थे। वे भारत का अभिन्न अंग हैं और वे भारत का अभिन्न अंग बने रहेंगे। हम इसके पक्ष में नहीं हैं। यह हमारी क्षेत्रीय अखंडता और संप्रभुता के खिलाफ है।

पाकिस्तान के पूर्व प्रधानमंत्री नवाज शरीफ द्वारा कारगिल युद्ध की जिम्मेदारी लिये जाने का जिक्र करने पर प्रवक्ता ने कहा, आपको इस मुद्दे पर हमारी राय मालूम है। हम देख रहें हैं कि पाकिस्तान में भी, वास्तविकता पर आधारित नज़रिया सामने आ रहा है। बंगलादेश के सांसद अनवारुल अजीम अनार के कोलकाता के पास हत्या किये जाने के बारे में पूछे जाने पर श्री जायसवाल ने कहा कि मामले की जांच चल रही है। दोनों देशों की कानून प्रवर्तन एजेंसियां समन्वय कर रही हैं और मामले में आवश्यक सूचनाओं का आदान-प्रदान किया जा रहा है। जांच में सरकार बंगलादेश पक्ष को आवश्यक सहयोग दे रही है।

अमेरिका में रहने वाले खालिस्तानी आतंकवादी गुरपतवंत सिंह पन्नू की हत्या की कथित साजिश की जांच के बारे में पूछे जाने पर उन्होंने कहा कि जांच के लिए समिति गठित हो चुकी है और जांच जारी है। इस से अधिक और कुछ नहीं कहा जा सकता है। इसी मामले में आरोपी निखिल गुप्ता के प्रत्यर्पण मामले पर उन्होंने कहा, हम समझते हैं कि चेक गणराज्य की संवैधानिक अदालत ने निखिल गुप्ता के प्रत्यर्पण की स्वीकार्यता पर संबंधित अदालतों के पहले के फैसलों को बरकरार रखा है। हमें इसके बाद की कार्रवाई के किसी फैसले के बारे में जानकारी नहीं है। ▶9 पर

# जम्मू में बस खाई में गिरी, 22 तीर्थयात्रियों की मौत, 64 घायल

### राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू, पीएम मोदी और जम्मू कश्मीर के उपराज्यपाल मनोज सिन्हा ने जताया दु:ख




**जम्मू, 30 मई (एजेंसियां)।** जम्मू-कश्मीर के रियासी जिले में शिव खोरी दर्शन के लिए तीर्थयात्रियों को लेकर जा रही एक बस गुरुवार को शहर के बाहरी इलाके अखनूर में कालीधार के पास गहरी खाई में गिर गयी, जिससे 22 लोगों की मौत हो गयी और 64 अन्य घायल हो गये।

पुलिस सूत्रों ने बताया कि उत्तर प्रदेश पंजीकरण संख्या वाली एक बस आज अपराह्न जम्मू से शिव खोरी तीर्थस्थल की ओर जा रही थी। यह जम्मू-पुंछ राष्ट्रीय राजमार्ग पर चौकी चौरा-कालीधार के पास अखनूर इलाके में दुर्घटनाग्रस्त हो गयी। उन्होंने बताया कि चालक मोड़ पर वाहन पर नियंत्रण नहीं रख सका और बस खाई में लुढ़क गयी। सूचना मिलते ही पुलिस, स्थानीय लोग और स्वास्थ्य विभाग की टीम तुरंत हरकत में आयी और मौके पर पहुंचकर बचाव अभियान शुरू कर दिया। सूत्रों ने बताया कि शुरुआती जानकारी के अनुसार, 22 लोगों की मौत हो गयी है और 64 लोग घायल हुए हैं। घायलों को अखनूर, चौकी चौरा और जम्मू जीएमसी अस्पतालों में भेजा जा गया है। प्रारंभिक जानकारी के अनुसार, उत्तरप्रदेश के हाथरस की यह बस हरियाणा के ▶9 पर

## अग्निबाण एसओआरटीईडी-01 का सफल प्रक्षेपण

### इसमें दुनिया का पहला 3डी प्रिंटेड इंजन



**नई दिल्ली, 30 मई (एजेंसियां)।** भारतीय अंतरिक्ष अनुसंधान संगठन (इसरो) ने गुरुवार को बताया है कि स्पेस स्टार्टअप अग्निकुल कॉसमॉस ने श्रीहरिकोटा स्थित अपने लॉन्च पैड से अग्निबाण (सबऑर्बिटल टेक डिमॉन्स्ट्रेटर) एसओआरटीईडी-01 मिशन को सफलतापूर्वक प्रक्षेपित कर दिया है। इसरो ने प्रक्षेपण को एक प्रमुख मील का पत्थर करार देते हुए अग्निकुल कॉसमॉस को भी इस उपलब्धि के लिए बधाई दी। प्रधानमंत्री ने कहा, अग्निबाण एसओआरटीईडी-01 मिशन के प्रक्षेपण पैड से सफल प्रक्षेपण के लिए अग्निकुल कॉसमॉस को बधाई। यह इंजन परीक्षण अग्निकुल के अपने डेटा अधिग्रहण प्रणालियों और उड़ान कंप्यूटरों द्वारा संचालित है, जो 100 प्रतिशत इन-हाउस डिजाइन किए गए थे। ▶9 पर

## एसएंडपी की रिपोर्ट को भाजपा ने बताया केंद्र सरकार की सफलता



**नई दिल्ली, 30 मई (एजेंसियां)।** एसएंडपी ग्लोबल रेटिंग द्वारा भारत की अर्थव्यवस्था को लेकर अच्छा संकेत देने के बाद भाजपा ने इसे केंद्र सरकार की नीतियों की सफलता करार दिया है। इसके साथ ही विपक्ष को आड़े हाथों लिया है। बता दें कि 10 वर्षों के अंतराल के बाद एसएंडपी ग्लोबल रेटिंग ने भारत के परिदृश्य को स्थिर से सकारात्मक किया है। एसएंडपी ने यह भी कहा है कि आने वाले दो से तीन वर्षों में भारत की साख को बढ़ाया जा सकता है।

भाजपा प्रवक्ता सैयद जफर इस्लाम का कहना है कि बीते दस वर्षों में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी द्वारा लिए गए निर्णयों की वजह से ऐसा संभव हो सकता है। उन्होंने कहा कि यह केंद्र सरकार की नीतियों पर सफलता की मुहर है। भाजपा नेता ने आगे कहा कि वैश्विक एजेंसियों को पीएम मोदी के विकसित भारत का संकल्प समझ में आने लगा है। सैयद जफर इस्लाम के अनुसार केंद्र सरकार की नीतियों और निर्णयों ने देश को आगे बढ़ाने का काम किया है।

भाजपा प्रवक्ता ने विपक्ष पर निशाना साधते हुए कहा 'विपक्षी दलों को यह नहीं दिखेगा क्योंकि उनकी आंखों में पट्टी बंधी है। भले ही राहुल गांधी और विपक्ष के नेताओं ने आंखों पर पट्टी बंधी है लेकिन वैश्विक एजेसियों के साथ ऐसा नहीं है।वैश्विक एजेंसियों को साफ तौर पर भारत की अर्थव्यवस्था की प्रगति दिख रही है। इसलिए उन्होंने भारत के परिदृश्य को सकारात्मक करार दिया है।' उन्होंने आगे कहा कि जनता भी पीएम मोदी के नेतृत्व में देश का विकास देख रही है। सैयद जफर इस्लाम ने दावा किया है कि इस बार लोकसभा चुनाव में देश की जनता ने सुनिश्चित कर लिया है कि भाजपा को बहुमत के साथ जीत दिलानी है।

मनी लॉन्ड्रिंग मामले में ईडी की बड़ी कार्रवाई

## मनोरंजन कंपनी की 290 करोड़ रुपए से अधिक की संपत्ति कुर्क




**नई दिल्ली, 30 मई (एजेंसियां)।** प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) ने गुरुवार को एक बड़ी कार्रवाई की। नोएडा सेक्टर 18 के मशहूर ग्रेट इंडिया पैलेस (जीआईपी) मॉल समेत पर मनोरंजन सेवाएं देने वाली कंपनी पर कानूनी शिकंजा कसा गया है। जीआईपी मॉल के कुछ हिस्से को अटैच किया गया है। ईडी ने इंटरनेशनल एम्यूजमेंट लिमिटेड (आईआरएल की होल्डिंग कंपनी) से संबंधित 290 करोड़ की संपत्तियां कुर्क की हैं। इसके दायरे में जीआईपी मॉल भी आया है।

एंटरटेनमेंट सिटी लिमिटेड के तहत आने वाला नोएडा का जीआईपी मॉल करीब 3,93,737.28 स्कायर फुट की कमर्शियल जगह पर बना है। हर दिन बड़ी संख्या में लोग मॉल में घूमने और शॉपिंग करने पहुंचते हैं। ऐसे में ईडी की यह कार्रवाई किसी झटके से कम नहीं है। ईडी का शिकंजा रोहिणी के एडवेंचर आइलैंड पर भी कसा है। ▶9 पर

### कार्टून कॉर्नर




### सर्राफ़ा बाज़ार



(24 कैरेट गोल्ड)

सोना : 74,620/- (प्रति 10 ग्राम)

चाँदी : 96,060/- (प्रति किलोग्राम)

# लोक सभा के सातवें एवं अंतिम चरण का चुनाव प्रचार थमा



**आठ राज्यों और केन्द्र शासित प्रदेश चंड़ीगढ़ सहित 57 संसदीय सीटों के लिये शनिवार को होगा मतदान**

**पीएम मोदी, कंगना रनौत, अनुराग ठाकुर, रवि किशन, रवि शंकर प्रसाद सहित कई दिग्गजों की किस्मत का होगा फैसला**

**नई दिल्ली, 30 मई (एजेंसियां)।** भीषण गर्मी और राजनीतिक दलों के एक-दूसरे के खिलाफ तीखे बयानों से भरा अठारहवीं लोक सभा चुनाव के लिये करीब दो महीने तक चला चुनाव प्रचार का सिलसिला गुरुवार शाम छह बजे थम गया। इन चुनावों में सातवें एवं अंतिम चरण में आठ राज्यों और केन्द्र शासित प्रदेश चंड़ीगढ़ सहित 57 संसदीय सीटों के लिये मतदान शनिवार को होगा। इसके साथ ही उसी दिन ओडिशा विधानसभा के चौथे और अंतिम चरण में 42 सीटों के लिये मतदान कराया जायेगा। नियमों के तहत इन सीटों पर सार्वजनिक प्रचार अभियान मतदान समाप्त होने के 48 घंटे पहले आज शाम छह बजे शाम छह बजे थम गया। लोकसभा चुनाव के अंतिम चरण में एक जून को मतदान होना है। इस चरण में प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी, बॉलीवुड अभिनेत्री कंगना रनौत, अनुराग ठाकुर, रवि किशन, रवि शंकर प्रसाद, संजय टंडन, कांग्रेस के अखिलेश प्रताप सिंह, अजय राय, तृणमूल कांग्रेस महासचिव अभिषेक बनर्जी, पंजाब के पूर्व मुख्यमंत्री चरणजीत सिंह चन्नी और भोजपुरी कलाकार पवन सिंह समेत कई केंद्रीय मंत्रियों की किस्मत का फैसला इलेक्ट्रॉनिक वोटिंग मशीन में बंद होगा।

प्रचार अभियान में भाजपा के नेतृत्व वाले सत्तारूढ़ गठबंधन ने कांग्रेस और अन्य दलों के इंडिया समूह पर परिवारवाद, तुष्टिकरण और भ्रष्टाचार को लेकर आक्रमण किया। विपक्ष ने भाजपा नीत सरकार पर चुनावी बाँड में भ्रष्टाचार, धार्मिक विभाजन की राजनीति और विपक्षी नेताओं के खिलाफ जांच एजेंसियों के इस्तेमाल के साथ-साथ संविधान को बदलने का मंसूबा रखने के आरोप लगाये।

सातवें चरण के आम चुनाव के लिये सत्तारूढ़ राष्ट्रीय जनतांत्रिक गठबंधन (राजग) और विपक्षी इंडिया समूह के स्टार प्रचारकों के अलावा उनके घटक दल के नेताओं ने अपने उम्मीदवारों के लिये सार्वजनिक सभाओं और रोड-शो आदि के माध्यम से जम कर प्रचार किया। निष्पक्ष और स्वतंत्र चुनाव के लिये चुनाव आयोग की व्यवस्था के अनुसार सार्वजनिक प्रचार अभियान मतदान की अवधि समाप्त होने के 48 घंटे पहले बंद कर दिया जाता है। इसके बाद प्रत्याशी और उनके समर्थक निजी स्तर पर संपर्क कर मतदाताओं का समर्थन जुटा सकते हैं।

सातवें चरण में 57 लोकसभा सीटों पर 904 उम्मीदवार अपनी किस्मत आजमा रहे हैं। इस चरण में केन्द्रशासित प्रदेश चंड़ीगढ की एक सीट के लिये मतदान कराया जायेगा। इसके अलावा ओडिशा विधानसभा की कुल 147 सीटों के चुनाव के अंतिम चरण में 42 सीटों पर मुकाबला सत्तारूढ बीजू जनता दल (बीजद), भाजपा और कांग्रेस के बीच है। राज्य विधानसभा के चुनाव के पहले, दूसरे और तीसरे चरण में 13 मई को 28 और 20 मई को 35 और 25 मई को 42 सीटों पर वोट डाले गये थे।

सातवें एवं अंतिम चरण में उत्तर प्रदेश की 13 सीटों पर 144, पंजाब की 13 सीटों पर 328, पश्चिम बंगाल की नौ सीटों के लिये 124, बिहार की आठ सीटों पर 134, ओडिशा की छह सीटों पर 66, हिमाचल प्रदेश की चार सीटों पर 37, झारखंड की तीन सीटों पर 52 और केन्द्रशासित प्रदेश चंड़ीगढ की एक सीट पर 19 उम्मीदवार अपनी किस्मत आजमा रहे हैं। ▶9 पर


TIBCON CAPACITORS
It`s all about SAVING ENERGY AND MONEY
GARG
Garg Power Products Pvt. Ltd.
Cell : +91 99 12 4444 26
+91 99 48 1234 59

### मौसम हैदराबाद

अधिकतम : 39°

न्यूनतम : 29°





# पूर्व राष्ट्रपति ट्रंप का बड़ा ऐलान, टेस्ला सीईओ एलन मस्क को बनाएंगे व्हाइट हाउस का सलाहकार

**वॉशिंगटन, 30 मई (एजेंसियां)।**

अमेरिका में कुछ ही महीनों में राष्ट्रपति चुनाव होना है। ऐसे में सभी उम्मीदवार जोर-शोर से अपना प्रचार प्रसार कर रहे हैं। इन लोगों को समर्थन करने वाले भी खुलकर अपने विचार रख रहे हैं। इस बीच, पूर्व राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने कुछ ऐसी इच्छा जाहिर कर दी है, जिसे सुनकर हर कोई दंग है। दरअसल, एक रिपोर्ट में दावा किया गया कि ट्रंप व्हाइट हाउस में अपने सलाहकार के तौर पर टेस्ला के सीईओ एलन मस्क को नियुक्त करने पर विचार कर रहे हैं। हालांकि, ट्रंप ने टेस्ला सीईओ को सलाहकार बनाने के फैसले को फिलहाल अंतिम रूप नहीं दिया है। वह इस बात पर विचार कर रहे हैं कि मस्क सीमा, अर्थव्यवस्था और मतदान धोखाधड़ी को रोकने जैसे मामलों पर औपचारिक इनपुट कैसे दे सकते हैं। फोन पर की बातचीत मस्क और ट्रंप एक दूसरे के साथ गर्मजोशी के साथ बात कर रहे हैं। मीडिया रिपोर्ट के अनुसार, दोनों लोगों ने एक दूसरे से एक महीने के अंदर कई बार फोन पर बात की है। इतना ही नहीं, मस्क और अरबपति निवेशक नेलसन पेल्ट्ज ने ट्रंप के साथ इस बात पर भी चर्चा की कि कॉर्पोरेट अधिकारियों को राष्ट्रपति जो बाइडन का समर्थन नहीं करने के लिए कैसे मनाया जाए। कॉर्पोरेट अधिकारियों को बाइडन के समर्थन में नहीं जाने के लिए नबंवर में एक अभियान शुरू किया गया था। बाइडन का विरोध किया स्पेस एक्स के निर्माता और सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स के मालिक ने सार्वजनिक रूप से बाइडन का विरोध किया है। पहले अटकलें लगाई जा रही थीं कि क्या एलन मस्क डोनाल्ड ट्रंप को अपना समर्थन देंगे या मौजूदा राष्ट्रपति जो बाइडन को। हालांकि, मस्क ने इन अटकलों पर विराम लगा दिया था। उन्होंने कहा था कि उनकी किसी भी अमेरिकी राष्ट्रपति पद के उम्मीदवार को पैसा दान करने की कोई योजना नहीं है। एक्स पर किया था पोस्ट सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पर मस्क ने इस बात का एलान किया था। उन्होंने लिखा था, बस पूरी तरह से स्पष्ट होने के लिए आपको बता रहा हूं कि मैं अमेरिकी राष्ट्रपति के लिए किसी भी उम्मीदवार को पैसा दान नहीं कर रहा हूं। दो दिन पहले ट्रंप से मिले थे बता दें, यह सफाई ऐसे समय में सामने आई थी, जब फ्लोरिडा में दो दिन पहले ही एलन मस्क ने अमेरिका के पूर्व राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप से मुलाकात की थी।

## न्यूज ब्रीफ

### पाकिस्तान की फिर किरकिरी, चोरी की मोटरसाइकिल बेचते पकड़ा गया पुलिसकर्मी, स्टिंग ऑपरेशन में खुलासा



**इस्लामाबाद ।** पाकिस्तान में कराची के एंटी-व्हीकल लिफ्टिंग सेल (एवीएलसी) में तैनात एक पुलिस उपाधीक्षक (डीएसपी) को चोरी की मोटरसाइकिल बेचते हुए पकड़ा गया। मीडिया रिपोर्ट में यह चौंकाने वाला खुलासा हुआ है। दरअसल, एक मीडिया हाउस ने एवीएलसी कार्यालय में एक स्टिंग ऑपरेशन किया। इसमें डीएसपी निजाबत हुसैन की अवैध गतिविधियों का खुलासा हुआ। अवैध सौदों से संबंधित सभी बातचीत और लेनदेन रिकॉर्ड स्टिंग के दौरान पता चला कि डीएसपी हुसैन चोरी के बाद बरामद मोटरसाइकिलों को उनके असली मालिकों को बताए बिना चोरी-छिपे बेच रहे थे। लोग उन पर आपराधिक गतिविधियों में कथित संलिप्तता के आरोप भी लगाते रहे हैं और उनके खिलाफ शिकायतें दर्ज कराते रहे हैं। स्टिंग ऑपरेशन में टीम डीएसपी हुसैन से दो मोटरसाइकिलें खरीदने में सफल रही, जिसमें अवैध सौदों से संबंधित सभी बातचीत और लेनदेन को रिकॉर्ड किया गया। मामले की तत्काल जांच शुरू की गई स्टिंग ऑपरेशन से जुड़े एक शख्स ने बताया कि बजट की कमी के कारण टीम केवल चोरी की मोटरसाइकिलें ही हासिल कर सकी। हालांकि, डीएसपी हुसैन चोरी को भी बेचा करते थे। इस स्टिंग ऑपरेशन से पूरे पुलिस विभाग में हाहाकार मच गया और मामले की तत्काल जांच शुरू की गई। निजाबत हुसैन कर्तव्यों से मुक्त वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक (एसएसपी) एवीएलसी आरिफ असलम राव ने डीएसपी निजाबत हुसैन को तुरंत उनके कर्तव्यों से मुक्त कर दिया और जांच शुरू कर दी। यह घटना न केवल कुछ कानून प्रवर्तन अधिकारियों की ईमानदारी पर सवाल उठाती है, बल्कि आपराधिक गतिविधियों में उनकी संभावित संलिप्तता को भी उजागर करती है। पहले भी सामने आई थी ऐसी घटना बता दें कि मार्च की शुरुआत में एक अन्य कानून प्रवर्तन अधिकारी पुलिस उप महानिरीक्षक (डीएसपी) अहमद करीम जिलानी को गुटखा और अन्य नशीले पदार्थों की तस्करी में रंगे हाथों गिरफ्तार किया गया था। रिपोर्ट के अनुसार, तत्कालीन सिंध पुलिस महानिरीक्षक (आईजीपी) रिफ्फत मुख्तार ने त्वरित कार्रवाई करते हुए जिलानी को निलंबित कर दिया था और जांच के आदेश दिए थे।

### घातक टर्बुलेंस के बाद इनफ्लाइट सर्विस प्रोटोकॉल में बदलाव




**सिंगापुर ।** लंदन से सिंगापुर जा रहे एक विमान में हाल ही में अचानक भीषण टर्बुलेंस हुआ था, जिसकी वजह से एक यात्री की मौत हो गई थी। जबकि कई घायल हो गए थे। इस घटना के बाद सिंगापुर एयरलाइंस (एसआईए) ने अपनी सेवाओं में कुछ बदलाव किए, जिस पर अब सवाल खड़े होने लगे हैं। अक्सर यात्रा करने वाले कुछ लोगों ने इसे जल्दबाजी में उठाया कदम बताया है। इन नए बदलाव से यात्रियों के साथ-साथ चालक दल के सदस्यों में भी तनाव बढ़ रहा है। 21 मई को हुआ था हादसा सिंगापुर से लंदन जा रही उड़ान एसक्यू321 को 21 मई को अचानक एयर टर्बुलेंस का सामना करना पड़ा था, जब विमान में नाश्ता परोसा जा रहा था। इस घटना में ब्रिटेन के 73 वर्षीय एक शख्स की मौत हो गई थी और 60 यात्री घायल हो गए थे। इसके बाद सिंगापुर एयरलाइन्स ने सुरक्षा उपाए करते हुए अपने विमानों में उड़ान के बीच कुर्सी की पेटी बांधे रखने के संकेत जारी रहने के दौरान भोजन परोसे जाने की सेवाओं पर पाबंदी लगा दी। अब यह किए बदलाव पहले कुर्सी की पेटी बांधे रखने के संकेत जारी रहने के दौरान सिर्फ गर्म पानी और सूप परोसने की अनुमति नहीं थी। बाकी सेवाएं जारी रहती थीं। हालांकि अब भोजन सेवा पर पूरी तरह से रोक लगाई जा रही है।मीडिया रिपोर्ट में कहा गया, इस कदम से यात्री और चालक दल परेशान हैं। यात्रियों और चालक दल की प्रतिक्रियाएं यूरोप से आने वाली उड़ानें अंडमान सागर के एक हिस्से से गुजरती हैं, जिसे अशांति के लिए जाना जाता है। मीडिया रिपोर्ट में चालक दल के सदस्यों और यात्रियों से बात की गई है। एक चालक सदस्य ने बताया कि हाल ही में सिंगापुर-भारत मार्ग पर उसकी साढ़े तीन घंटे की उड़ान के दौरान एक घंटे से अधिक समय तक एयर टर्बुलेंस रही। इसकी वजह से केबिन क्रू को बहुत ही कम समय में यात्रियों को खाना देना पड़ा। चालक सदस्य ने कहा, कुछ यात्रियों को यह समझ नहीं आ रहा कि सेवा नीति में बदलाव क्यों महत्वपूर्ण हैं।

# सात अक्तूबर को आपकी निगाहें कहां थीं, इजराइल ने राफा के समर्थन में आए लोगों से किया सवाल









**यरूशलम, 30 मई (एजेंसियां)।**

**इजराइल-हमास में जारी संघर्ष के बीच सोशल मीडिया पर सभी की निगाहें राफा पर (ऑल आइज ऑन राफा) काफी ज्यादा ट्रेंड कर रहा है। कई मशहूर हस्तियों, खिलाड़ियों और अन्य सोशल मीडिया यूजर्स ने भी अपनी स्टोरी पर इसे साझा किया। इसका संदर्भ राफा पर किए गए इजराइली हवाई हमले से है, जिसमें बच्चे समेत 45 नागरिकों की मौत हो गई थी। हमास को नष्ट करने के लिए इजराइली सेना राफा पर जो हमले किए, उसने अंतरराष्ट्रीय स्तर पर ध्यान आकर्षित किया है। दुनिया के कोने कोने से लोगों ने ऑल आइज ऑन राफा पोस्ट का इस्तेमाल अपने सोशल मीडिया पर किया।**

सोशल मीडिया पर ट्रेंड होने के बाद इजराइल ने इस पर प्रतिक्रिया दी। इजराइल ने सोशल मीडिया यूजर्स से पूछा कि जब हमास ने इजराइल पर हमला किया, तब उन्होंने इसे लेकर कुछ पोस्ट क्यों नहीं किया था


पिछले साल सात अक्तूबर को हमास ने इजराइल में घुसकर हमले किए, जिसमें लगभग 1,160 लोगों की मौत हो गई थी। मरने वालों में ज्यादातर इजराइली नागरिक ही शामिल थे। हमले के बाद हमास के आतंकी 250 से ज्यादा इजराइली और विदेशियों को बंधक बनाकर गाजा ले गए। हालांकि, इस संघर्ष के बीच हमास ने कुछ बंधकों को रिहा भी कर दिया था, लेकिन इजराइल का मानना है कि अभी भी 99 बंधक हमास के कब्जे में हैं। बंधकों में 31 की मौत हो गई।

### नेतन्याहू सरकार का पलटवार

इजराइल के राष्ट्रपति बेंजामिन नेतन्याहू की सरकार ने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पर ऑल आइज ऑन राफा को लेकर प्रतिक्रिया दी। उन्होंने एक तस्वीर के साथ पोस्ट साझा किया, जिसमें लिखा था, सात अक्तूबर को आपकी निगाहें कहां थी नेतन्याहू की सरकार ने अपने पोस्ट में लिखा, हम सात अक्तूबर के बारे में बात करना कभी नहीं भूलेंगे। हम बंधकों के लिए लड़ना कभी नहीं भूलेंगे। उन्होंने हमास के आतंकी के साथ एक बच्चे की तस्वीर साझा की।

बता दें इंस्टाग्राम पर करीब 450 लाख लोगों ने ऑल आइज ऑन राफा को अपने पोस्ट और स्टोरी पर साझा किया। ऑल आइज ऑन राफा कैप्शन के साथ जो तस्वीर साझा की गई, उसमें राफा के दृश्य का वर्णन किया गया है। यह तस्वीर उन हजारों फलस्तीनियों की ओर इशारा करती है, जो गाजा पर इजराइली सेना के हमले के बाद बचने के लिए राफा भाग गए थे।

# अफगानिस्तान की नई सरकार को मान्यता देंगे पुतिन, चीन के बाद रूस ने दिए बड़े संकेत



**काबुल, 30 मई (एजेंसियां)।**


अफगानिस्तान का भविष्य क्या होगा इसे लेकर क्षेत्र के देशों और इंटरनेशनल ताकतों के बीच एक आम सहमति थी। अमेरिका, चीन, रूस, भारत, पाकिस्तान और ईरान समेत अन्य प्रमुख शक्तियों के बीच इस बात पर आम सहमति थी कि तालिबान सरकार को तब तक मान्यता नहीं दी जाएगी, जब तक वह कुछ शर्तों को पूरा नहीं कर लेता। इन शर्तों में समावेशी सरकार बनाना, महिलाओं और मानवाधिकारों का सम्मान करना और अफगान धरती को आतंकी समूहों के इस्तेमाल के लिए इस्तेमाल न होने देना शामिल है।

अब अफगान तालिबान के साथ एक और देश पूर्ण संबंध स्थापित करने के करीब पहुंच गया है। रूस, जिसे कभी अफगान मुजाहिदीन के हाथों हार का सामान करना पड़ा, उसने तालिबान सरकार को मान्यता का संकेत दिया है। पहले कदम के तहत रूसी न्याय और विदेश मंत्रालय ने राष्ट्रपति पुतिन से अफगान तालिबान को आतंकी संगठनों की लिस्ट से हटाने की सिफारिश की। रूस ने 2003 में अफगान तालिबान पर प्रतिबंध लगा दिया था। अगर रूस प्रतिबंध हटा लेता है, तो तालिबान सरकार की संभावित मान्यता का रास्ता साफ हो जाएगा।राष्ट्रपति पुतिन ने इस सप्ताह कहा कि अफगान तालिबान एक वास्तविकता है। वहीं रूसी सुरक्षा परिषद के उपाध्यक्ष ने कहा कि मॉस्को तालिबान सरकार के साथ पूर्ण संबंध स्थापित करने के करीब है। दिमित्री मेदवेदेव ने कहा कि तालिबान अब सत्ता में हैं और हम उनके साथ पूर्ण संबंध स्थापित करने के करीब हैं। मेदवेदेव ने कहा कि पिछले 20 वर्षों में स्थिति बदल गई है। तालिबान को एक समय आतंकी माना जाता था, लेकिन अब चीजें अलग हैं। अफगानिस्तान में रूस के विशेष दूत जमीर काबुलोव ने कहा कि सत्ता में आने के बाद तालिबान ने मान्यता पाने की दिशा में एक लंबा सफर तय किया है। उन्होंने आगे कहा कि अभी भी कुछ बाधाएं हैं, जिन पर काबू पाना बाकी है। बता दे कि पाकिस्तान उन तीन देशों में से एक था।

# 14 लोकतंत्र समर्थक कार्यकर्ता दोषी करार, शहर के सबसे बड़े राष्ट्रीय सुरक्षा मामले में फैसला

**हॉन्गकॉन्ग, 30 मई (एजेंसियां)।**

हॉन्गकॉन्ग में एक बार फिर कई लोकतंत्र समर्थक कार्यकर्ताओं को दोषी ठहराया गया है। हॉन्गकॉन्ग की एक अदालत ने बीजिंग द्वारा लागू कानून के तहत राष्ट्रीय सुरक्षा के सबसे बड़े मामले में 14 लोकतंत्र समर्थकों को दोषी करार दिया।



### इन लोगों को ठहराया दोषी

बता दें, जिन लोगों को दोषी ठहराया गया है उनमें पूर्व सांसद लेउंग वोक-हंग, लैम चेउक-टिंग, हेलेना वोंग और रेमंड चैन शामिल हैं। दोषी ठहराए गए लोगों को उम्रकैद की सजा का सामना करना पड़ सकता है। हालांकि, सरकार द्वारा गठित तीन न्यायाधीशों की समिति ने पूर्व जिला काउंसलर ली यू-शून और लॉरेंस लाउ को बरी कर दिया। क्या था मामला साल 2021 में एक अनौपचारिक प्राथमिक चुनाव में शामिल पाए जाने के लिए 47 लोकतंत्र समर्थकों के खिलाफ मुकदमा चलाया गया था। अभियोजन पक्ष ने इन समर्थकों पर हॉन्गकॉन्ग सरकार को पंगु बनाने और जरूरी बहुमत हासिल कर शहर के नेता को गिराने का प्रयास करने का आरोप लगाया था। विपक्ष को कुचलने के लिए सुरक्षा कानून का इस्तेमाल किया जा रहा बता दें, चीन ने साल 2019 में हॉन्गकॉन्ग में महीनों चले सरकार विरोधी प्रदर्शनों के बाद संशोधित राष्ट्रीय सुरक्षा कानून लागू किया था। पर्यवेक्षकों ने कहा कि यह मामला दिखाता है कि वर्ष 2019 में बड़े पैमाने पर सरकार विरोधी प्रदर्शनों के बाद विपक्ष को कुचलने के लिए कैसे सुरक्षा कानून का इस्तेमाल किया जा रहा है। हालांकि बीजिंग और हॉन्गकॉन्ग की सरकार ने इस बात पर जोर दिया कि इस कानून ने शहर में स्थिरता वापस लाने में मदद की है और न्यायिक स्वतंत्रता की रक्षा की जा रही है।


# उत्तर कोरिया ने पूर्वी तट की ओर दागीं बैलिस्टिक मिसाइलें, घबराए दक्षिण कोरिया का दावा

**सियोल, 30 मई (एजेंसियां)।**

उत्तर कोरिया अपनी हरकतों से बाज नहीं आ रहा है। तानाशाह किम जोंग उन ने हाल ही में जंगी अभ्यास करके किम ने अमेरिका और जापान के समक्ष अपने आक्रामक इरादे जाहिर किए थे। इस बीच, उत्तर कोरिया ने एक बार फिर उकसावे वाला काम किया है। उत्तर कोरिया ने पूर्वी समुद्र तट की ओर एक बैलिस्टिक मिसाइल दागी है। इससे क्षेत्र में एक बार फिर तनाव फैल गया है।

### उत्तर कोरिया ने दागी बैलिस्टिक मिसाइल

दक्षिण कोरिया के 'ज्वाइंट चीफ ऑफ स्टाफ' ने कहा कि उत्तर कोरिया ने अपनी राजधानी प्योंगयांग के पास समुद्र की ओर कम दूरी की 10 संदिग्ध मिसाइलें दागी हैं। इसे लेकर हमारी सेना ने निगरानी और सतर्कता बढ़ा दी है। उन्होंने आगे कहा कि वह अमेरिका एवं जापान के साथ सूचनाएं साझा कर रहे हैं।



### जापान ने समुद्री सुरक्षा परामर्श जारी किया

जापान के रक्षा मंत्रालय से मिली जानकारी का हवाला देते हुए जापान के तटरक्षक बल ने समुद्री सुरक्षा परामर्श जारी किया। तटरक्षक बल ने कहा कि उत्तर कोरिया ने संभावित बैलिस्टिक मिसाइलें दागी हैं। माना जा रहा कि संदिग्ध मिसाइल अबतक नीचे आ गई होंगी। इसलिए जहाजों से अनुरोध है कि अगर उन्हें कोई गिरी हुई वस्तु मिलती है तो वे सावधानी बरतें। जानमाल के नुकसान की तत्काल कोई खबर नहीं है। बता दें कि उत्तर कोरिया लगातार मिसाइल परीक्षण करके कोरियाई प्रायद्वीप में तनाव बढ़ा रहा है। उत्तर कोरिया ने बैलिस्टिक मिसाइलों का परीक्षण किया था। किम जोंग उन की निगरानी में उत्तर कोरिया सैन्य क्षमताओं में लगातार विस्तार कर रहा है। इस बीच, अमेरिका और दक्षिण कोरिया ने जापान को साथ लेकर विशेष सैनिक अभ्यास शुरू किए हैं।

### सैकड़ों कचरा ले जाने वाले गुब्बारे उड़ाए

बताया जा रहा है कि यह मिसाइलें ऐसे समय में दागी गईं, जब उत्तर कोरिया ने दक्षिण कोरिया की ओर सैकड़ों कचरा ले जाने वाले गुब्बारे उड़ाए। यह कार्रवाई दक्षिण कोरियाई कार्यकर्ताओं द्वारा सीमा पार उत्तर कोरिया विरोधी प्रचार पत्रक उड़ाने के जवाब में की गई है। उत्तर कोरिया के नेता किम जोंग उन ने भी दक्षिण कोरिया के खिलाफ भारी कार्रवाई की चेतावनी दी है।

# श्रीलंका में राष्ट्रपति चुनाव कराए जाने पर विवाद, पीएम बोले- आम चुनाव टालने पर नहीं हुई थी चर्चा

**कोलंबो, 30 मई (एजेंसियां)।**

**श्रीलंका के आर्थिक हालात तो सुधर रहे हैं, लेकिन यहां की राजनीति उतनी ही उलझती जा रही है। यहां इस साल होने वाले राष्ट्रपति चुनाव को लेकर कई अटकलें बनी हुई हैं। हालांकि, अब प्रधानमंत्री दिनेश गुणवर्धने ने साफ कर दिया है। उन्होंने राष्ट्रपति रानिल विक्रमसिंघे की पार्टी द्वारा राष्ट्रपति और आम चुनाव टालने के विवादास्पद प्रस्ताव को गैरजिम्मेदाराना करार दिया। साथ ही कहा कि श्रीलंका सरकार ने राष्ट्रपति चुनाव टालने के लिए किसी भी समय चर्चा नहीं की थी।**



### आम चुनावों को दो साल स्थगित करने का प्रस्ताव

गौरतलब है, यहां के चुनाव आयोग ने इस महीने की शुरुआत में एलान किया था कि राष्ट्रपति चुनाव 17 सितंबर से 16 अक्तूबर के बीच कराए जा सकते हैं। इस बीच, विक्रमसिंघे की यूनाइटेड नेशनल पार्टी (यूएनपी) के महासचिव पलीथा रेंज बंदारा ने राष्ट्रपति और आम चुनावों को दो साल के लिए स्थगित करने का प्रस्ताव पेश किया। उन्होंने इस बात पर भी जोर दिया कि यदि परिस्थितियां सही रहीं तो इस प्रस्ताव को औपचारिक रूप से संसद में पेश किया जा सकता है।

### जल्दी या बाद में नहीं कराने को कहा जा सकता

गुणवर्धने ने पत्रकारों से कहा कि राष्ट्रपति चुनाव इस साल कराए जाने हैं। संविधान चुनाव आयोग को चुनाव कराने का अधिकार देता है। उन्होंने आगे कहा कि संविधान के अनुसार चुनाव आयोग के पास ऐसी शक्ति है कि वह तय तारीखों के भीतर राष्ट्रपति चुनाव करा सकता है। इसे जल्दी या बाद में नहीं कराने को कहा जा सकता। संविधान में प्रावधान हैं।

उन्होंने आगे कहा, चुनाव के लिए इस साल तारीखें हैं। लोकतंत्र की रक्षा के बारे में पूछे गए सवालों के जवाब में प्रधानमंत्री ने कहा कि सरकार ने वास्तव में लोकतंत्र को बहाल किया है।

### विरोध प्रदर्शनों का जिक्र किया

उन्होंने देश में सड़क विरोध प्रदर्शनों का जिक्र किया, जिसके कारण 2022 में राजपक्षे भाइयों को राष्ट्रपति और प्रधानमंत्री के पद से इस्तीफा देना पड़ा था। इसी को लेकर मौजूदा प्रधानमंत्री ने कहा, हमने उस रात से लोकतंत्र को बहाल किया है जब इसे नष्ट कर दिया गया था।

गुणावर्धने ने कहा कि मौजूदा संसद अगस्त 2025 तक चल सकती है। वहीं, उन्होंने यह भी बताया कि संसदीय, प्रांतीय और स्थानीय सरकार के चुनाव राष्ट्रपति चुनाव के बाद होंगे।

### किसी भी समय सरकार में चर्चा नहीं हुई

उन्होंने यूएनपी के प्रस्ताव को गैर-जिम्मेदाराना करार देते हुए कहा, कोई बिना जिम्मेदारी के क्या कहता है, जिस पर किसी भी समय सरकार में चर्चा नहीं हुई हो, देश को काम दिलाने के लिए जल्दबाजी में व्यक्त किया गया हो, उसे लोकतांत्रिक सरकार और संसद में अनुमति नहीं दी जाएगी।


### चुनाव आयोग ने भी निराशा व्यक्त की

चुनाव आयोग ने आगामी राष्ट्रपति और संसदीय चुनावों में देरी के किसी भी प्रयास पर निराशा व्यक्त की और जोर देकर कहा कि वे निर्धारित कार्यक्रम के अनुसार आगे बढ़ें। एक रिपोर्ट के मुताबिक, चुनाव आयोग के प्रमुख आरएमएएल रत्नायके ने कहा कि आयोग के रुख से सरकार को पहले ही अवगत करा दिया गया है कि राष्ट्रपति चुनाव 17 सितंबर से 16 अक्तूबर के बीच होना चाहिए, जबकि लोकसभा चुनाव 2025 में होने हैं।

# हमें आर्थिक ताकत बनना बेहद जरूरी, तभी हम विरासत को बचा पाएंगे : हरिवंश

**नई दिल्ली, 30 मई (एजेंसियां)।**

राज्यसभा के उपसभापति हरिवंश ने कहा है कि हमारे देश के समृद्ध अतीत को, बेहतर चीजों को हमें बचाकर रखना है, उससे भविष्य के लिए प्रेरणा लेनी है, तो हमें महत्त्वपूर्ण आर्थिक ताकत बनना पड़ेगा, तभी हम इस विरासत को बचा कर रख पाएंगे और इसे आगे ले जा पाएंगे।



इंदिरा गांधी कला केंद्र की ओर से हिंदी पत्रकारिता दिवस के अवसर पर आयोजित कार्यक्रम में डॉ. जवाहर कर्नावट द्वारा लिखित पुस्तक विदेश में हिंदी पत्रकारिताः 27 देशों की हिंदी पत्रकारिता का सिंहावलोकन का लोकार्पण करने के बाद श्री हरिवंश ने कहा कि यह पुस्तक विदेशों में हिंदी पत्रकारिता के 120 वर्षों का विवरण प्रस्तुत करती है, जिसे लेखक जवाहर कर्नावट ने ढाई दशकों से ज्यादा समय के श्रम और शोध से तैयार किया है। उन्होंने इस प्रकार के आयोजनों के लिए आईजीएनसीए बुक सर्किल के प्रयासों की सराहना करते हुए कहा, लोगों और बुद्धिजीवियों के बीच बौद्धिक चेतना पैदा करने का यह एक कर्मठ प्रयास है। उन्होंने कहा कि यह पुस्तक भविष्य में लिखने वाले लोगों के लिए एक संदर्भ ग्रंथ की तरह है। उन्होंने बल देकर कहा कि किसी भी देश की भाषाई पत्रकारिता को देश की आर्थिक स्थिति से ताकत मिलती है। उन्होंने कहा कि इस पुस्तक से हमें पहली प्रेरणा मिलती है कि हमारे देश के समृद्ध अतीत को, बेहतर चीजों को हमें बचाकर रखना है, उससे भविष्य के लिए प्रेरणा लेनी है, तो हमें महत्त्वपूर्ण आर्थिक ताकत बनना पड़ेगा। तभी हम इस विरासत को बचा कर रख पाएंगे और इसे आगे ले जा पाएंगे। उन्होंने अपने सम्बोधन के अंत में कहा कि यह पुस्तक समकालीन पाठकों को हिंदी पत्रकारिता के वैश्विक परिप्रेक्ष्य के बारे में शिक्षित करने वाली है, जिससे आज के समय में उनकी समझ समृद्ध होगी।

पुस्तक का लोकार्पण राज्यसभा के उपसभापति हरिवंश, आईजीएनसीए के अध्यक्ष रामबहादुर राय, सप्रे संग्रहालय, भोपाल के संस्थापक पद्मश्री विजयदत्त श्रीधर, आईजीएनसीए के डीन (प्रशासन) एवं कलानिधि प्रभाग के विभागाध्यक्ष प्रो. रमेश चंद्र गौड़, वैश्विक हिंदी परिवार के अध्यक्ष अनिल जोशी और श्रीमती अलका सिन्हा ने किया। इस अवसर पर पुस्तक के लेखक भी उपस्थित थे।

इस अवसर पर श्री राय ने अपने सम्बोधन की शुरुआत में लेखक से अनुरोध किया कि पुस्तक का अगला संस्करण आए, तो इसका नाम दुनिया भर में हिंदी पत्रकारिता कर देना चाहिए। उन्होंने बताया कि सिंगापुर में हिंदी पत्रकारिता की शुरुआत सैनिकों ने की थी। उन्होंने कहा, पुस्तक पढ़ते समय आपको लगेगा कि हिंदी पत्रकारिता प्रेम का धागा है, जो दुनिया में भारत से चलता है और भारत आकर पहुंचता है। ये एक वर्तुल बनाता है।

वहीं श्री श्रीधर ने कहा कि पत्रकारिता की एक परिभाषा बताई गई है कि जिसे छिपाया जा रहा हो, समाचार वो है, बाकी सब प्रचार है। विदेशों में जो गिरमिटिया गए थे, वे ही वहां हिंदी लेकर गए थे। ये वो भारतीय थे, जिन्होंने परदेस में स्वदेश रचने की सांस्कृतिक यात्रा की। उस यात्रा में महत्त्वपूर्ण योगदान पत्र-पत्रिकाओं का है, जिसको बताने का बहुत बड़ा काम इस पुस्तक में किया गया है। अनिल जोशी ने कहा कि विदेशों में हिंदी पत्रकारिता प्रतिकार की पत्रकारिता, संघर्ष की पत्रकारिता, विद्रोह की पत्रकारिता है। विदेशों में हिंदी पत्रकारिता के विकास क्रम के बारे में बात करते हुए उन्होंने कहा कि विदेश में हिंदी पत्रकारिता के कई चरण हैं।

पुस्तक के लेखक डॉ. कर्नावट ने पुस्तक के बारे में विस्तार से बताते हुए कहा कि हिंदी का फलक बहुत व्यापक है और इस पर काम किया जाना चाहिए, जिससे हिंदी की प्रतिष्ठा बढ़े। हिंदी पूरे विश्व में व्यापक रूप से फैली है। उन्होंने कहा कि इस पुस्तक को लिखने के क्रम में सही जानकारी प्राप्त करने के लिए गहन शोध किया। उन्होंने कहा कि जिस प्रकार भारतीय स्वतंत्रता आंदोलन में भारत की हिंदी पत्रकारिता का योगदान रहा, उसी प्रकार विदेश से निकलने वाले हिंदी पत्र-पत्रिकाओं के कंटेंट को देखोंगे, तो हमें ऐसा लगता है कि उन पत्र-पत्रिकाओं का भी काफी योगदान रहा।

# मंडी लोकसभा बनी पूरे देश की महिला स्वाभिमान का विषय : कंगना

**मंड़ी, 30 मई (एजेंसियां)।**

भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) मंडी लोकसभा प्रत्याशी कंगना रनौत ने गुरुवार को अपने चुनावी अभियान के दौरान कहा कि देश में फिर एक बार कमल खिलाने को तैयार है और इसका प्रमाण जनता का प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के प्रति प्यार और विश्वास हैं। सुश्री कंगना ने कहा कि मंडी की सीट पूरे देश भर में महिलाओं के लिए स्वाभिमान का विषय बन चुका है।



भाजपा प्रत्याशी कंगना ने कहा भाजपा तीसरी बार श्री मोदी के नेतृत्व में पूर्ण बहुमत से सरकार बनाने को तत्पर है और यही कारण है कि मुख्यमंत्री सुखविंदर सिंह सुक्खू अपनी हार के खौफ से इतना बौखला गए हैं की अपनी जन सभाओं में अनाप शनाप बयानबाज़ी करते नजर आ रहे हैं।

सुश्री कंगना ने कहा कि जब से प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी हिमाचल में चुनाव प्रचार करके गए तब से कांग्रेस की रातों की नींद उड़ गई है और विपक्ष हक्का बक्का है। कांग्रेस का हाल इतना बेहाल है कि मुख्यमंत्री और उनकी छुटपुट सेना झूठे वादों की एक लंबी चौड़ी कतार लगाती नज़र आ रही है। अपनी जनसभाओं में ऐसे-ऐसे वादें कर रहे है जो जनता को भी पता है की चुनाव के बाद न तो ये वादें पूरे होगें और न ही यह झूठे नेता नजर आएंगे।

भाजपा प्रत्याशी ने कहा कि डर के माहौल में इनके दिल्ली के नेता हिमाचल घूमने आते हैं और चुनाव प्रचार का हवाला देकर हिमाचल को अपना घर बताते है। भोली भाली हिमाचल की जनता को ठगने का काम करते है और छुटियां मानने के बाद मुडकर के वापस नहीं देखते। उन्होंने कहा कि कांग्रेस एक नया जुमला इस बार लाई है की महिलाओ को एक लाख रुपए देगी जो सरासर झूठ है क्योंकि अभी प्रदेश में महिलाओं को 1500 रुपये देने के वादें भी निभाए नहीं गए हैं।

सुश्री कंगना ने कहा कि केंद्र द्वारा हिमाचल को आपदा में मिली प्रदेश सरकार को मिली राहत राशि को सुक्खू सरकार ने बंदरबांट करने का काम किया है। मंडी के कांग्रेस प्रत्याशी केवल प्रदेश की जनता को बरगलाने का काम कर रहे है। चुनावों से पहले केंद्र सरकार का धन्यवाद करते थे जो कि आज केंद्र की मदद पर प्रश्न चिन्ह लगा रहे है। उन्होंने कहा कि इस झूठ को जनता भलीभांति जानती और एक जून को प्रदेश की जनता इस झूठ के खिलाफ वोट देकर जवाब देगी। आज प्रदेश के लोग कांग्रेस के झूठे वादों के प्रति आक्रोशित हैं। कांग्रेस के सभी हथकंडे अब खत्म हो चुके हैं इसलिए उनके नेता ओच्छे बयान देकर व झूठे वादें देकर प्रदेश की जनता को भ्रमित करने का प्रयास कर रहे हैं जो कि अब ज्यादा दिन और चलने वाला नहीं हैं।

# ओड़ीशा के पुरी में आतिशबाजी हादसे में मरने वालों की संख्या बढ़कर तीन हुई

**भुवनेश्वर, 30 मई (एजेंसियां)।**

ओड़ीशा के पुरी शहर में 21 दिवसीय चंदन यात्रा के समापन दिवस पर बुधवार को आतिशबाजी हादसे में घायल एक व्यक्ति की कटक के अस्पताल में मौत के बाद मृतकों की संख्या बढ़कर तीन हो गयी है।





तीर्थ नगरी पुरी में नरेंद्र टैंक के पास कल रात एक पटाखा विस्फोट में लगभग 30 लोग गंभीर रूप से झुलस गए। घायलों में ज्यादातर बच्चे शामिल थे। सभी घायलों को पहले पुरी जिला मुख्यालय अस्पताल में भर्ती कराया गया था, लेकिन बाद में उन्हें भुवनेश्वर और कटक में स्थानांतरित कर दिया गया क्योंकि पुरी अस्पताल में इलाज की सुविधा नहीं थी।

प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार, 21 दिवसीय चंदन यात्रा के समापन दिवस के अवसर पर आतिशबाजी का प्रदर्शन किया जा रहा था, तभी एक पटाखा दिशा चूक गया और पटाखों के ढेर पर जा गिरा, जिससे क्षेत्र में भीषण विस्फोट हुआ। यात्रा के सामापन दिवस के मौके पर सैकड़ों भक्त उत्सव और अग्नि प्रदर्शन को देखने के लिए एकत्र हुए थे।

सूत्रों ने कहा कि अधिकांश घायल व्यक्तियों को भुवनेश्वर के एक निजी अस्पताल में स्थानांतरित कर दिया गया जहां दो ने दम तोड़ दिया। अन्य को एससीबी मेडिकल कॉलेज और अस्पताल में स्थानांतरित कर दिया गया जहां एक और घायल की इलाज के दौरान मौत हो गयी । इस बीच मुख्यमंत्री नवीन पटनायक ने घटना पर गहरी चिंता व्यक्त की है तथा मुख्य सचिव और पुरी जिला कलेक्टर को घायल व्यक्तियों को उचित इलाज प्रदान करने का निर्देश दिया है। श्री पटनायक ने घोषणा की कि घायल व्यक्तियों के इलाज का खर्च मुख्यमंत्री राहत कोष (सीएमआरएफ) द्वारा वहन किया जाएगा। उन्होंने घायल व्यक्तियों के शीघ्र स्वास्थ्य होने की भी कामना की। पुरी जिला प्रशासन ने गुरुवार सुबह नरेंद्र टैंक में तलाशी अभियान शुरू किया है, क्योंकि प्रत्यक्षदर्शियों ने कहा कि पटाखा विस्फोट में घायल होने के बाद कई लोग टैंक में कूद गए थे।

# केजरीवाल की जमानत याचिका पर विशेष अदालत ने ईडी से किया जवाब तलब

**नई दिल्ली, 30 मई (एजेंसियां)।**

दिल्ली आबकारी नीति कथित घोटाले से संबंधित धनशोधन के एक मामले में आरोपी दिल्ली के मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल की जमानत और मेडिकल आधार पर सात दिन की अंतरिम जमानत याचिकाओं पर यहां की एक विशेष अदालत ने केंद्रीय जांच एजेंसी प्रवर्तन निदेशालय ईडी को गुरुवार को जबाव तलब किया।



राउज एवेन्यू स्थित ईडी और केंद्रीय जांच ब्यूरो (सीबीआई) मामलों से संबंधित कावेरी बावेजा की विशेष अदालत ने संबंधित पक्षों की दलीलें सुनने के बाद ईडी को अपना पक्ष रखने की अनुमति दी और कहा कि वह इस मामले में अगली सुनवाई एक जून को दोपहर दो बजे करेगी। केंद्रीय जांच एजेंसी ईडी ने मुख्यमंत्री केजरीवाल को गिरफ्तार करने वाली उनकी याचिकाओं पर अदालत के समक्ष अपना पक्ष रखने के लिए समय देने की गुहार लगाई थी।

लोकसभा चुनाव प्रचार अभियान में शामिल होने के लिए उच्चतम न्यायालय द्वारा दी गई एक जून तक अंतरिम जमानत पर 10 मई को रिहा हुए मुख्यमंत्री केजरीवाल ने इस मामले में विशेष अदालत में पहली बार जमानत याचिका दायर की है। अंतरिम जमानत देते हुए शीर्ष अदालत ने उन्हें दो जून को जेल प्रशासन के समक्ष आत्मसमर्पण करने का भी निर्देश दिया था।

विशेष अदालत के समक्ष श्री केजरीवाल ने नियमित जमानत याचिका के अलावा अपने स्वास्थ्य की जांच के लिए सात दिन की अंतरिम जमानत की भी अदालत से गुहार लगाई है। इससे पहले उच्चतम न्यायालय रजिस्ट्री ने श्री केजरीवाल की एक जून को समाप्त होने वाली अंतरिम जमानत अवधि सात दिन बढ़ाने के लिए दायर उनकी याचिका पर शीघ्र सुनवाई के लिए सूचीबद्ध करने से इनकार कर दिया था। न्यायमूर्ति जे के माहेश्वरी और न्यायमूर्ति के वी विश्वनाथन की अवकाशकालीन पीठ ने मंगलवार को केजरीवाल की अंतरिम जमानत अवधि सात दिन बढ़ाने की याचिका पर शीघ्र सुनवाई करने से इनकार कर दिया था। पीठ ने तब याचिकाकर्ता की ओर से पेश वरिष्ठ अधिवक्ता ए एम सिंघवी से कहा था कि (केजरीवाल के) आवेदन को सूचीबद्ध करने के संबंध मुख्य न्यायाधीश कोई फैसला कर सकते हैं।

न्यायमूर्ति संजीव खन्ना और न्यायमूर्ति दिपांकर दत्ता की पीठ ने 10 मई को केजरीवाल को लोकसभा चुनाव के प्रचार अभियानों में भाग लेने के लिए एक जून तक अंतरिम जमानत दी थी और दो जून को उन्हें जेल प्रशासन के समक्ष आत्मसमर्पण करने का निर्देश दिया गया था। दिल्ली के मुख्यमंत्री केजरीवाल तिहाड़ केंद्रीय कारागार में न्यायिक हिरासत में बंद थे। श्री केजरीवाल ने अपनी याचिका में दावा किया हैं कि गिरफ्तारी के बाद उनका वजन सात किलोग्राम कम हो गया है। उनका कीटोन लेवल बहुत ज्यादा है, जो किसी गंभीर बीमारी का लक्षण हो सकता है। उन्होंने अपनी याचिका में कहा था, वर्तमान में उनका इलाज कर रहे मैक्स अस्पताल के संबंधित डॉक्टरों ने कुछ जांच करने की सलाह दी है, जिसके लिए सात दिनों का समय चाहिए। याचिका में कहा गया था कि के उन्हें पीईटी-सीटी स्कैन और अन्य जांच करने की सलाह दी गई है।

आम आदमी पार्टी (आप) के राष्ट्रीय संयोजक श्री केजरीवाल को दिल्ली आबकारी नीति -2021-22 में कथित घोटाले में ईडी ने गत 21 मार्च में गिरफ्तार किया था। श्री केजरीवाल को गिरफ्तार करने वाली केंद्रीय जांच एजेंसी प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) ने उन पर मुख्य साजिशकर्ता होने का आरोप लगाया है। उन पर पूर्व के गोवा विधानसभा चुनाव प्रचार के लिए 100 करोड़ रुपये गलत तरीके से हासिल करने का आरोप है। केंद्रीय जांच ब्यूरो (सीबीआई) ने 17 अगस्त 22 को आबकारी नीति बनाने और उसके कार्यान्वयन में की गई कथित अनियमितताओं का आरोप लगाते हुए एक आपराधिक मुकदमा दर्ज किया था। इसी आधार पर ईडी ने 22 अगस्त 22 को धनशोध का मामला दर्ज किया था।ईडी का दावा है कि आम आदमी पार्टी के शीर्ष नेताओं - दिल्ली के मुख्यमंत्री केजरीवाल, पूर्व उपमुख्यमंत्री सिसौदिया, राज्य सभा सांसद संजय सिंह सहित अन्य ने अवैध कमाई के लिए साजिश रची थी। इस मामले में पूर्व उपमुख्यमंत्री सिसौदिया फिलहाल न्यायिक हिरासत में तिहाड़ जेल में बंद हैं। इस मामले में आप सांसद श्री सिंह को उच्चतम न्यायालय ने गत दो अप्रैल को जमानत दे दी थी।

# भाजपा वन नेशन वन इलेक्शन व्यवस्था करेगी लागू : राजनाथ सिंह

**कुशीनगर, 30 मई (एजेंसियां)।**

रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने गुरुवार को कहा कि केंद्र में तीसरी बार सरकार बनाने के बाद वन नेशन, वन इलेक्शन की व्यवस्था लागू किये जाने की दिशा में काम किया जायेगा। चुनाव प्रचार के अन्तिम दिन श्री सिंह ने जूनियर हाईस्कूल रामकोला के खेल मैदान में पार्टी प्रत्याशी विजय कुमार दूबे के पक्ष में जनसभा को सम्बोधित करते हुये कहा कितना अच्छा होता कि पूरे देश में लोकसभा और विधानसभा चुनाव एक-साथ सम्पन्न हो जाता। भारतीय जनता पार्टी अगले पांच वर्षों में वन नेशन वन इलेक्शन व्यवस्था लागू कर देगी।



उन्होने कहा कि विगत दस वर्षों में प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के मजबूत नेतृत्व में पूरे विश्व में भारत का सम्मान बढ़ा है। पहले विदेशों में जब भारत के नेता बोलते थे तब कोई ध्यान नहीं देता था। लेकिन आज का भारत जब अन्तर्राष्ट्रीय मंचों पर बोलता है तो सारी दुनिया कान लगाकर सुनती है कि भारत बोल क्या रहा है। यह बदलते भारत की नई तस्वीर है। श्री सिंह ने कहा कि जो काम पिछली कोई सरकारें नहीं कर सकी, वो नरेन्द्र मोदी ने मात्र 10 वर्षों में कर दिया। पाकिस्तानी सांसद फजलुर्रहमान ने पाकिस्तानी संसद में स्वीकार कर लिया है कि भारत विश्व गुरु बन रहा है और पाकिस्तान अपनी बर्बादियों को बचाने के दर दर हांथ फैला रहा है लेकिन समाजवादी पार्टी और कांग्रेस को यह समझ में नहीं आ रहा है।

रक्षा मंत्री ने कहा कि अर्थव्यवस्था के मामले में 2014 से पहले भारत विश्व में 11 वें स्थान पर था। श्री मोदी के नेतृत्व में आज भारत विश्व की 5वीं अर्थव्यवस्था बना है। आज विश्व के बड़े बड़े अर्थशास्त्री कह रहे हैं कि आज भारत विश्व की सबसे तेजी से बढ़ती हुई अर्थव्यवस्था है। 2027 तक अमेरिका और चीन के बाद भारत विश्व की तीसरी सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था वाला देश होगा तथा 2047 तक भारत विकसित राष्ट्र बन जाएगा और 2070 भारत दुनिया के सबसे अमीर देश बन जाएगा।

उन्होने कहा कि पहले पूरे देश में जगह जगह आये दिन आतंकी हमले हुआ करते थे लेकिन अब आतंकी हमले लगभग समाप्त हो गए हैं। क्योंकि अब दुश्मन देश भी समझ गया है कि आज का भारत कमजोर नहीं है।अब भारत सीमा पर पलटवार भी करता है और जरुरत पड़ने पर सीमा पार कर वार करने से नहीं झिझकता है। विपक्षी दलों पर निशाना साधते हुए रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने कहा कि समाजवादी पार्टी कुछ ही दिनों में समाप्त हो जाएगी और कांग्रेस की हालत इतनी पतली है कि जैसे डायनासोर धरती से विलुप्त हो गया वैसे ही कांग्रेस भी विलुप्त होने वाली है। ये लोग (विपक्षी दल) झूठ बोल कर जनता को गुमराह करते हैं जबकि भाजपा जनता की आंखों में आंखें डालकर राजनीति करती है। भारतीय जनता पार्टी अकेली ऐसी पार्टी है जो कहती है वो करती है। हमने कहा धारा 370 हटाएंगे तो हटाया, हमने कहा रामलला हम आएंगे मंदिर वहीं बनाएंगे तो डंके की चोट पर बनाया। अब रामलला झोपड़ी से निकलकर अब अपने महल में पहुंच चुके हैं। जो रामराज्य की शुरुआत है।

# मोदी ने काशी वासियों से की भारी मतदान की अपील

**वाराणसी, 30 मई (एजेंसियां)।**

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी का वाराणसी के मतदाताओं से एक जून को भारी मतदान करने की अपील की है।



श्री मोदी ने गुरुवार को एक वीडियो संदेश जारी कर काशी को विश्व की सांस्कृतिक राजधानी बताते हुए पिछले 10 वर्षों में अपार समर्थन देने के लिए काशी की जनता के प्रति हार्दिक आभार व्यक्त किया। उन्होंने वाराणसी की जनता से एक जून को वाराणसी में होने वाले चुनाव में भारी संख्या में मतदान करने और भाजपा को समर्थन देने की अपील की।

उन्होने कहा वाराणसी में मतदान करने का समय आ गया है। हमारे लिए काशी भक्ति, शक्ति और विरक्ति की नगरी है। काशी विश्व की सांस्कृतिक राजधानी है, संगीत और शास्त्रार्थ की धरती है एवं इस ऐतिहासिक नगरी का प्रतिनिधि होना बाबा विश्वनाथ की असीम अनुकंपा एवं काशीवासियों के आशीर्वाद से ही संभव है। इसीलिए,मैंने कहा है कि मां गंगा ने मुझे गोद ले लिया है।

प्रधानमंत्री ने कहा काशी का इस बार का चुनाव नवकाशी के साथ विकसित भारत के निर्माण का चुनाव है। काशी की जनता को एक जून के दिन नया रिकॉर्ड बनाना है। बीते 10 वर्षों में केंद्र सरकार की हर योजना में काशी ने मेरा साथ दिया और मेरा मार्गदर्शन किया है। बाबा विश्वनाथ का भव्य कॉरिडोर, काशी रिंगरोड का प्रोजेक्ट, बनारस के रेलवे स्टेशन का विकास और गंगाघाट का विकास से रोपवे प्रोजेक्ट तक, हर योजना ने काशी ही नहीं पूरे पूर्वांचल को नए विकास से जोड़ा है। अब इस विकास की गति आपके वोट से आगे बढ़ने वाली है। काशी पिछले 10 वर्ष में युवा कल्याण और विकास की राजधानी बन गई है।

उन्होने कहा कि सांसद खेल प्रतियोगिता में जनता का उत्साह साफ दिखाई देता है। सिगरा और दंजारी में स्टेडियम बना, बनास डेयरी और राजा तालाब में किसानों के लिए कार्गो सुविधा हुई है, काशी के लाखों लोगों का नि:शुल्क मोतियाबिंद का इलाज हुआ है और पर्यटन विकास से शहर में रोजगार बढ़ा है। इन सभी योजनाओं और अभियान से काशी के युवा, महिलाऔर किसान को नई शक्ति मिली है।

श्री मोदी ने कहा मेरे नामांकन के दिन युवा पीढ़ी में एक अलग उत्साह था और अब यही उत्साह हर बूथ पर दिखना चाहिए। मेरी आपसे यही विनती है कि ये चुनाव काशी के विकास को नई ऊंचाई देने का अवसर है और ये तभी संभव है जब काशी की जनता एक जून को अधिकतम मतदान करे। काशी के युवा, नारी शक्ति और किसानों से मेरा विशेष आग्रह है कि आप लोगों का एक-एक वोट मेरी शक्ति बढ़ाएगा और मुझे नई ऊर्जा देगा।

# आज का राशिफल

**मेष – चू,चे,चो,ला,लि,लू,ले,लो,अ**

आज युवाओं की बेरोजगारी दूर हो सकती हैं दिन अच्छा है फैशन डिजाईन मे करियर बना रहे हैं तो आज आगे बढ़ने के मौके मिल सकते हैं. आपका कॉन्फिडेंस लेवल हाई रहेगा जिससे जोखिम भरे कामों में सफलता मिल सकती है. पैसों और बिजनेस के मामलों पर ध्यान देना होगा. सामाजिक सम्मान भी बढ़ सकता है. पारिवारिक संबंधों में सुधार के योग बन रहे हैं. आज सेहत के मामले मे खर्चा ज्यादा होगा ध्यान रखने की जरुरत है

**वृषभ – इ,उ,ए,ओ,वा,वि,वु,वे,वो**

आज भाग्य प्रबल हैं काम फटाफट बनेंगे और आप कन्स्ट्रक्शन में कार्यरत हैं सरकारी उच्च अधिकारियों से विशेष सहयोग प्राप्त करेंगे. आप अपने सभी प्रयासों में सफल होंगे. आपके पास नए अधिग्रहण हो सकते हैं. आपका पारिवारिक-जीवन आरामदायक परिवेश से खुश रहेगा और सामाजिक रूप से आप अधिक लोकप्रियता हासिल करेंगे. रिश्तेदारों और दोस्तों के साथ आपके संबंध अधिक सौहार्दपूर्ण बनेंगे.स्वास्थ्य एकदम चुस्त रहेगा

**मिथुन – क,कि,कृ,घ,ड़,छ,के,को,ह**

आज छात्रों के लिए दिन अच्छा हैं आप को दूसरों की मदद करना चाहिए आप को भी उतना ही लाभ मिलेगा जॉब में प्रगति होगी. जैसे ही आप हालात पर पकड़ बनाने की कोशिश शुरू करेंगे, आपकी घबराहट गायब हो जाएगी. रिस्क लें सकते हैं किसी ऐसे इंसान का साथ पाने की कोशिश करें जो आपकी भावनाओं को समझता हो और आप उसकी. खर्चा ज्यादा होगा संतान पक्ष से बेफिक्री रहेगी।

**कर्क – ही,हु,हे,हो,डा,डी,डू,डे,डो**

आज शिवजी की पूजा करनी चाहिए जिससे आप की नये कार्यों में रुचि बढ़ेगी, जिससे आपको कुछ नया सिखने को मिलेगा. आज आप फिजूल के खर्च को कम करने का प्रयास करेंगे, तो आपके भविष्य के लिए पैसे इकट्ठे करने में आसानी होगी। ऑफिस में आज समय ज्यादा देना पडेगा जिससे रुका हुआ काम जल्दी पूरा हो जाएगा नया बिजनेस शुरू करें तो फायदा होना तय है. आज स्वास्थ्य थोडा कमजोर रहेगा कुछ हल्का भोजन करना अच्छा रहेगा ।

**सिंह – म,मी,मू,मे,मो,टा,टी,टू,टे**

छोटी कन्या को खिर का भोजन कराए जिससे आप का रुका हुआ पैसा मिलने के योग बनेंगे किसी से उधार पैसा भी लेना पड़ सकता है. आपकी कोशिशें सफल हो जाएगी. जो आपके लिए बहुत हद तक फायदेमंद हो सकती है. जीवनसाथी सेसहयोग मिलेगा. आज आपकी कोई इच्छा पूरी हो जाएगी. घर मे वैवाहिक प्रसंग का माहौल रहेगा नयी रिश्तेदारी बन सकती हैं मित्रों का सहयोग पूरा रहेगा ।

**कन्या – टो,प,पी,पू,ष,ण,ठ,पे,पो**

आज का दिन मिला झुला रहेगा कुछ काम भी बनेंगे कही पर काम अटकेगा भी परन्तु चिंतित होने की आवश्यकता नही हैं कठिन समय के बाद आखिरकार आप अपने चेहरे पर मुस्कान के साथ आराम कर सकते हैं. आप अपनी कड़ी मेहनत और श्रम के लिए इनाम की उम्मीद कर सकते हैं. आपको अपनी नौकरी में पदोन्नति मिलेगी. बेहतर होगा, प्रेम संबंधों को सार्वजनिक करने से बचना होगा आज ठंडी चिजों से परहेज करें गर्म भोजन गर्म तरल पदार्थ ही लें स्वास्थ्य अच्छा रहेगा क्योंकि गले सम्बंधित तकलीफ बन सकती हैं

**तुला – र,री,रू,रे,रो,ता,ति,तू,ते**

आज समय पर सभी काम हो जाएंगे जिससे आप की खुशी का ठिकाना नही रहेगा जिससे परिवार में भी उत्सव का वातावरण छाया रहेगा, जिससे आपका मन प्रफुल्लित रहेगा. छात्रों को नये कोर्स मे सफलता बनती हुई दिख रही हैं कला से जुड़े लोगों को तरक्की मिलेगी. किसी तीसरे इंसान का दखल आपके और आपके प्रिय के बीच गतिरोध पैदा करेगा. किसी बड़े समारोह में भाग लेने का अवसर मिलेगा.आप को काम से फुर्सत मिलते ही धार्मिक यात्रा करनी चाहिएं।

**वृश्चिक – तो,न,नी,नू,ने,नो,या,यी,यू**

आपका दिन अच्छा रहेगा. आज आप रुठे हुए लोगों और बिगड़े हुए रिश्तों को मनाने की कोशिश करेंगे, हो सकता है कि रुठे हुए लोग मान भी जाएं. आज प्रतियोगी अपने करियर के लिए अपने सीनियर्स से परामर्श ले सकते हैं, साथ ही कुछ नए कोर्स की जानकारी भी लेते रहें .आज अविवाहित लोगों के लिए ,कोई रिश्ता आ सकता है. हो सकता है कि शादी फिक्स भी हो जाएं. इससे आपके रिश्तों में नजदीकियां बढ़ेगी. आज स्वास्थ्य अच्छा रहेगो।

**धनु – ये,यो,भ,भी,भू,धा,फा,ढा,भे**

अगर कुछ नया करना चाह रहें तो तकनीकी क्षेत्र मे भाग्य आजमाएं सफलता मिलेगी अगर नौकरी में हैं तो पदोन्नति की संभावना बन रही है. खुद का कोई बिजनेस है तो उस पर पूरा ध्यान रहेगा. बिजनेस और कामकाज से जुड़ी परेशानियां खत्म होंगी. फालतू भाग-दौड़ खत्म हो सकती है. आपके लिए दिन अच्छा रहेगा. घर और ऑफिस, दोनों जगह का माहौल आपके लिए खुशनुमा रहेगा.दिन भर की भागम-दौड के बाद शाम के समय थकान हो सकती हैं ।

**मकर – भो,ज,जी,खि,खू,खे,खो,ग,गि**

बच्चों के पक्ष से आप बेफिक्र रहेंगे बच्चे अपने करियर के लिए अच्छी प्लानिंग करते हुए आगे बढेंगे आप को पारिवारिक सम्बन्ध मे मुश्किलें दिखाई दे रही हैं तो अपने वरिष्ठों से सहायता और मार्गदर्शन लेना चाहिए आप अपने कार्य स्थल पर प्रशंसा के पात्र रहेंगें, जो आपकी संतुष्टि को बढ़ाएगा. अगर किसी को प्रपोज़ करने की योजना है तो ऐसा करने के लिए यह एक आदर्श समय नहीं है.परिवार मे स्वास्थ्य सम्बन्धित परेशानी आप को टेंशन दे सकती हैं ।

**कुम्भ – गु,गे,गो,सा,सी,सू,से,सो,द**

आज व्यापार के हिसाब से दिन लाभकारी हैं धन की तकलीफ दूर होगी कर्ज लेने की जरुरत नही पडेगी रिश्तेदारों को लेकर जीवनसाथी के साथ नोंकझोंक हो सकती है. आज विवाहित पारिवारिक समस्याओं को जीवनसाथी से साझा करें तो हल जरूर निकलेगा. संतान की ओर से शुभ समाचार मिलेगा. सेहत अच्छी रहेगी. संतान का सुख मिलगा. अगर आप नौकरी के लिए आवेदन या किसी छात्रवृत्ती के कागजों पर काम कर रहे हैं तो पूरी तरह से सतर्क रहें. सुबह योग करें प्राणायाम करें शाम को तरल और गर्म भोजन करें स्वास्थ्य रहेंगे।

**मीन – दी,दू,थ,झ,ञ,दे,दो,चा,ची**

आज हनुमानजी को चूरमे का भोग लगाए कपूर आरती करें दिनजनो को मिष्ठान वितरित करें आपका दिन खुशियों से भरा होगा. काम-धंधे में आज आपका मन लगेगा. अगर आज किसी जरूरी काम को पूरा करने की सोच रहे हैं, तो वह समय से पहले पूरा कर लेंगे, लेकिन आपको पहले से योजना बनाकर चलने की जरूरत है. किसी नयी जमीन से संबंधित कोई लेन-देन करने जा रहे हैं, तो बेहतर होगा कि पहले उसकी अच्छे से जांच-पड़ताल जरूर कर लें. लेकिन अपनों के सहयोग से आपकी परेशानी दूर हो जाएगी.शाम के वक्त बच्चों को साथ घूमने जा सकते हैं।

## शुक्रवार का पंचांग

दिनांक : 31 मई 2024 , शुक्रवार
विक्रम संवत : 2081
मास : ज्येष्ठ , कृष्ण पक्ष
तिथि : अष्टमी प्रात: 09:40 तक
नक्षत्र : शतभिषा प्रात: 06:14 तक
योग : विष्कुंभ सायं 06:03 तक
करण : कौलव प्रात: 09:40 तक
चन्द्रराशि : कुंभ रात्रि 11:10 तक
सूर्योदय : 05:41 , सूर्यास्त 06:46 ( हैदराबाद )
सूर्योदय : 05:52 , सूर्यास्त 06:42 ( बैंगलोर )
सूर्योदय : 05:43 , सूर्यास्त 06:36 ( तिरुपति )
सूर्योदय : 05:34 , सूर्यास्त 06:36 ( विजयवाडा )

**शुभ चौघड़िया**

चंचल : 06:00 से 07:30
लाभ : 07:30 से 09:00
अमृत : 09:00 से 10:30
शुभ : 12:00 से 01:30
राहुकाल : प्रात: 10:30 से 12:00
दिशाशूल : पश्चिम दिशा
उपाय : दूध पीकर यात्रा करें
दिन विशेष : पंचक चालू है , श्री दादू दयाल पुण्य तिथि , गुरु तारा उदय

* पाण्डित्य विषय में सम्पर्क करें *

पं.चिदम्बर मिश्र (टिल्लू महाराज)
हमारे यहाँ पाण्डित्य पूर्ण यज्ञ अनुष्ठान, भागवत कथा एवं मूल पारायण, वास्तुशान्ति, गृहप्रवेश,शतचंडी, विवाह, कुंडली मिलान, नवग्रह शान्ति, ज्योतिष सम्बन्धी शंका समाधान किए जाते हैं
फक्कड़ का मन्दिर, रिकाबगंज, हैदराबाद, (तेलंगाना)
9246159232, 9866165126
chidamber011@gmail.com

# हिन्दी पत्रकारिता देश में लोकतंत्र की मजबूती के लिए अद्भुत कार्य कर रही है : बंडारू दत्तात्रेय

## हिन्दी पत्रकारिता दिवस पर राज्यपाल बंडारू दत्तात्रेय ने प्रदेशवासियों को दी बधाई

**हरियाणा,30 मई (एजेंसियां)।** हरियाणा के राज्यपाल बंडारू दत्तात्रेय ने देश व प्रदेशवासियों को हिन्दी पत्रकारिता दिवस की हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएं दी। उन्होंने कहा कि देश की स्वतंत्रता प्राप्ति में हिंदी पत्रकारिता का महान योगदान रहा है। आज हिन्दी पत्रकारिता देश में लोकतंत्र की मजबूती के लिए अद्भुत कार्य कर रही है। हिंदी पत्रकारिता दिवस मनाना उन तमाम पत्रकारों को श्रद्धासुमन है, जिन्होंने हिंदी पत्रकारिता को अपना जीवन समर्पित किया। पंडित जुगल किशोर शुक्ल हिंदी पत्रकारिता के मशाल वाहक माने जाते है।

उन्होंने 30 मई 1826 को उदंत मार्तण्ड साप्ताहिक समाचार पत्र निकालकर हिंदी पत्रकारिता की शुरुआत की। इस समाचार पत्र के बाद हिन्दी व अन्य भाषाओं के साथ-साथ विभिन्न भाषाओं में समाचार पत्र प्रकाशित हुए और जनसंचार के क्षेत्र में देश की आवाज बने। इन्हीं की बदौलत जन-



जन में स्वतंत्रता प्राप्ति का जोश पैदा हुआ जिसके परिणामस्वरूप देश को 15 अगस्त 1947 में आजादी मिली। राज्यपाल दत्तात्रेय ने कहा कि स्वतंत्रता प्राप्ति में मीडिया विशेषकर हिन्दी पत्रकारिता ने एक हथियार का काम किया। उन्होंने कहा कि देश की प्रेस ने आजादी प्राप्ति में तो एक महत्वपूर्ण भूमिका निभाई ही थी, आज के दौर में भी हिन्दी पत्रकारिता अपना दायित्व बखूबी निभा रही है। सरकार द्वारा चलाई जा रही जनकल्याणकारी योजनाओं को लोगों तक पहुंचाने और जनमानस की समस्याओं को सरकार व प्रशासन तक पहुंचाने में हिन्दी पत्रकारिता मजबूत सेतु की भूमिका में हैं।

दत्तात्रेय ने कहा कि सोशल मीडिया के दौर में आज हिन्दी पत्रकारिता का महत्व और बढ़ा है। देश के सबसे ज्यादा भू-भाग में हिन्दी भाषा बोली जाती है। इसलिए जनसंचार में हिन्दी पत्रकारिता एक प्रभावी माध्यम है। सोशल मीडिया, प्रिन्ट मीडिया, इलैक्ट्रोनिक मीडिया के क्षेत्र में आज अनेकों युवा हिन्दी पत्रकारिता में अपना भविष्य बना रहे हैं। सभी पत्रकारों और पाठकों के साथ-साथ मीडिया से जुड़े सभी लोगों को हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएं देता हूं।

# सतपाल फौजी सहित चार नकबजन गिरफ्तार

**अजमेर,30 मई (एजेंसियां)।** राजस्थान में अजमेर जिला स्पेशल टीम एवं मदनगंज थाना पुलिस ने हरियाणा मूल के सौ से ज्यादा वारदातों को अन्जाम देने वाले कुख्यात अन्तरराज्यीय नकबजन सतपाल फौजी सहित चार नकबजनों को गिरफ्तार करने में सफलता प्राप्त की है।

अजमेर के पुलिस अधीक्षक देवेंद्र कुमार विश्नोई ने गुरुवार को पत्रकारों को बताया कि 23 मई को वीरेंद्र सिंह सोढ़ा ने मदनगंज थाने में अपने निवास में चोरी की प्राथमिकी दर्ज कराई जिसमें 75 हजार रुपये नकद, सोने चांदी के आभूषण चोरी होना बताया। उन्होंने बताया कि पुलिस गहन जांच और सीसीटीवी कैमरों एवं अन्य माध्यमों के जरिए कड़ी से कड़ी मिलाते हुए वारदात के आरोपियों तक पहुंच गयी। उन्होंने बताया कि पुलिस ने वारदात में प्रयुक्त कार सहित करीब 16 लाख रुपये के आभूषण भी बरामद कर लिये आरोपियों ने 15 वारदात करना भी कबूला है।

विश्नोई ने बताया कि गिरफ्तार आरोपियों में सतपाल फौजी (43), विकास शर्मा (36), विक्रमजीत सिंह (31) और जितेंद्र सोनी (39) शामिल हैं। इनमें विकास शर्मा झुंझुनू का है जबकि शेष सभी गुरुग्राम हरियाणा के हैं। उन्होंने बताया कि मुख्य आरोपी फौजी और उसके साथियों ने राजस्थान में किशनगढ़, बीकानेर, उदयपुर के साथ ही महाराष्ट्र, गुजरात, गोवा, कर्नाटक, पश्चिमी बंगाल आदि में वारदात करना स्वीकार किया है। फौजी का आपराधिक रेकॉर्ड है और सौ से ज्यादा वारदातों को अंजाम दे चुका है। आरोपियों से पूछताछ की जा रही है।

# सरिस्का में एक ही दिन में दिखे पांच नए शावक,बाघों का कुनबा बढ़कर हुआ 40

**अलवर,30 मई (एजेंसियां)।** राजस्थान में अलवर जिले के सरिस्का में गुरुवार को बाघिन एसटी 12 का एक शावक कैमरा टैप में दिखाई दे गया।

बुधवार को ही बाघिन एसटी 22 के चार शावक कैमरा टैप में नजर आये, जहां एक और बाघिन एसटी 22 ने 4 शावकों को जन्म दिया है, वहीं एसटी 12 आज चार शावकों के संग दिखाई दी।

एसटी 12 गत मार्च में तीन शावकों के संग दिखाई दी थी, तब यह माना जा रहा था कि तीन शावक हुये हैं, लेकिन कैमरा ट्रिप पद्धति सब देखने के बाद यह तय हो गया कि एसटी 12 ने चार शावकों को जन्म दिया हैं। बुधवार को एसटी 27 ने दो शावकों को जन्म दिया था, जो कैमरा में दिखाई दी थी।

सरिस्का में अब बाघों का कुनबा बढकर 40 पहुंच गया है। इनमें 11 मेल टाइगर, 14 फीमेल टाइगर तथा 15 शावक शामिल हैं। सरिस्का में 2018 के बाद पहली बार दो बाघिन ने एक साथ चार शावक को जन्म दिया है। साथ ही दो दिनों के दौरान सात नये शावक दिखाई दिये हैं।

सरिस्का के वनाधिकारी महेन्द्र शर्मा ने बताया कि बाघिन एसटी 12 का एक शावक कैमरा टैप में दिखायी दिया, जबकि बाघिन एसटी 22 चार शावकों के साथ कैमरा टैप में नजर आयी है। बाघिन एसटी 12 एवं बाघिन एसटी 22 दोनों ही सरिस्का की बाघिन



एसटी 10 की संतान हैं और दोनों ही बाघिनें ताल वृक्ष रेंज में घूम रही हैं। सरिस्का में बाघों के 40 कुनबे में ज्यादा बाघ बाघिन एसटी 10 की संतान हैं। दो दिन के अंदर सरिस्का में साथ नये शावक नजर आये हैं। पहली बार सरिस्का के इतिहास में ऐसा देखने को मिला है। इधर, इनकी संख्या बढ़ने पर राजस्थान के वन मंत्री और अलवर शहर विधायक संजय शर्मा ने आज अपने निवास पर पताशा बताकर खुशी जाहिर की।

उन्होंने पत्रकारों से बातचीत करते हुये कहा कि सरिस्का के लिये अच्छी खबर है। पहली बार मार्च में तीन शावक दिखाई दिये थे, लेकिन आज इस बाघिन के साथ चार शावक दिखाई दिये। एसटी 22 में आज चार शावक दिखाई दिये हैं और बुधवार को एसटी 27 दो शावक दे चुकी है, जहां छह माह में सरिस्का में 10 शावक मिल गये हैं, अब इनकी संख्या 40 हो गयी है। उन्होंने बताया कि सरिस्का में बाघों की कुनबे में लगातार बढ़ोतरी हो रही है, इसके लिये अधिकारी और वनरक्षक बधाई के पात्र हैं, जो पूरी तरीके से काम कर रहे हैं, और मेहनत कर रहे हैं। उनकी मॉनिटरिंग कर रहे हैं।

# पिकअप से 304 किलो डोडा चूरा बरामद, चालक गिरफ्तार

**भीलवाड़ा,30 मई (एजेंसियां)।** राजस्थान में शाहपुर जिले के कोटा-देवली राष्ट्रीय राजमार्ग पर पुलिस ने नाकाबंदी के दौरान आई पिकअप से 304 किलोग्राम डोडा-चूरा जब्त कर चालक को गिरफ्तार कर लिया। पुलिस ने बताया कि मुखबिर की सूचना पर थाने के सामने कोटा-देवली राजमार्ग पर पुलिस ने नाकाबंदी की। कोटा की ओर से आई एक पिकअप को पुलिस ने रोकना चाहा, लेकिन चालक पिकअप को तेजगति से दौड़ाकर देवली की ओर ले गया। पुलिस ने पीछा किया। 200 मीटर की दूरी पर चालक ने पिकअप को सड़क से नीचे उतार दिया। इसके बाद पिकअप चालक और उसके साथी भागने लगे। चालक को पुलिस ने पकड़ लिया, जबकि साथी भागने में सफल रहा। पूछताछ में चालक ने खुद को जौधपुर के राजालानाडा पीलवा निवासी कैलाश विश्नोई (21) बताया। पुलिस ने पिकअप की तलाशी ली तो उसमें 15 कट्टों में 304 किलो डोडा-चूरा मिला, जिसे पुलिस ने पिकअप सहित जब्त कर लिया।

# कोटा में रेलकर्मी की हत्या, आरोपी फ़रार

**कोटा,30 मई (एजेंसियां)।** राजस्थान के कोटा में रेलवे के एक कर्मचारी की गुरुवार सुबह हत्या करने का मामला सामने आया है। पुलिस के अनुसार कोटा की रेलवे कॉलोनी में गुरुवार को एक रेल कर्मचारी की किसी धारदार हथियार से गला रेत कर हत्या कर दी गयी और हमलावार मौके से फरार हो गया जिसकी शिनाख़्त कर पुलिस गिरफ्तारी का प्रयास कर रही है।

मृतक की पहचान रेलवे कॉलोनी निवासी शंभू दयाल (35) के रूप में हुई है जो रेलवे में मैकेनिकल विभाग में कार्यरत था और अपने परिवार के साथ वह रेलवे कॉलोनी में ही रहता



था। पुलिस ने प्रारम्भिक जांच के बाद बताया कि मृतक शंभू दयाल जब घर पर पत्नी और दो पुत्रों के साथ सो रहा था, तड़के करीब तीन बजे किसी व्यक्ति ने घर में घुसकर धारदार हथियार से उसका गला काट दिया तो घायल होते हुये भी शंभू दयाल ने उसका पीछा किया लेकिन घर की चारदीवारी के पास गिर गया। बाद में लोगों के जागने पर परिवार के लोग पडोसियों के साथ मिलकर उसे लेकर रेलवे अस्पताल पहुंचे जहां चिकित्सकों ने जांच के बाद उसे मृत घोषित कर दिया।

घटना की जानकारी मिलने के बाद पुलिस अधीक्षक (शहर) डॉ अमृता दुहन, अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक (शहर) संजय शर्मा और प्रशिक्षु आईपीएस पंकज यादव सहित रेलवे कॉलोनी थाने का जाप्ता मौके पर पहुंचा था। इसके अलावा एफएसएल टीम और डॉग स्क्वॉड को भी मौके पर बुलाया गया और साक्ष्य एकत्रित किये। अभी हत्या के कारणों का खुलासा नहीं हुआ है और पुलिस मामले की जांच कर रही है।

# सीवर टैंक की सफाई करते तीन लोगों की मौत, दो की हालत गंभीर

**जयपुर,30 मई (एजेंसियां)।** राजस्थान में भरतपुर जिले के नदबई क्षेत्र में लखनपुर गांव में सीवर टैंक की सफाई करने उतरे तीन लोगों की मौत हो गयी तथा दो व्यक्ति गंभीर हालात में अस्पताल में भर्ती हैं।

पुलिस के अनुसार लखनपुर के नंगला में एक व्यक्ति की सीवर टैंक की सफाई के लिये दो युवक अंदर उतरे, जहां जहरीली गैस से वे बेहोश हो गये। इसके बाद उनके साथ आया तीसरा युवक और टैंक मालिक भी टैंक में उतरे, वे भी बेहोश हो गये।

घटना की सूचना मिलने पर पुलिस एवं अन्य लोगों ने मौके पर पहुंचकर सभी को टैंक से बाहर निकालकर सभी को जिला अस्पताल में पहुंचाया, जहां सफाई कर्मी आकाश, करण एवं सीवर टैंक मालिक भोला पंडित को चिकित्सकों ने मृत घोषित कर दिया। हादसे में बेहोश हुये भोला का भाई नरेश पंडित एवं एक अन्य सफाईकर्मी का इलाज जिला अस्पताल में चल रहा है।

# सहायक पुलिस आयुक्त के नाम पर रिश्वत लेते दलाल गिरफ्तार



**जयपुर,30 मई (एजेंसियां)।** राजस्थान में भ्रष्टाचार निरोधक ब्यूरो (एसीबी) ने जोधपुर में सहायक पुलिस आयुक्त के नाम पर 60 हजार रुपए की रिश्वत लेते हुए एक दलाल को गिरफ्तार किया है।

एसीबी के महानिदेशक डा रवि प्रकाश मेहरड़ा ने बताया कि एसीबी की जोधपुर इकाई ने बुधवार देर रात कार्यवाही करते हुए जोधपुर (वृत्त पश्चिम) की सहायक पुलिस आयुक्त छवि शर्मा के नाम पर परिवादी से 60 हजार रुपए की रिश्वत लेते हुए दलाल नवीन दत्त को रंगे हाथों गिरफ्तार किया है।मेहरड़ा ने बताया कि परिवादी ने एसीबी की जोधपुर इकाई में शिकायत की कि सरदारपुरा थाने में दर्ज दो प्रकरणों में मदद की एवज में अनुसंधान अधिकारी एवं सहायक पुलिस आयुक्त छवि शर्मा के नाम पर दलाल नीवन दत्त एक लाख रुपए की रिश्वत मांग रहा है।इसके बाद शिकायत का सत्यापन करके आरोपी को परिवादी से 60 हजार रुपए की रिश्वत लेते हुए रंगे हाथों गिरफ्तार कर लिया गया। मामले में संदिग्ध अधिकारी छवि शर्मा की भूमिका की जांच की जा रही हैं।

# कलायत में कार में धमाके के साथ लगी आग, पूर्व सरपंच की जिंदा जलकर मौत



**कलायत,30 मई (एजेंसियां)।** हरियाणा के कैथल के कलायत में श्मशान भूमि के मुख्य द्वार के पास बस स्टैंड के पीछे ऑल्टो के-10 कार खड़ी थी। अचानक उसमें धमाका हुआ और आग लग गई। दमकल और पुलिस टीम तुरंत मौके पर पहुंचे और आग पर काबू पाया। कार में बैठे व्यक्ति की पूरी तरह से जल जाने के कारण मौत हो गई।

घटना को लेकर तरह तरह के कयास लगाए जा रहे हैं। शुरुआती तौर पर कार में बाद में लगवाई गई गैस किट को ही दुर्घटना का कारण माना जा रहा है। मृतक की पहचान गांव बालू के गादरा पट्टी के पूर्व सरपंच रमेश कुमार के रूप में हुई।

# महिला ने चाकू से गोदकर की जेठ की हत्या

**जींद,30 मई (एजेंसियां)।** जींद के उचाना में एक महिला ने अपने जेठ की हत्या कर दी। महिला ने पहले व्यक्ति पर चाकू से वार किए और बाद में सिर में ईंट मार दी। इससे व्यक्ति की मौके पर ही मौत हो गई। मामला बुधवार रात को है। सूचना मिलने के बाद सुबह पुलिस मौके पर पहुंची और शव को कब्जे में लिया। पुलिस ने महिला के खिलाफ मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। हत्या का कारण दोनों के बीच आपसी विवाद को बताया जा रहा है।

उचाना थाना पुलिस को दी शिकायत में एक महिला सोनिया ने कहा कि उसकी भाभी कुसुम ने उसके बड़े भाई धर्मबीर की बुधवार रात को हत्या कर दी। सोनिया ने कहा कि पूरा परिवार रात को अपने घर में ही सो रहा था। रात को उसे अचानक चीखने की तेज आवाज सुनाई दी। वह ऊपर बने कमरे में सो रही थी। जब वह नीचे आई तो उसने देखा कि उसकी भाभी कुसुम उसके भाई धर्मबीर पर चाकू से वार कर रही थी। धर्मबीर चाकू लगने से नीचे गिर गया। इसके बाद कुसुम ने ईंट उठाई और उसके सिर पर मार दी। इससे उसके भाई की मौके पर ही मौत हो गई।

उसका शव लहुलूहान अवस्था में जमीन पर पड़ा रहा। सोनिया ने कहा कि इसके बाद कुसुम मौके से फरार हो गई। सोनिया ने बताया कि उसका भाई धर्मबीर अविवाहित था। वह मजदूरी करता था। उचाना थाना प्रभारी पवन कुमार ने बताया कि सोनिया की शिकायत पर कुसुम के खिलाफ हत्या का मामला दर्ज कर उसकी तलाश शुरू कर दी है।

# दो बहनों के इकलौते भाई को घर से बुलाकर ले गया दोस्त, सुबह मिली लाश, पिता ने लगाया हत्या का आरोप

**रेवाड़ी,30 मई (एजेंसियां)।** रेवाड़ी में वीरवार एक युवक को लहूलुहान हालत में रेलवे लाइन के पास फेंक दिया गया। आसपास के लोगों द्वारा घायल को ट्रामा सेंटर में भर्ती कराया गया, जहां पर चिकित्सकों ने उसे मृत घोषित कर दिया। मृतक की पहचान मोहल्ला भजन का बाग निवासी लोकेश उर्फ लक्की (19) के रूप में हुई है। लोकेश ने इसी साल 12वीं की पढ़ाई पूरी की थी। वह 2 बहनों का इकलौता भाई था। उसकी मौत से पूरा परिवार सदमे में है।

पिता यशपाल कुमार ने बताया कि बुधवार देर रात सन्नी नाम का युवक लोकेश को अपने साथ ले गया था। लोकेश अपनी स्कूटी लेकर घर से निकला था, लेकिन उसके बाद वापस नहीं लौटा। परिजनों ने काफी तलाश की, लेकिन उसका कुछ पता नहीं चला। वीरवार सुबह 8 बजे सन्नी लोकेश के घर आया, अपनी स्कूटी बाहर खड़ी की और कहा कि लोकेश एक निजी अस्पताल में भर्ती है। उसके सिर पर चोट लगी है। यह सुनकर लोकेश की मां और चाचा दोनों निजी अस्पताल पहुंचे, लेकिन वहां से उसे ट्रॉमा सेंटर भेज दिया गया। ट्रॉमा सेंटर पहुंचने पर पता चला कि लोकेश की मौत हो चुकी है। यशपाल के अनुसार उसके बेटे के सिर और शरीर के अन्य हिस्सों में गंभीर चोट लगी थी। पिता का आरोप है कि लोकेश का एक सप्ताह पहले झगड़ा हुआ था।

# आज बुध करेंगे वृषभ राशि में प्रवेश

महान ग्रह बुध 31 मई को दोपहर 12:12 मिनट पर मेष राशि की यात्रा समाप्त करके वृषभ राशि में प्रवेश कर रहे हैं। इस राशि पर ये 14 जून की रात्रि 11:05 मिनट तक गोचर करेंगे, उसके बाद मिथुन राशि में चले जाएंगे। मई माह का आखिरी दिन वैदिक ज्योतिष शास्त्र के लिहाज से बहुत ही खास रहने वाला है। दरअसल 31 मई को चार ग्रहों की युति होने वाली है जिससे चतुर्ग्रही योग का निर्माण होगा। 31 मई को बुद्धि, वाणी, व्यापार और तकनीक के ग्रह बुध शुक्रदेव के स्वामित्व वाली राशि वृषभ में प्रवेश करेंगे। वृषभ राशि में पहले से ही सूर्य, शुक्र और गुरु पहले से मौजूद हैं। इस तरह वृषभ राशि में चार ग्रहों की युति से चतुर्ग्रही योग बनेगा। ज्योतिष में चतुर्ग्रही योग को बहुत ही शुभ माना जाता है।

ज्योतिषाचार्य ने बताया कि वैदिक ज्योतिष में शुक्र को प्रेम, भोग-विलास, आकर्षण, सौंदर्य और कला का कारक ग्रह माना गया है जबकि बुध को बुद्धि, व्यापार और संचार का कारक ग्रह होता है। बुध 31 मई को वृषभ राशि में गोचर करेंगे और वृषभ राशि के स्वामी ग्रह शुक्रदेव हैं। वहीं ज्योतिष शास्त्र के अनुसार बुध और शुक्र की बीच मित्रता का भाव रहता है। इस तरह से बुध के अपने मित्र की राशि में गोचर करने कुछ राशि के जातकों को करियर में अच्छा लाभ मिल सकता है। बुध को बुद्धि और वाणी का कारक ग्रह माना जाता है। बुध मिथुन और कन्या राशि के स्वामी हैं और मीन राशि में नीचराशिगत तथा कन्या राशि उच्चराशिगत संज्ञक माने जाते हैं।

**बुध है नपुंसक ग्रह**

बुध पुरुष ग्रह होने के बावजूद नपुंसक ग्रह कहलाता है। अर्थात यह जिस ग्रह के साथ बैठ जाए उसकी तरह व्यवहार करने लगता है। वक्री बुध यदि किसी खराब ग्रह के साथ बैठ गया और उसके खराब फल में वृद्धि हो जाती है।

**बुध का वैदिक मंत्र**

ॐ उद्बुध्यस्वाग्ने प्रति जागृहि त्वमिष्टापूर्ते सं सृजेथामयं च।

अस्मिन्त्सधस्थे अध्युत्तरस्मिन् विश्वेदेवा यजमानश्च सीदत।।

**बुध का तांत्रिक मंत्र**

ॐ बुं बुधाय नमः

**बुध का बीज मंत्र**

ॐ ब्रां ब्रीं ब्रौं सः बुधाय नमः

**क्या होगा असर**

शुक्र ग्रह के पास अमृत संजीवनी है और शुक्र हमेशा पृथ्वी के साथ है। इस कारण बुध के वृषभ राशि में आने से एलर्जी इंफेक्शन संक्रमण के रोगों में कमी आयेगी। बुध के राशि परिवर्तन से लोगों में रचनात्मकता बढ़ेगी। शेयर मार्केट बढ़ने की संभावना है। कीमती धातुओं के दाम कम होंगे। बाजार में खरीदारी बढ़ सकती है। खाने-पीनी की चीजें महंगी हो सकती है। बिजनेस करने वाले लोगों के लिए समय अच्छा रहेगा। लेन-देन और निवेश में कई लोगों को फायदा मिल सकता है। कई नौकरीपेशा लोग जॉब बदलने का मन बना



सकते हैं।

**बुध के उपाय**

बुध से पीड़ित व्यक्ति को मां दुर्गा की आराधना करनी चाहिए। बुधवार के दिन गाय को हरा चारा खिलाना चाहिए और साबूत हरे मूंग का दान करना चाहिए। बुधवार के दिन गणपति को सिंदुर चढ़ाएं। बुधवार के दिन गणेश जी को दूर्वा चढ़ाएं। दूर्वा की 11 या 21 गांठ चढ़ाने से फल जल्दी मिलता है। पालक का दान करे। बुधवार को कन्या पूजा करके हरी वस्तुओं का दान करे।

**बुध के इस गोचर का सभी 12 राशियों पर शुभ-अशुभ प्रभाव**

**मेष राशि :-** पैतृक संपत्ति संबंधी विवाद हल होंगे। कार्यक्षेत्र में षड्यंत्र का शिकार होने से बचें। बेहतर रहेगा कार्य संपन्न करें और सीधे घर आएं। स्वास्थ्य विशेष करके चर्म रोग संबंधी समस्या और पेट संबंधी विकार से सावधान रहना पड़ेगा।



**डॉ. अनीष व्यास**
भविष्यवक्ता और कुण्डली विश्लेषक
पाल बालाजी ज्योतिष संस्थान,जयपुर-जोधपुर
मो.9460872809

**वृषभ राशि :-** प्रेम संबंधी मामलों में प्रगाढ़ता आएगी। संतान संबंधी चिंता दूर होगी। नव दंपति के लिए संतान प्राप्ति और प्रादुर्भाव के भी योग हैं। विद्यार्थी वर्ग विदेश में पढ़ाई करने के लिए जाने का प्रयास कर रहे हों तो उस दृष्टि से भी ग्रह-गोचर अति अनुकूल रहेगा। सोची-समझी सभी रणनीतियां कारगर सिद्ध होंगी।

**मिथुन राशि :-** गुप्त शत्रुओं से बचें और कोई भी कार्य जबतक पूर्ण न हो जाए उसे सार्वजनिक न करें। यात्रा देशाटन का लाभ मिलेगा। विदेशी कंपनियों में सर्विस अथवा नागरिकता के लिए किया गया प्रयास सफल रहेगा। यात्रा के समय सामान चोरी होने से बचाएं।

**कर्क राशि :-** वैवाहिक वार्ता सफल रहेगी। दांपत्य जीवन में भी मधुरता आएगी। नव दंपति के लिए संतान प्राप्ति एवं प्रादुर्भाव के भी योग। प्रेम विवाह करना चाह रहे हों तो उस दृष्टि से भी ग्रह-गोचर अनुकूल रहेगा। नए लोगों से मेल-जोल बढ़ेगा। जिसका परिणाम सुखद रहेगा।

**सिंह राशि :-** माता-पिता के स्वास्थ्य के प्रति चिंतनशील रहें। सरकारी सर्विस के लिए प्रयास करना बेहतर रहेगा। केंद्र अथवा राज्य सरकार के विभागों में भी किसी भी तरह के टेंडर आदि के लिए आवेदन करना चाह रहे हों तो उस दृष्टि से भी ग्रह गोचर अनुकूल रहेगा।

**कन्या राशि :-** रचनात्मक कार्यों में सफलता मिलेगी। जो लोग आपको नीचा दिखाने की कोशिश में लगे थे वही मदद के लिए आएंगे। आध्यात्मिक उन्नति भी होगी। जरूरतमंदों की मदद करने के लिए बढ़ चढ़कर हिस्सा लेंगे। किसी दूसरे देश के लिए वीजा आदि का आवेदन करना हो तो अवसर बेहतर रहेगा।

**तुला राशि :-** स्वास्थ्य के प्रति चिंतनशील रहें। विवादित मामले कोर्ट कचहरी से बाहर ही सुलझाएं। आर्थिक पक्ष मजबूत होगा। जमीन जायदाद संबंधी मामले भी हल होंगे। मकान अथवा वाहन का क्रय करना चाह रहे हों तो उस दृष्टि से भी ग्रह फल अनुकूल रहेगा।

**वृश्चिक राशि :-** किसी नए टेंडर के लिए आवेदन करना हो तो उस दृष्टि से भी ग्रह-गोचर बेहद अनुकूल रहेगा। सामाजिक पद प्रतिष्ठा बढ़ेगी। आपके लिए किसी सम्मान की भी घोषणा हो सकती है। विद्यार्थी वर्ग विदेश पढ़ाई के लिए भी समय बेहद अनुकूल रहेगा।

**धनु राशि :-** स्वास्थ्य विशेष करके पेट संबंधी विकार की चिंता परेशान कर सकती है। मित्रों अथवा संबंधियों से भी अशुभ समाचार प्राप्ति के योग। यात्रा देशाटन का लाभ मिलेगा। कोर्ट कचहरी से संबंधित मामले भी बाहर ही सुलझा लेना समझदारी रहेगी।

**मकर राशि :-** उच्चाधिकारियों से संबंध मजबूत होंगे। सरकारी विभागों के रुके कार्य संपन्न होंगे। प्रेम संबंधी मामलों में प्रगाढ़ता आएगी। प्रेम विवाह भी करना चाह रहे हों तो उस दृष्टि से भी ग्रह गोचर अनुकूल रहेगा। संतान संबंधी चिंता दूर होगी। नव दंपति के लिए संतान प्राप्ति एवं प्रादुर्भाव के भी योग बन रहे हैं।

**कुंभ राशि :-** माता-पिता के स्वास्थ्य के प्रति चिंतनशील रहें। इस अवधि के मध्य किसी को भी अधिक धन उधार के रूप में ना दें अन्यथा आर्थिक हानि का सामना करना ही पड़ेगा। जमीन जायदाद संबंधी मामले तो हल होंगे ही वाहन का क्रय करना चाह रहे हों तो उस दृष्टि से ग्रहफल और अनुकूल रहेगा।

**मीन राशि :-** धर्म और आध्यात्म में रुचि बढ़ेगी। धार्मिक ट्रस्टों तथा अनाथालय आदि में भी दान-पुण्य में सहयोग करेंगे। सामाजिक पद-प्रतिष्ठा बढ़ेगी। अपनी जिम्मेदारियों का बखूबी निर्वहन करेंगे। परिवार में आपसी माहौल खुशनुमा रहेगा। मांगलिक कार्यों का भी सुअवसर आएगा।

# आखिर क्यों होते हैं रुद्राक्ष की माला में 108 दाने?

## जानें इसे पहनने का सही तरीका

रुद्राक्ष की माला सदियों से हिंदू धर्म और संस्कृति का महत्वपूर्ण हिस्सा रही है । भगवान शिव के प्रतीक के रूप में यह माला न केवल धार्मिक महत्व रखती है, बल्कि इसके कई स्वास्थ्य लाभ भी माने जाते हैं। इसके साथ ही वैज्ञानिक दृष्टिकोण से भी इसके कई लाभ हैं। लेकिन क्या आपने कभी सोचा है कि रुद्राक्ष की माला में हमेशा 108 मोती ही क्यों होते हैं। क्या इसके पीछे कोई मान्यताएं हैं या फिर कोई कारण है जिसके कारण रुद्राक्ष की माला में सिर्फ 108 मोती ही होते हैं। अगर आपके दिमाग में यह प्रश्न है और आप इसका उत्तर जानना चाह रहे हैं तो यह खबर आपके लिए है। इस आर्टिकल में हम आपको बताएंगे कि आखिर रुद्राक्ष की माला में 108 मोती ही क्यों होते हैं, आखिर क्या है इसके पीछे की धार्मिक और आध्यात्मिक मान्यताएं।



**108 मोती का रहस्य**

आपको बता दें कि संख्या 108 को ब्रह्मांड में विभिन्न पहलुओं का प्रतीक माना जाता है। इसे 10 इंद्रियों, 8 अंगों और 9 नाड़ियों का प्रतीक भी माना जाता है। इसके साथ ही यह संख्या पूर्णता का अंक माना जाता है। इससे मनुष्य को मोक्ष प्राप्ति में सहायता मिलती है।

**पूर्णता का अंक**

ऐसी पौराणिक मान्यता है कि 108 पूर्णता का अंक है। ऐसा माना जाता है कि अगर हम किसी भी मंत्र का जाप 108 बार करते हैं तो उससे नकारात्मक ऊर्जा दूर हो जाती है। 108 बार मंत्रों का जाप करने से हमारे शरीर में सकारात्मक ऊर्जा का संचार होता है। साथ ही 108 ग्रहों, 12 राशियों और 27 नक्षत्रों का योग भी 108 होता है। इससे हमारे जीवन में सकारात्मक बदलाव आता है।

**मन शांत और एकाग्र होता है**

आपको बता दें कि मानव शरीर में 108 मुख्य तंत्रिकाएं होती हैं। 108 मोतियों वाली माला पहनने से इन तंत्रिकाओं पर सकारात्मक प्रभाव पड़ता है, जिससे मन शांत और एकाग्र होता है। साथ ही अगर वैज्ञानिकों की मानें तो 108 बार मंत्र जाप करने से मानसिक स्थिति मजबूत होती है। इससे हमारा तनाव कम होता है।

**रुद्राक्ष की माला पहनने का सही तरीका क्या है?**

रुद्राक्ष की माला धारण करने से पहले माला को गंगाजल या दूध में 24 घंटे के लिए भिगो दें। फिर, धूप में सुखाकर 'ॐ नमः शिवाय' मंत्र का 108 बार जाप करें। ज्योतिष के अनुसार, रुद्राक्ष की माला को दाएं हाथ में पहनना शुभ माना जाता है। इसके साथ ही माला को गले में या कलाई पर पहना जा सकता है।

# भौम प्रदोष व्रत पर जरूर करें ये विशेष उपाय, आर्थिक तंगी होगी दूर

हर महीने कृष्ण और शुक्ल पक्ष की त्रयोदशी तिथि पर प्रदोष व्रत रखा जाता है। ज्येष्ठ माह के कृष्ण पक्ष की त्रयोदशी 04 जून को है। मंगलवार के दिन पड़ने के चलते यह भौम प्रदोष व्रत कहलाएगा। इस दिन भगवान शिव एवं मां पार्वती की पूजा की जाती है। साथ ही मनोवांछित फल की प्राप्ति हेतु व्रत रखा जाता है। धार्मिक मत है कि भौम प्रदोष व्रत करने से साधक यानी व्रती को कर्ज की समस्या से मुक्ति मिलती है। साथ ही सभी प्रकार के शारीरिक एवं मानसिक कष्ट से भी मुक्ति मिलती है। ज्योतिष शास्त्र में भौम प्रदोष व्रत पर विशेष उपाय करने का विधान है। अगर आप भी आर्थिक विषमता यानी आर्थिक तंगी से निजात पाना चाहते हैं, तो भौम प्रदोष व्रत पर ये विशेष उपाय जरूर करें।




**शुभ मुहूर्त**

ज्योतिषियों की मानें तो ज्येष्ठ माह के कृष्ण पक्ष की त्रयोदशी तिथि 04 जून को देर रात 12 बजकर 18 मिनट पर शुरू होगी और अगले दिन यानी 04 जून को रात 10 बजकर 01 मिनट पर समाप्त होगी। प्रदोष व्रत पर संध्याकाल और निशा काल में भगवान शिव की पूजा की जाती है। अतः 04 जून को भौम प्रदोष व्रत रखा जाएगा।

**भद्रावास योग**

ज्येष्ठ माह के कृष्ण पक्ष की त्रयोदशी तिथि यानी मंगलवार 04 जून को रात्रि में 10 बजकर 01 मिनट से भद्रावास योग का निर्माण हो रहा है। भद्रावास योग पूर्ण रात्रि तक है। इस समय में भगवान शिव की पूजा-उपासना करने से साधक को सभी प्रकार के सुखों की प्राप्ति होगी।

**सर्वार्थ सिद्धि योग**

भौम प्रदोष व्रत पर सर्वार्थ सिद्धि योग का भी संयोग बन रहा है। इस योग का निर्माण देर रात 10 बजकर 35 मिनट से हो रहा है। सर्वार्थ सिद्धि योग सुबह 05 बजकर 23 मिनट तक है। इस योग में शिव जी की साधना करने से साधक को अक्षय फल की प्राप्ति होती है। साथ ही सभी शुभ कार्यों में सिद्धि प्राप्त होती है।

**उपाय**

- अगर आपकी कुंडली में शनि कमजोर है, तो भौम प्रदोष व्रत के दिन स्नान-ध्यान के बाद विधि-विधान से भगवान शिव की पूजा करें। इस समय गंगाजल में काले तिल मिलाकर भगवान शिव का अभिषक करें। पूजा के समय महामृत्युंजय मंत्र का जप शिव चालीसा और शिव तांडव स्तोत्र का पाठ करें। इस उपाय को करने से शिवजी प्रसन्न होते हैं। उनकी कृपा से साधक को शनि बाधा से मुक्ति मिलती है।
- अगर आप मानसिक तनाव की समस्या से परेशान हैं, तो भौम प्रदोष व्रत पर गाय के कच्चे दूध से भगवान शिव का अभिषक करें। साथ ही पूजा के बाद चावल, चीनी और सफेद वस्त्र का दान करें। इस उपाय को करने से मानसिक तनाव की समस्या दूर होती है।
- अगर आपकी शादी में बाधा मंगल दोष के चलते आ रही है, तो भौम प्रदोष व्रत पर स्नान-ध्यान के बाद जल या गंगाजल में शहद और सुगंध मिलाकर अभिषेक करें। इस उपाय को करने से मंगल दोष का प्रभाव समाप्त होता है।
- भौम प्रदोष व्रत पर शुद्ध घी और पंचामृत से भगवान शिव का अभिषेक करने से कुंडली में शुक्र ग्रह मजबूत होता है। इससे जातक को मनचाहा जीवनसाथी मिलता है।
- मकर और कुंभ राशि के जातक नारियल जल से भगवान शिव का अभिषेक करें। इस उपाय को करने से मनोवांछित फल की प्राप्ति होती है। साथ ही सभी प्रकार के दुख और संकट दूर हो जाते हैं।

# शरीर के इन 5 अंगों पर तिल होना होता है बेहद शुभ

वैदिक ज्योतिष में जैसे व्यक्ति की कुंडली में स्थित ग्रहों का विश्लेषण करके फलित किया जाता है। वैसे ही सामुद्रिक शास्त्र में व्यक्ति के शरीर पर मौजूद अंगों के आकार और तिलों का विश्लेषण करके फलित किया जाता है। वहीं यहां हम बात करने जा रहे हैं ऐसे तिलों के बारे में जिनका शरीर पर होना बेहद शुभ माना जाता है। साथ ही जिन लोगों के शरीर पर ये तिल होते हैं। वो लोग धन- संपत्ति के मालिक होते हैं। आइए, जानते हैं कि शरीर के किन अंगों पर तिल होना राजयोग की निशानी है।

**दाहिने गाल पर तिल होना –** सामुद्रिक शास्त्र के अनुसार व्यक्ति के दाहिने गाल पर तिल होना बेहद शुभ होता है। साथ ही ऐसे लोग बहुत कम मेहनत में भी बड़ी कामयाबी पाते हैं। साथ ही ऐसे व्यक्ति की आर्थिक स्थित मजबूत रहती है। वहीं वह अपने पार्टनर के लिए बहुत वफादार होता है। साथ ही उसका पार्टनर के साथ अच्छा तालमेल होता है।

**हथेली के बीचों-बीच तिल होना–** हथेली के बीचों- बीच में तिल होना बेहद शुभ होता है। ऐसे लोगों को हमेशा किस्मत का साथ मिल सकता है। साथ ही ऐसे लोग अपनी मेहनत से समाज में अपनी अलग पहचान बनाते हैं। वहीं अगर मुट्ठी बंद होने पर हथेली में तिल आ जाता है, तो ऐसे लोग जीवनभर बहुत कमाई करते हैं।

## व्यक्ति को मिलता अकूत धन- संपत्ति का लाभ



**शुभ माना जाता है यहां तिल–** जिन लोगों के माथे के राइट साइड पर तिल होता है तो ऐसे लोग जीवन में सभी भौतिक सुखों को प्राप्त करते हैं।वहीं ऐसे व्यक्ति बेहद मेहनती होते हैं और मेहनत से हर मुकान को हासिल करते हैं। वहीं माथे पर लेफ्ट साइड तिल है तो जीवन में कई संकटों का सामना करना पड़ता है।

**नाक पर तिल होना–** सामुद्रिक शास्त्र अनुसार जिन लोगों के नाक पर तिल होता है, वो लोग भाग्यशाली होते हैं।. वहीं ऐसे लोग दूरदर्शी होते हैं। साथ ही जिन लोगों की नाक के अग्रभाग पर तिल होता है, उन्हें जीवन में हर सुख-सुविधाओं की प्राप्ति होती है।

**कमर पर तिल होना–** अगर किसी व्यक्ति के कमर पर तिल बेहद शुभ माना जाात है। वहीं खासतौर पर अगर किसी स्त्री के बाई कमर पर तिल है, तो वो न सिर्फ बहुत धनवान होती है बल्कि उसका व्यक्तित्व भी बहुत आर्कषक होता है। साथ ही वह परिवार और समाज में अपनी अलग पहचान बनाती है।

# सोते समय बेड के सिरहाने क्यों छोड़नी चाहिए खाली जगह?

फेंग शुई एक प्राचीन चीनी दर्शन है जो ऊर्जा के प्रवाह और हमारे जीवन पर उसके प्रभाव को संतुलित करने पर केंद्रित है। किसी मकान की वास्तुकला को डिजाइन करते समय फेंगशुई की तकनीक को शामिल करना सकारात्मक ऊर्जा लाने और जीवन की गुणवत्ता को बढ़ाने का एक शानदार तरीका है। फेंगशुई का मानना है कि हमारे आसपास की व्यवस्था हमारे स्वास्थ्य, धन और रिश्तों सहित जीवन के विभिन्न पहलुओं को प्रभावित कर सकती है। सोते समय सिरहाने खाली जगह छोड़ने का फेंगशुई में विशेष महत्व है। इसका कारण यह है कि यह माना जाता है कि यह सकारात्मक ऊर्जा के प्रवाह को बढ़ावा देता है और नकारात्मक ऊर्जा को दूर रखता है। आइए इस लेख में इसके बारे में विस्तार से जानते हैं।



**खाली जगह के फायदे**

फेंग शुई के अनुसार, सिरहाने खाली जगह छोड़ने से आपको बेहतर नींद आ सकती है। ऐसा इसलिए है क्योंकि यह आपके सिर के चारों ओर ऊर्जा के प्रवाह को अच्छे से होता है, जिससे आपको शांत और आरामदायक महसूस होता है।

खाली जगह तनाव और चिंता को कम करने में भी मदद कर सकती है। ऐसा इसलिए है क्योंकि यह आपके आसपास की ऊर्जा को शांत और संतुलित रखता है।

अगर आप अपने सिरहाने खाली जगह छोड़ते हैं, तो आप पाएंगे कि अधिक एकाग्र और प्रोडक्टिव महसूस कर रहे हैं। ऐसा इसलिए है क्योंकि यह आपके मस्तिष्क में ऊर्जा के प्रवाह को बेहतर बनाता है।

फेंग शुई का मानना है कि खाली जगह आपके समग्र स्वास्थ्य को बेहतर बनाने में मदद कर सकती है, क्योंकि यह आपके शरीर में ऊर्जा के प्रवाह को संतुलित रखता है।

इन सब अलावा जो सबसे खास बात है वो ये कि सोते समय जब सिर के आस पास अगर कोई चीज रखी हुई है तो रात के समय में दिमाग शांत नहीं रहता है। इससे दिमाग में उलझन और तनाव जैसी स्थिति पैदा होती है। इसलिए सोते समय बेड के सिरहाने जगह छोड़ना अच्छा रहता है।

अक्सर लोग किताब पढ़कर अपने सिरहाने रख लेते हैं या फिर दवाई खाकर दवा वहीं छोड़ देते हैं। ऐसा करने से बचना चाहिए साथ ही कोई भी उपकरण जैसे मोबाइल या लैपटॉप जैसी चीजें भी नहीं रखनी चाहिए। फेंगशुई के अनुसार, विशेष रुप से काले रंग के चीजों को खासतौर पर रखने से बचना चाहिए।



## हिना खान के साथ नामाकूल पर काम करना रहा कूल और बवाल: साक्षी म्हाडोलकर

उभरती सितारा साक्षी म्हाडोलकर ने अभी हाल ही में अपने नए शो नामाकूल पर काम करने के एक्सपीरियंस को शेयर किया। उन्होंने ऐसे प्रोजेक्ट का हिस्सा बनने पर अपने आप को खुश किस्मत माना और अपने उत्साह व्यक्त किया। शो पर काम करने के अपने अनुभव को कूल और बवाल बताते हुए साक्षी ने हिना खान के साथ काम करने के अनुभव को भी ख़ास बताया। शो के प्रोडक्शन प्रोसेस के बारे में बात करते हुए साक्षी म्हाडोलकर ने बताया कि सेट पर शुरू से ही बहुत खुशनुमा माहौल होता था। उन्होंने आगे कहा, शो नामाकूल में काम करना बहुत ही कूल और बवाल अनुभव रहा। बहुत ही अच्छी टीम थी और शो के सेट की वाइब बहुत पॉजिटिव थी। मुझे याद है जिस दिन से हमने शो को लेकर तैयारी शुरू की थी, हमने बहुत मजा किया और वह मजा स्क्रीन पर भी नजर आ रहा है। हम लोगों के एंटरटेनमेंट के लिए कुछ बनाना चाहते थे। यह एक लाइट हार्टेड और फन शो है जिसको आप अपने दोस्तों और परिवार वालो के साथ देख सकते है। इस शो को बनाने की जो इंटेंशन थी, वह स्क्रीन पर साफ़ नजर आ रही है। यह मेरा पहला प्रोजेक्ट है, मैंने इस प्रोजेक्ट पर इतने बेहतरीन लोगों के साथ काम किया है और डायरेक्टर रितम श्रीवास्तव के साथ काम करने का मौका मिला, मुझे लगता है मैं भगवान का पसंदीदा बच्चा हूँ। शो में साक्षी ने हिना खान के साथ काम किया है और उनके साथ काम करने को लेकर वह बहुत उत्साहित नजर आयी। उन्होंने हिना खान की शालीनता और प्रोफेशनलिज्म की तारीफ की और उनसे पहली बार मिलने के अपने अनुभव को शेयर किया, जब मैं उनसे पहली बार मिली , मैं हैरान रह गयी। वह अंदर और बाहर दोनों से ही बेहद खूबसूरत है और वह अच्छे से जानती है कि वह क्या कर रही है। वह एक रानी है। बड़े एक्टर्स के साथ के साथ सीमाएं बनाए रखने की सलाह सुनने के बावजूद, साक्षी ने हिना खान को बेहद विनम्र, मददगार और दयालु पाया। उनके लिए यह एक चैलेंज था कि उनके किरदार निहारिका को हिना के किरदार रुबिया के प्रति दुश्मनी दिखानी थी ,जबकि रियल लाइफ में वह उनको बहुत पसंद करती है। जब अपने खुद के एक्टिंग प्रोसेस की बात करनी हो, तो साक्षी अपने आप को एक एक्स्प्लोरर के रूप में देखती है। वह अभी भी सीखने के चरण में है और अपने किरदारों में गहराई जोडऩे के नए तरीके खोज रही है।उन्होंने कहा, अभी मैं एक एक्स्प्लोरर हूँ। मेरा कोई प्रोसेस नहीं है , मैं सीख रही हूं, खोज रही हूँ और जो किरदार मैं निभा रही हूँ ,उनमे कुछ नया डालने की कोशिश कर रही हूँ।

मुझे अपने डायरेक्टर पर पूरा भरोसा है, मैं उन्हें अपने लिए एक दुनिया बनाने देती हूँ और उसमे अपनी भूमिका निभाती हूँ। मैं अपनी पूरी तैयारी करती हूँ, सेट ओर जाने से पहले अपना होमवर्क पूरा करके जाती हूँ। अपने नए प्रोजेक्ट के बारे में बात करते हुए साक्षी ने कहा, मैं अपने नए प्रोजेक्ट पर काम कर रही हूँ. हमने शूट शुरू कर दिया है। यह एक वेब शो है जो थोड़ा थ्रिलिंग, किलिंग और एक्साइटिंग है। रितम श्रीवास्तव द्वारा निर्देशित इस श्रृंखला में हिना खान, अभिनव शर्मा, फैसल मलिक, अनुष्का कौशिक, सतीश बादल, अभिषेक बजाज, साक्षी म्हाडोलकर, आरोन अर्जुन कौल शामिल हैं।




मिसेज इंडिया तेलंगाना की मौजूदा अध्यक्ष डॉ. प्रीति अदुसुमिली को पिछले रविवार को गुड़गांव में आयोजित मिसेज इंडिया पेजेंट के एक शानदार समारोह में प्रतिष्ठित कॉर्पोरेट क्वीन मिसेज इंडिया 2024 और क्लासिक मिसेज इंडिया 2024 का ताज पहनाया गया। इस समारोह में फैशन और ग्लैमर जगत की कई नामचीन हस्तियाँ मौजूद थीं। डॉ. प्रीति अदुसुमिली ने राष्ट्रीय प्रतियोगिता में तेलंगाना राज्य का प्रतिनिधित्व किया था और सितंबर 2023 में मिसेज इंडिया तेलंगाना रनर अप का खिताब जीता।

# करीना कपूर खान ने शिमरी ड्रेस पहन बढ़ाया इंटरनेट का पारा

बॉलीवुड इंडस्ट्री की सबसे हसीन एक्ट्रेसेस में से एक करीना कपूर खान की फिल्म क्रू हाल ही में रिलीज हुई है। इस मूवी को लोगों ने काफी अच्छा रिस्पॉन्स दिया है। बॉक्स ऑफिस पर भी करीना कपूर की फिल्म क्रू ने काफी अच्छा परफॉर्म किया है। बता दें कि 43 साल की उम्र में भी करीना कपूर खान बेहद बोल्ड लगती हैं। उनका इंस्टाग्राम अकाउंट इस बात की गवाही देता है। इस बीच करीना कपूर खान की कुछ तस्वीरें सामने आई हैं, जिनमें वो बोल्डनेस का तड़का लगाती नजर आ रही हैं। बॉलीवुड अदाकारा करीना कपूर खान ने अपने इंस्टाग्राम अकाउंट को अपडेट करते हुए कुछ तस्वीरें शेयर की हैं, जिनमें वो किसी अप्सरा से कम नहीं लग रही हैं। इन तस्वीरों को देख लोग घायल हो गए हैं।सामने आई इन फोटोज में बॉलीवुड की बेबो करीना कपूर ने कैमरे के सामने बोल्ड अवतार दिखाया है। करीना कपूर का ये लुक देखते ही बन रहा है।लेटेस्ट फोटोशूट में बॉलीवुड की बोल्डनेस क्वीन करीना कपूर खान ने कैमरे के सामने एक से बढ़कर एक पोज दिए हैं। करीना कपूर का हर एक पोज फैंस को मदहोश कर रहा है। बॉलीवुड की बेबो यानी करीना कपूर खान की इन तस्वीरों पर हर कोई फिदा हो गया है। बेबो की इन फोटोज से लोगों की नजरें नहीं हट रही है। करीना की इन फोटोज पर लोग जान छिड़क रहे हैं।बॉलीवुड अदाकारा करीना कपूर खान का देसी लुक इंटरनेट पर आते ही छा जाता है। सामने आई इस तस्वीर में करीना कपूर खान साड़ी में अपना जलवा बिखेर रही हैं। बताते चलें कि बॉलीवुड एक्ट्रेस करीना कपूर खान 43 साल की उम्र में भी बेहद फिट हैं। इस लिए करीन जिम में घंटों पसीने बहाती हैं। साथ ही वो योगा भी करती हैं।बॉलीवुड की बेबो यानी करीना कपूर खान सोशल मीडिया के जरिए अपने फैंस से जुड़ी हुई है। करीना अक्सर अपनी तस्वीरें और वीडियोज शेयर कर फैंस को विजुअल ट्रीट देती रहती हैं। बताते चलें कि बॉलीवुड एक्ट्रेस करीना कपूर खान जल्द ही अजय देवगन की फिल्म सिंघम अगेन में नजर आएंगी। इस मूवी में करीना जमकर एक्शन करने वाली हैं। फैंस इस फिल्म का बेसब्री से इंतजार कर रहे हैं।







## समुद्र किनारे मोनालिसा ने बेहद ग्लैमरस पोज देकर ढाया कहर

भोजपुरी एक्ट्रेस मोनालिसा हमेशा अपने स्टनिंग और बोल्ड लुक्स से इंटरनेट पर कहर बरपाती रहती हैं। उनका हर लुक सोशल मीडिया पर पोस्ट होते ही वायरल होने लगता है। हाल ही में मोनालिसा ने अपने लेटेस्ट फोटोशूट की तस्वीरें इंस्टाग्राम पर शेयर की हैं। इन तस्वीरों में उनका मस्तीभरा अंदाज देखकर फैंस उनकी तारीफ करते नहीं थक रहे हैं।टीवी इंडस्ट्री की खूबसूरत और बोल्ड अभिनेत्रियों में से एक मोनालिसा हमेशा अपनी लेटेस्ट पोस्ट से सोशल मीडिया पर बवाल मचाती रहती हैं।हाल ही में एक्ट्रेस ने अपने लेटेस्ट हॉट फोटोशूट की तस्वीरें फैंस के बीच साझा की हैं। इन तस्वीरों में उनका हॉटनेस भरा अंदाज देखकर फैंस मदहोश हो गए हैं।बता दें एक्ट्रेस मोनालिसा जब भी अपनी तस्वीरें इंस्टाग्राम पर पोस्ट करती हैं फैंस उनकी हर एक पोस्ट पर अपनी-अपनी प्रतिक्रियाएं देते हुए नहीं थकते हैं।इन तस्वीरों में देख सकते हैं एक्ट्रेस मोनालिसा ने ब्लू कलर का थाई स्लिट स्कर्ट और क्रॉप टॉप पहना हुआ है, जिसमें वो किलर अंदाज में पोज देती हुई एक से बढ़कर एक पोज दे रही हैं।सिर पर हेट, खुले बाल और न्यूड मेकअप कर के एक्ट्रेस मोनालिसा ने अपने आउटलुक को कंप्लीट किया है। साथ ही उनके चेहरे पर प्यारी सी स्माइल एक्ट्रेस के लुक पर चार चांद लगा रही है।समुंद्र के किनारे एक्ट्रेस मोनालिसा खूबसूरत तस्वीरें क्लिक करवाती हुई और साथ ही मौसम का लुत्फ उठाती हुई नजर आ रही हैं। उनका ये अवतार देखकर फैंस भी कॉमेंट्स करने से नहीं रुक रहे हैं।बता दें एक्ट्रेस की फैन फॉलोइंग लिस्ट काफी तगड़ी है। उनका हर एक लुक देखने के लिए फैंस काफी बेताब रहते हैं।



साल 2023 में बॉलीवुड स्टार सनी देओल ने फिल्म गदर 2 से धांसू कमबैक किया था। सनी देओल की इस मूवी ने बॉक्स ऑफिस पर ऐसी कमाई की थी कि लोगों के होश उड़ गए थे। सनी देओल की फिल्म गदर 2 ब्लॉकबस्टर साबित हुई थी। इस मूवी के बाद सनी देओल की झोली में कई फिल्में गिर गई। इस लिस्ट में बॉर्डर 2 समेत कई मूवीज के नाम शामिल हैं। इस बीच सनी देओल मुश्किलों में फंसते नजर आ रहे हैं। सनी देओल को लेकर एक रिपोर्ट सामने आई है, जिसमें ये बताया गया है कि एक्टर ने एक फिल्ममेकर के साथ धोखा किया है। आइए

## सनी देओल पर लगा धोखाधड़ी और झूठ बोलने का आरोप

### एक्टर ने इस फिल्ममेकर संग की जालसाजी

इस रिपोर्ट में जानते हैं सनी देओल पर फिल्ममेकर ने क्या आरोप लगाया है।

**सनी देओल पर फिल्ममेकर ने लगाया आरोप**

एंटरटेनमेंट (एपींर्शीिंरळपाशपीं छ्शुी) वर्ल्ड के स्टार सनी देओल से जुड़ी एक खबर ने इंटरनेट पर हलचल बढ़ा दी है। दरअसल, फिल्ममेकर सौरव गुप्ता ने सनी देओल ने हमला बोल दिया है। सौरव गुप्ता ने एक प्रेस कॉन्फ्रेंस करते हुए सनी देओल पर जमकर निशाना साधा है। उन्होंने सनी पर धोखा देने और झूठे बोलने का आरोप लगाया है। फिल्ममेकर ने एचटी सिटी खास बातचीत की है, जिसमें उन्होंने कई खुलासे किए हैं। सौरव गुप्ता ने बताया कि साल 2016 में सनी देओल ने एक मूवी साइन की थी, जिसके लिए उन्होंने 4 करोड़ रुपये मांगे थे। हमने सनी देओल को 1 करोड़ पहले ही दे दिए थे। पैसे लेने के बाद सनी देओल दूसरी मूवी पोस्टर बॉयज की शूटिंग करने लगे। इस दौरान वो हमलोगों से और पैसे मांगते रहे। अभी तक उनके अकाउंट में हमारी तरफ से 2.55 करोड़ रुपए भेजे जा चुके हैं।

**सनी देओल ने अचानक बढ़ा दी फीस**

बताते चलें कि फिल्ममेकर सौरव गुप्ता ने ये कहा है कि सनी देओल ने अपनी फीस अचानक से बढ़ा दी थी। सौरव गुप्ता ने कहा, 'गदर 2 के हिट होने के बाद साल 2023 में हमने सनी देओल के साथ अग्रीमेंट पढ़ा तो हम दंग रह गए। उसमें एक पन्ना ही पूरी तरह से बदल दिया गया था। जहां पहले सनी देओल ने 4 करोड़ रुपये मांगे थे। वहीं अब सनी देओल ने इसे बढ़ाकर 8 करोड़ कर दिया है।' अब देखना ये दिलचस्प होगा कि सनी देओल को लेकर ये बातें सच है या फिर झूठ। इसपर आपकी क्या राय है हमें कमेंट करके जरूर बताएं।

संपादकीय

# बुजुर्गों के बीमे का सच

**प्रधानमंत्री** मोदी की एक चुनावी गारंटी है कि अब 70 वर्ष की उम्र या उससे अधिक के प्रत्येक नागरिक को 'आयुष्मान' योजना का लाभ मिलेगा। वे 5 लाख रुपए तक का इलाज मुफ्त ही करा सकेंगे। यदि प्रधानमंत्री की भावना वरिष्ठ नागरिकों को स्वास्थ्य कवर देने की थी, तो इस आयु-वर्ग के दायरे में 65 साल के वरिष्ठ नागरिक भी रखे जा सकते थे, क्योंकि इस उम्र तक बीमारियां पकने लगती हैं और इलाज की सख्त जरूरत होती है। इस सूची में मधुमेह, रक्तचाप, हृदय रोग, कैंसर, किडनी, प्रोस्टेट से जुड़ी बीमारियां रखी जा सकती हैं, जो उम्र के साथ-साथ बढने लगती हैं। यदि प्रधानमंत्री ने ऐसा किया होता, तो न केवल देश के बुजुर्ग उन्हें ढेरों आशीर्वाद देते, बल्कि सकल जीवन प्रत्याशा भी बढ़ती। दरअसल बूढ़ों को स्वास्थ्य कवर देना बेहद गंभीर और जरूरी मुद्दा है, क्योंकि स्वास्थ्य बीमा कंपनियां वरिष्ठ नागरिकों को कवर देने से कन्नी काटती हैं या साफ इंकार कर देती हैं। अधिकतर निजी कंपनियों के बीमे की किस्त बेहद महंगी होती है, जिसे बिना पेंशन वाले बुजुर्ग वहन नहीं कर सकते। जो सरकारी सेवाओं में रहे हैं, उनके लिए सीजीएचएस जैसी सुविधाएं ताउम्र उपलब्ध हैं। ऐसे बहुत कम फीसदी लोग हैं। आम आदमी के लिए बीमा कंपनियों की शर्तें इतनी महीन छापी जाती हैं कि उन्हें पढना असंभव होता है, लिहाजा बीमा लेने वालों को एजेंट के कथनों पर ही भरोसा करना पड़ता है। सरकारी डाटा ही खुलासा करता है कि मात्र 6 फीसदी आबादी उन वरिष्ठ नागरिकों की है, जिनके पास अपना स्वास्थ्य बीमा कवर है, जबकि भारतीय बीमा नियामक एवं विकास प्राधिकरण (इरडाई) बुजुर्गों की भागीदारी को प्रोत्साहित करता रहा है। यह एक संवैधानिक निकाय है, जिसका गठन संसद में पारित बिल के जरिए किया गया था, ताकि बीमा बाजार पर निगाह रखी जा सके। इसके बावजूद देश और समाज के सबसे संवेदनशील समूह को बीमे के फायदों और जरूरत से बाहर रखा गया है, क्योंकि बीमे की किस्त वाकई बेहद महंगी है। प्रधानमंत्री की गारंटी 'मास्टर स्ट्रोक' साबित हो सकती थी। इरडाई का ही डाटा है कि 144 करोड़ के देश में 55 करोड़ के पास ही स्वास्थ्य कवर है। औसतन 100 में से 54 कवर सरकार द्वारा प्रायोजित होते हैं। किस्त के तौर पर कमाए गए प्रति 100 रुपए में से 91 रुपए व्यक्तिगत और समूह बीमा पॉलिसी से आते हैं। 'पॉलिसी बाजार' नामक बीमा कंपनी के सर्वेक्षण के मुताबिक, देश में 96 फीसदी लोग स्वास्थ्य बीमा जानते हैं, लेकिन 43 फीसदी ने ही पॉलिसी ले रखी है। औसतन 3 में से 2 लोग महसूस करते हैं कि बीमा किस्त बेहद महंगी है। नीतियां और शर्तें बेहद पेचीदा हैं, लूट भी लेती हैं, भुगतान की शर्तें बिल्कुल अस्पष्ट हैं और कई बीमारियों को कवरेज की सूची से बाहर रखा गया है और बीमाधारक को यह स्पष्ट नहीं किया जाता। यह धोखाधड़ी अधिकतर कंपनियां कर रही हैं। दरअसल स्वास्थ्य बीमा का बाजार बड़ा प्रतियोगी है। बीते 2023 के अंत में 29 कंपनियां ऐसी थीं, जो स्वास्थ्य की नीतियां और शर्तें तय कर रही थीं। गैर-जीवन बीमा बाजार का यह सबसे बड़ा हिस्सा, भाग है। बेशक यह बीमा-क्षेत्र बढ़ भी रहा है, क्योंकि लोग स्वास्थ्य के प्रति ज्यादा सचेत होने लगे हैं। 2023 में ही स्वास्थ्य बीमा की किस्त 21 फीसदी बढ़ाई गई, जो गैर-जीवन बीमा क्षेत्र की सकल वृद्धि से 7 फीसदी अधिक थी। भारतीय जीवन बीमा निगम (एलआईसी) जीवन बीमा के बाजार का सिरमौर अब भी है। अब भी उसमें भारत सरकार की हिस्सेदारी सर्वाधिक है। वह स्वास्थ्य बीमा के क्षेत्र में भी उतरने और धमक मचाने पर विचार कर रही है। यह कंपनी 'मील पत्थर' स्थापित करने में भी सक्षम है। एलआईसी का सालाना मुनाफा 40,000 करोड़ रुपए से अधिक का है, लिहाजा उसके शेयर की कीमत, बीते अक्तूबर से ही, दोगुनी हो गई है। बड़ा और महत्वपूर्ण सवाल यह है कि आम बीमा उपभोक्ता के लिए एलआईसी के संभावित प्रयास के मायने और फायदे क्या होंगे? क्या बुजुर्गों की उपेक्षित जमात को रियायती किस्त पर स्वास्थ्य कवर मिल सकेगा? या प्रधानमंत्री मोदी ही अपने तीसरे कार्यकाल में कोई सामाजिक पहल करेंगे? देश में बनने वाली नई सरकार को समझ लेना चाहिए कि अगर उसे बड़े बुजुर्गों का आशीर्वाद चाहिए, तो इस योजना का लाभ 65 वर्ष आयु वाले वरिष्ठ नागरिकों को देना होगा।

प्रधानमंत्री की भावना वरिष्ठ नागरिकों को स्वास्थ्य कवर देने की थी, तो इस आयु-वर्ग के दायरे में 65 साल के वरिष्ठ नागरिक भी रखे जा सकते थे, क्योंकि इस उम्र तक बीमारियां पकने लगती हैं और इलाज की सख्त जरूरत होती है। इस सूची में मधुमेह, रक्तचाप, हृदय रोग, कैंसर, किडनी, प्रोस्टेट से जुड़ी बीमारियां रखी जा सकती हैं, जो उम्र के साथ-साथ बढने लगती हैं। यदि प्रधानमंत्री ने ऐसा किया होता, तो न केवल देश के बुजुर्ग उन्हें ढेरों आशीर्वाद देते, बल्कि सकल जीवन प्रत्याशा भी बढ़ती। दरअसल बूढ़ों को स्वास्थ्य कवर देना बेहद गंभीर और जरूरी मुद्दा है, क्योंकि स्वास्थ्य बीमा कंपनियां वरिष्ठ नागरिकों को कवर देने से कन्नी काटती हैं या साफ इंकार कर देती हैं। अधिकतर निजी कंपनियों के बीमे की किस्त बेहद महंगी होती है, जिसे बिना पेंशन वाले बुजुर्ग वहन नहीं कर सकते। जो सरकारी सेवाओं में रहे हैं, उनके लिए सीजीएचएस जैसी सुविधाएं ताउम्र उपलब्ध हैं। ऐसे बहुत कम फीसदी लोग हैं।


## आपदाओं को रोकने में सरकारी अधिकारियों की लापरवाही की निंदा की जा रही है

# अग्निकांड़ों ने हर भारतीय का दिल जख्मी किया

ललित गर्ग

'अग्निकांड' एक ऐसा शब्द है जिसे पढ़ते ही कुछ दृश्य आंखों के सामने आ जाते हैं, जो भयावह होते हैं, त्रासद होते हैं, डरावने होते हैं। जीवन का हर पल दुर्घटनाओं का शिकार हो रहा है। दुर्घटनाओं को लेकर आम आदमी में संवेदनहीनता की काली छाया का पसरना हो या सरकार की आंखों पर काली पट्टी का बंधना-हर स्थिति में मनुष्य जीवन के अस्तित्व एवं अस्मिता पर सन्नाटा पसर रहा है।

**गुजरात** के राजकोट में एक एम्यूजमेंट पार्क के अंदर गेमिंग जोन में लगी आग की लपटें अभी ठीक से बुझी भी नहीं थीं कि शनिवार देर रात राष्ट्रीय राजधानी दिल्ली में बच्चों के एक प्राइवेट हॉस्पिटल में आग लगने से सात नवजात बच्चों की जान चली गयी। दोनों ही घटनाओं में हताहत होने वालों में ज्यादातर छोटे बच्चे हैं। निश्चित रूप से ये हादसे प्रशासनिक लापरवाही की उपज हैं, यही कारण है कि सिस्टम में खामियों और ऐसी आपदाओं को रोकने में सरकारी अधिकारियों की लापरवाही की निंदा की जा रही है। यह याद रखने योग्य है कि नियमित अंतराल पर मानवीय जिम्मेदारी वाले पहलू की अनदेखी से ऐसी गंभीर घटनाएं होने के बावजूद अधिकारियों की उदासीनता और लापरवाही कम होती नहीं दिख रही है। इन जहरीली काली आग ने कितने ही परिवारों के घर के चिराग बुझा दिए। कितनी ही आंखों की रोशनी छीन ली और एक कालिख पोत दी कानून और व्यवस्था के कर्णधारों के मुँह पर। 'अग्निकांड' एक ऐसा शब्द है जिसे पढ़ते ही कुछ दृश्य आंखों के सामने आ जाते हैं, जो भयावह होते हैं, त्रासद होते हैं, डरावने होते हैं। जीवन का हर पल दुर्घटनाओं का शिकार हो रहा है। दुर्घटनाओं को लेकर आम आदमी में संवेदनहीनता की काली छाया का पसरना हो या सरकार की आंखों पर काली पट्टी का बंधना-हर स्थिति में मनुष्य जीवन के अस्तित्व एवं अस्मिता पर सन्नाटा पसर रहा है। इन दोनों मामलों में शुरुआती सूचनाएं ही संदेह का पुख्ता आधार प्रदान कर रही हैं। मसलन, यह बताया गया कि राजकोट के प्राइवेट एम्यूजमेंट पार्क में चल रहे गेमिंग जोन को फायर एनओसी नहीं मिला था। इसके बावजूद यह गेमिंग जोन धड़ल्ले से चल रहा था, बड़ी संख्या में बच्चे यहां महंगे टिकट लेकर आ रहे थे और अगर आग लगने की यह घटना न होती तो पता नहीं कब तक सब कुछ ऐसे ही चलता रहता। ठीक इसी तरह दिल्ली के बेबी केयर सेंटर की आग की घटना ने सभी को झकझोर कर रख दिया है। एनआईसीयू में वेंटिलेटर पर ही 7 नवजात ने दम



तोड़ दिया। आग की लपटें इतनी तेज थी कि बच्चों को पीछे के रास्ते से बड़ी मुश्किल से निकाला गया। 5 बेड की क्षमता वाले हॉस्पिटल में 12 बच्चों का इलाज हो रहा था। जाहिर है, एक बेड पर दो या तीन बच्चे थे। आग लगने, हॉस्पिटल के मिस मैनेजमेंट और लापरवाही का क्या स्थानीय प्रशासन को अंदाजा नहीं होना चाहिए कि उसके कार्यक्षेत्र में किस तरह के व्यवसाय कानूनी प्रक्रियाओं की अनदेखी करते हुए चलाए जा रहे हैं? प्रश्न है कि इन बढ़ती दुर्घटनाओं की नृशंस चुनौतियों का क्या अंत है? बहुत कठिन है दुर्घटनाओं की उफनती नदी में जीवनरूपी नौका को सही दिशा में ले चलना और मुकाम तक पहुंचाना, यह चुनौती सरकार के सम्मुख तो है ही, आम जनता भी इससे बच नहीं सकती। इन दोनों अग्निकांड़ों में पीड़तिजन तो सहानुभूति के पात्र हैं ही, पर इन घटनाओं के लिए सहानुभूति की पात्र देश की जनता भी है, जो भ्रष्ट, लापरवाह एवं लालची प्रशासनिक चरित्रों को झेल रही है। मनुष्य अपने स्वार्थ और रुपए के लिए इस सीमा तक बेईमान और बदमाश हो जाता है कि हजारों के जीवन और सुरक्षा से खेलता है। दो-चार परिवारों की सुख समृद्धि के लिए अनेक घर-परिवार उजाड़ देता है। राजकोट हो या राजधानी में प्राइवेट संस्थानों में आग लगना- बेकसूर लोगों के मारे जाने की घटनाएं कोई नई या चौंकाने वाली बात नहीं है। कभी कोई फैक्ट्री इस वजह से सुर्खियों में आती है तो कभी कोचिंग संस्थान। कभी कोई अस्पताल तो कभी एम्यूजमेंट पार्क। घटना के बाद पता चलता है कि वे संस्थान तमाम कानूनी प्रक्रियाओं को ताक पर रखते हुए चलाए जा रहे थे। यही वजह है कि दोनों ही मामलों में तत्काल जांच के आदेश दे दिए गए। मगर आम तौर पर ऐसे आदेश घटना से उपजे असुविधाजनक एवं ज्वलंत सवालों की ओर से लोगों का ध्यान हटाने भर का काम करते हैं। आसमान से बरसती आग के बीच शनिवार को हुए इन दोनों अग्निकांडों में मासूमों व बच्चों की मौत ने हर संवेदनशील व्यक्ति को झकझोरा है। तंत्र की काहिली और आपराधिक लापरवाही के चलत ऐसे हादसे होते हैं जिनमें भ्रष्टाचार पसरा होता है, जब अफसरशाह लापरवाही करते हैं, जब स्वार्थ एवं धनलोलुपता में मूल्य बौने हो जाते हैं और नियमों और कायदे-कानूनों का उल्लंघन होता है। आग क्यों और कैसे लगी, यह तो जांच का विषय है ही लेकिन इन व्यावसायिक इकाइयों को उसके मालिकों ने मौत का कुआं बना रखा था। आखिर क्या वजह है कि जहां दुर्घटनाओं की ज्यादा संभावनाएं होती हैं, वही सारी व्यवस्थाएं फेल दिखाई देती है? सारे कानून कायदों का वहीं पर स्याह हनन होता है। हर दुर्घटना में गलती भ्रष्ट आदमी यानी अधिकारी एवं व्यवसायी की ही होती है पर कारण बना दिया जाता हैं पुर्जों व उपकरणों की खराबी को। जैसे-जैसे जीवन तेज़ होता जा रहा है, सुरक्षा उतनी ही कम हो रही है, जैसे-जैसे प्रशासनिक सर्तकता की बात सुनाई देती है, वैसे-वैसे प्रशासनिक कोताही के सबूत सामने आते हैं, मरने वालों की संख्या बढ़ रही है, लेकिन हर बड़ी दुर्घटना कुछ शोर-शराबें के बाद एक और नई दुर्घटना की बाट जोहने लगती है। सरकार और सरकारी विभाग जितनी तत्परता मुआवजा देने में और जांच समिति बनाने में दिखाते हैं, अगर सुरक्षा प्रबंधों में इतनी तत्परता दिखाएं तो दुर्घटनाओं की संख्या घट सकती है। लेकिन ऐसा नहीं हो रहा है, क्यों नहीं हो रहा है, यह मंथन का विषय है। राजधानी दिल्ली ही नहीं, देश में हर जगह कानूनों एवं व्यवस्थाओं की धज्जियां उड़ते हुए देखा जा सकता है।

दृष्टि कोण

# खेतों से उजड़ते पेड़ मानवीय अस्तित्व को खतरा

**न** तो अब खेतों में कोयल की कूक सुनाई देती है और न ही सावन के झूले पड़ते हैं। यदि फसल को किसी आपदा का ग्रहण लग जाए तो अतिरिक्त आय का जरिया होने वाले फल भी गायब हैं। अंतर्राष्ट्रीय शोध पत्रिका 'नेचर सस्टैनबिलिटी' में 15 मई, 2024 को प्रकाशित आलेख बताता है कि भारत में खेतों में पेड़ लगाने की परंपरा अब समाप्त हो रही है। कृषि-वानिकी का मेलजोल कभी भारत के किसानों की ताकत था। देश के कई पर्व-त्योहार, लोकाचार, गीत-संगीत खेतों में खड़े पेड़ों के इर्द-गिर्द रहे हैं। मार्टिन ब्रांट, दिमित्री गोमिंस्की, फ्लोरियन रेनर, अंकित करिरिया, वेंकन्ना बाबू गुथुला, फ़िलिप सियाइस, ज़ियाओये टोंग, वेनमिन झांग, धनपाल गोविंदराजुलु, डैनियल ऑर्टिज़-गोंज़ालो और रासमस फेंशोल्टन के बड़े दल ने भारत के विभिन्न हिस्सों में आंचलिक क्षेत्रों में जा कर शोध कर पाया कि अब खेत किनारे छाया मिलना मुश्किल है। इसके कई विषम परिणाम खेत झेल रहा है। जब देश में बढ़ता तापमान व्यापक समस्या के रूप में सामने खड़ा है और सभी जानते हैं कि धरती पर अधिक से अधिक हरियाली की छतरी ही इससे बचाव का जरिया है। ऐसे में इस शोध का यह परिणाम गंभीर चेतावनी है कि बीते पांच वर्षों में हमारे खेतों से 53 लाख फलदार व छायादार पेड़ गायब हो गए हैं। इनमें नीम, जामुन, महुआ और कटहल जैसे पेड़ प्रमुख हैं। इन शोधकर्ताओं ने भारत के खेतों में मौजूद 60 करोड़ पेड़ों का नक्शा तैयार किया और फिर लगातार दस साल उनकी निगरानी की। कोपेनहेगन विश्वविद्यालय के शोधकर्ताओं के अध्ययन के अनुसार, देश में प्रति हेक्टेयर पेड़ों की औसत संख्या 0.6 दर्ज की गई। इनका सबसे ज्यादा घनत्व उत्तर-पश्चिमी भारत में राजस्थान और दक्षिण-मध्य क्षेत्र में छत्तीसगढ़ में दर्ज किया गया है। यहां पेड़ों की मौजूदगी प्रति हेक्टेयर 22 तक दर्ज की गई। रिपोर्ट से सामने आया कि खेतों में सबसे अधिक पेड़ उजाड़ने में तेलंगाना और महाराष्ट्र अव्वल रहे हैं। जिन पेड़ों को 2010-11 में दर्ज किया गया था उनमें से करीब 11 फीसदी बड़े छायादार पेड़ 2018 तक गायब हो चुके थे। बहुत जगहों पर तो खेतों में मौजूद आधे पेड़



गायब हो चुके हैं। अध्ययन से यह भी पता चला है कि 2018 से 2022 के बीच करीब 53 लाख पेड़ खेतों से अदृश्य थे। यानी इस दौरान हर किमी क्षेत्र से औसतन 2.7 पेड़ नदारद मिले। वहीं कुछ क्षेत्रों में तो हर किमी क्षेत्र से 50 तक पेड़ गायब हो चुके हैं। यह विचार करना होगा कि आखिर किसान ने अपने खेतों से पेड़ों को उजाड़ा क्यों? किसान भलीभांति जानता है कि खेत की मेड़ पर छायादार पेड़ होने का अर्थ है पानी संचयन, पत्तों और पेड़ पर बिराजने वाले पंछियों की बीट से निशुल्क कीमती खाद, मिट्टी की मजबूत पकड़ और सबसे बड़ी बात खेत में हर समय किसी बड़े बूढ़े के बने रहने का अहसास। इन पेड़ों पर पक्षियों का बसेरा भी रहता था। जो फसलों में लगने वाले कीट-पतंगों से रक्षा करते थे। फसलों को नुकसान करने वाले कीटाणु सबसे पहले मेड़ के पेड़ पर ही बैठते हैं। उन पेड़ों पर दवाओं का छिड़काव कर दिया जाए तो फसलों पर छिड़काव करने से बचत हो सकती है। जलावन, फल-फूल से अतिरिक्त आय तो है ही। इसके बावजूद नीम, महुआ, जामुन, कटहल, खेजड़ी (शमी), बबूल, शीशम व नारियल आदि जैसे बहुउद्देशीय पेड़ों का काटा जाना, जिनका मुकुट 67 वर्ग मीटर या उससे अधिक था, किसान की किसी बड़ी मजबूरी की तरफ इशारा करता है। एक बात समझना होगा कि हमारे यहां तेजी से खेती का रकबा कम होता जा रहा है। एक तो घरों में ही खेती की जमीन का बंटवारा हुआ, फिर लोगों ने समय-समय पर व्यवसायिक इस्तेमाल के लिए खेतों को बेचा। आज से पचास साल पहले 1970-71 तक देश के कुल किसानों में से आधे किसान सीमांत थे। सीमांत यानि जिनके पास एक हेक्टेयर या उससे कम जमीन हो। 2015-16 आते-आते सीमांत किसान बढ़कर 68 प्रतिशत हो गए हैं। अनुमान यह कि आज इनकी संख्या 75 फीसदी है। सरकारी आंकड़ा कहता है कि सीमांत किसानों की औसत खेती 0.4 हेक्टेयर से घटकर 0.38 हेक्टेयर रह गई है।

कुछ अलग

# युवाओं में कैंसर

**निश्चित** रूप से यह बेहद चिंता बढ़ाने वाला निष्कर्ष है कि भारत में कैंसर तेजी से युवाओं को अपनी चपेट में ले रहा है। जो हमारी जीवनशैली व खानपान की आदतों में आये बदलावों का भी सूचक है। दरअसल, कैंसर विशेषज्ञों के समूह द्वारा कैंसर मुक्त भारत फाउंडेशन के तहत एक अध्ययन में यह तथ्य सामने आया कि कैंसर तेजी से युवाओं को प्रभावित कर रहा है। अध्ययन बताता है कि देश में बीस फीसदी मामले चालीस वर्ष से कम आयु के पुरुषों व महिलाओं में पाए गए हैं। जिसमें साठ फीसदी मरीज पुरुष हैं। कैंसर के सबसे ज्यादा मामले सिर व गर्दन के कैंसर के हैं, जो करीब छब्बीस प्रतिशत बताए गए हैं। इसके बाद ये आंकड़े बताते हैं कि सोलह फीसदी मामले गैस्ट्रोइंटेस्टाइनल कैंसर के, पंद्रह फीसदी स्तन कैंसर तथा रक्त कैंसर के मामले नौ फीसदी हैं। कैंसर विशेषज्ञों का मानना है कि युवा पीढ़ी में बढ़ते कैंसर के खतरे की वजह तंबाकू व शराब का सेवन है। वहीं दूसरी ओर मोटापा भी एक बड़ा कारक है। जिसके मूल में युवाओं का निष्क्रिय जीवन भी है। विशेषज्ञों का मानना है कि कैंसर के मामले बढ़ने की एक वजह प्रोसेस्ड भोजन का अधिक सेवन भी है। दुर्भाग्य से चिंता की सबसे बड़ी बात यह है कि दो तिहाई मामलों में कैंसर का पता तब चलता है जब तक उपचार में देर हो चुकी होती है। दरअसल, देश में कैंसर की समय रहते जांच कराने के प्रति उदासीनता के चलते भी इस जानलेवा रोग का देर से पता चलता है। ऐसे में सरकार और सामुदायिक स्तर पर कैंसर को लेकर देशव्यापी अभियान चलाने की जरूरत है। कम से कम लोगों को इस बात के लिये मानसिक रूप से तैयार किया जाए कि प्राथमिक संकेत मिलने पर समय रहते जांच तो करा ही लेनी चाहिए। स्वयं सेवी संगठन ग्रामीण इलाकों में जागरूकता अभियान चलाकर लोगों को सचेत कर सकते हैं। यही वजह है कि एक प्रमुख बहुराष्ट्रीय स्वास्थ्य सेवा समूह द्वारा हाल ही में जारी अपनी एक रिपोर्ट में भारत को 'दुनिया की कैंसर राजधानी' के रूप में वर्णित किया है। इसकी वजह हर साल कैंसर के लाखों मामले दर्ज किया जाना भी है। दरअसल, भारत में हर साल कैंसर के दस लाख नये मामले दर्ज किये जाते हैं। आशंका जतायी जा रही है कि यह वृद्धि वर्ष 2025 तक वैश्विक औसत को पार कर जाएगी। दरअसल, युवाओं के मामलों को संभालने के लिये एक विशिष्ट केंद्रित दृष्टिकोण की जरूरत होती है। यह देश के कामकाजी वर्ग का प्रतिनिधित्व करता है। जिसके लिये उन्हें जीवनशैली में बदलाव के लिये प्रेरित किया जा सकता है। साथ ही प्रारंभिक अवस्था में कैंसर का पता लगाने वाली प्रभावी स्क्रीनिंग रणनीति को प्रोत्साहित करके संकट को दूर किया जा सकता है। सही मायनों में भारत को इस छद्म महामारी से मुकाबले के लिये अच्छी तरह से तैयार रहना होगा। यह खतरा बड़ा है और इसमें कैंसर की प्रभावी देखभाल को प्राथमिकता दी जानी चाहिए। समय की जरूरत है कि कैंसर विषयक अनुसंधान को विशिष्ट महत्व दिया जाए। विभिन्न अध्ययनों के निष्कर्ष कैंसर के प्रमुख कारकों पर प्रकाश डालते हैं। मसलन शरीर में टैटू गुदवाने वाले लोगों में रक्त कैंसर होने का खतरा ज्यादा होता है। इस तथ्य को युवाओं तक पहुंचाने की आवश्यकता है। कैंसर के खिलाफ जागरूकता के लिये ऐसे कदम उठाने जरूरी हैं। एक बहुआयामी रणनीति ही भारत को सभी बीमारियों से मजबूती से लड़ने में मदद कर सकती है। दरअसल, कैंसर के संकट के मुकाबले के लिये हमारे खानपान में सुधार, सक्रिय जीवनशैली तथा तनावमुक्त जीवन को प्राथमिकता दी जानी चाहिए।

देश दुनिया से

# यह पूरे तंत्र की विफलता है, निपटने के लिए केंद्र और राज्यों के सम्मिलित प्रयासों की जरूरत

बच्चों के अस्पताल में आग लगने से सात नवजात शिशुओं की मौत हो गई और पांच अन्य घायल हो गए। इसके अलावा, कृष्णानगर में एक इमारत में करीब दो बजे सुबह आग लगी, जिसमें तीन लोगों की जान चली गई और तीन अन्य लोग घायल हो गए। दिल्ली के मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल ने अपनी संवेदना व्यक्त की और आश्वासन दिया कि घटनाओं के कारणों की जांच की जा रही है, ताकि जिम्मेदार लोगों को जवाबदेह ठहराया जा सके। घनी आबादी और भीड़भाड़ वाले इलाकों में तंग बुनियादी ढांचे के कारण भारत के शहरी क्षेत्र आग लगने जैसी घटनाओं के लिए विशेष रूप से असुरक्षित हैं।

**बीते** 25 मई को गुजरात के राजकोट में गेमिंग जोन में आग लगने से बच्चों समेत 32 लोगों की मौत हो गई। राज्य सरकार ने एसआईटी गठित कर जांच शुरू कर दी है। राज्य के मुख्यमंत्री भूपेंद्र पटेल ने मृतकों के परिवार को चार लाख रुपये और घायलों को 50,000 रुपये की सहायता राशि देने की घोषणा की है। 25 मई की रात ही दिल्ली में आग लगने की दो अलग-अलग घटनाएं हुईं। विवेक विहार में बच्चों के अस्पताल में आग लगने से सात नवजात शिशुओं की मौत हो गई और पांच अन्य घायल हो गए। इसके अलावा, कृष्णानगर में एक इमारत में करीब दो बजे सुबह आग लगी, जिसमें तीन लोगों की जान चली गई और तीन अन्य लोग घायल हो गए। दिल्ली के मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल ने अपनी संवेदना व्यक्त की और आश्वासन दिया कि घटनाओं के कारणों की जांच की जा रही है, ताकि जिम्मेदार लोगों को जवाबदेह ठहराया जा सके। घनी आबादी और भीड़भाड़ वाले इलाकों में तंग बुनियादी ढांचे के कारण भारत के शहरी क्षेत्र आग लगने जैसी घटनाओं के लिए विशेष रूप से असुरक्षित हैं। जैसे कि वर्ष 2018 में मुंबई के ईएसआईसी कामगार अस्पताल में आग लगी और 2019 में सूरत कोचिंग सेंटर में आग लगने से 22 छात्रों की मौत हो गई। ये घटनाएं बताती हैं कि अतीत की त्रासदियों से पूरी तरह सबक नहीं लिया गया। अतीत में हुए सबसे दुखद उपहार सिनेमा अग्निकांड और भोपाल गैस त्रासदी ने प्रणालीगत सुधारों की जरूरत और उपेक्षा के गंभीर परिणामों को उजागर किया। औद्योगिक सुरक्षा चूक की कई घटनाएं हुई हैं, जो मजबूत शासन और सख्त सुरक्षा नियमों की तत्काल जरूरत को रेखांकित करती हैं। उपहार सिनेमा अग्निकांड एक ऐसी त्रासदी थी, जिसे रोका जा सकता था। 13 जून, 1997 को जब दिल्ली के उपहार सिनेमा में एक लोकप्रिय फिल्म प्रदर्शित हो रही थी, उसी समय खराब ट्रांसफार्मर के कारण आग लग गई, जिसमें 59 लोगों की मौत हो गई और 100 से अधिक लोग घायल हो गए। ज्यादातर पीड़ित दम घुटने के कारण मरे, क्योंकि वे बालकनी वाले इलाके में निकास द्वार के बंद या बाधित होने के कारण फंस गए थे। अग्नि सुरक्षा से संबंधित उचित उपायों और आपातकालीन तैयारियों की कमी के कारण यह त्रासदी और भी गंभीर हो गई। इस अग्निकांड की जांच में घोर लापरवाही और सुरक्षा उपायों का उल्लंघन पाया गया, जैसे कि बचकर भागने के रास्ते बंद थे और अग्निशमन उपकरण उचित रखरखाव के अभाव में खराब थे। उपहार सिनेमा अग्निकांड भवन संहिता (बिल्डिंग कोड) एवं अग्नि सुरक्षा उपायों के सख्त क्रियान्वयन की व्यापक आवश्यकता की याद दिलाता है। यह नियमों के अनुपालन में स्थानीय अधिकारियों की विफलता को भी उजागर करता है, जो शासन के व्यापक मुद्दों को रेखांकित करता है, जिससे केंद्र और राज्य, दोनों स्तरों पर निपटने की जरूरत है। अग्निकांड से अलग प्रणालीगत विफलता का एक और उदाहरण है-भोपाल गैस त्रासदी। 1984 की भोपाल गैस त्रासदी औद्योगिक सुरक्षा की कमी का एक प्रमुख उदाहरण है, जिसके कारण बड़े पैमाने पर जनहानि हुई। भोपाल में यूनियन कार्बाइड कीटनाशक संयंत्र में मिथाइल आइसोसाइनेट गैस का रिसाव हुआ, जिसके कारण हजारों लोगों की तत्काल मृत्यु हो गई और पांच लाख से ज्यादा लोगों को लंबे समय तक स्वास्थ्य संबंधी समस्याओं से जूझना पड़ा। यह त्रासदी खराब रखरखाव, अपर्याप्त सुरक्षा प्रोटोकॉल, आपातकालीन स्थितियों में तैयारी की कमी का नतीजा थी। इसके बाद लंबी कानूनी लड़ाइयां चलीं और पीड़ितों को देर से न्याय मिला। इस त्रासदी ने औद्योगिक संयंत्रों के संचालन में सुरक्षा मानकों को लागू करने और नियामक निगरानी के महत्व को उजागर किया। इसने लापरवाही के लिए कंपनियों को जिम्मेदार ठहराने और ऐसी आपदाओं को रोकने के लिए निवारक उपाय सुनिश्चित करने के लिए एक मजबूत कानूनी ढांचे की आवश्यकता को भी प्रदर्शित किया। इस तरह की भयावह घटनाओं के बावजूद हमारे देश के राज्यों में सुरक्षा एक महत्वपूर्ण चिंता बनी हुई है। राष्ट्रीय अपराध रिकॉर्ड्स ब्यूरो (एनसीआरबी) के आंकड़ों से पता चलता है कि हमारे देश में हर साल आग लगने की घटनाओं में हजारों लोगों की जान जाती है। बिजली के शॉर्ट-सर्किट, ज्वलनशील सामग्रियों का सही ढंग से भंडारण नहीं करने और सुरक्षा उपायों की उपेक्षा आग लगने के आम कारण होते हैं। हमारे देश में आग के खतरों से निपटने के लिए बहुआयामी दृष्टिकोण की आवश्यकता है। सुरक्षा उपायों को सख्ती से लागू करना-राष्ट्रीय भवन संहिता और अग्नि सुरक्षा मानदंडों का सख्ती से पालन सुनिश्चित करना महत्वपूर्ण है। नियमित निरीक्षण और गैर-अनुपालन के लिए दंड का प्रावधान रहने से लापरवाही को रोका जा सकता है। जन-जागरूकता और प्रशिक्षण- नागरिकों को अग्नि सुरक्षा उपायों के बारे में शिक्षित करने तथा सार्वजनिक स्थानों पर नियमित मॉक ड्रिल (अभ्यास) करने से तैयारी बेहतर हो सकती है।

आप का नजरिया

# जानलेवा गर्मी

**नये** रिकॉर्ड तोड़ती गर्मी स्पष्ट संकेत दे रही है कि समय रहते बचाव के लिये नीतिगत फैसले नहीं लिए गए तो एक बड़ी आबादी के जीवन पर संकट मंडराएगा। यह संकट तीखी गर्मी से होने वाली बीमारियों व लू से होने वाली मौतें ही नहीं होंगी, बल्कि हमारी खाद्य सुरक्षा श्रृंखला भी टूटेगी। हालिया अध्ययन बता रहे हैं कि मौसमी तीव्रता से फसलों की उत्पादकता में भी कमी आई है। दरअसल, मौसम की यह तल्खी केवल भारत ही नहीं ,वैश्विक स्तर पर नजर आ रही है। एशिया के अलावा यूरोप व अमेरिकी देशों में भी तापमान में अप्रत्याशित बदलाव नजर आ रहा है। निश्चित रूप से यह तापमान उन लोगों के बेहद कष्टकारी है, जो पहले ही जीवनशैली से जुड़े रोगों से जूझ रहे हैं। जिनकी रोग प्रतिरोधक क्षमता असाध्य रोगों की वजह से चूक रही है। ऐसा ही संकट वृद्धों के लिये भी है, जो बेहतर चिकित्सा सुविधाओं व सामाजिक सुरक्षा के अभाव में जीवन यापन कर रहे हैं। वैसे एक तथ्य यह भी है कि मौसम के चरम आने पर, यानी अब चाहे बाढ़ हो, शीत लहर हो या फिर लू हो, मरने वालों में अधिकांश गरीब व कामगार तबके के लोग ही होते हैं। जिनका जीवन गर्मी में बाहर निकले बिना या काम किये बिना चल नहीं सकता। निष्कर्षतः कह सकते हैं कि उन्हें मौसम नहीं बल्कि गरीबी मारती है। पेट में पर्याप्त भोजन का अभाव कुपोषण को जन्म देता है। जिसके चलते व्यक्ति की रोग प्रतिरोधक क्षमता पर भी प्रभाव पड़ता है। लेकिन विडंबना यह है कि ग्लोबल वार्मिंग के हमारे दरवाजे पर दस्तक देने के बावजूद विकसित व संपन्न देश पर्यावरण संतुलन के प्रयास करने तथा आर्थिक सहयोग देने से बच रहे हैं। ऐसा नहीं है कि मौसम की मार से कोई विकसित व संपन्न देश बचा हो, लेकिन प्राकृतिक संसाधनों के क्रूर दोहन से औद्योगिक लक्ष्य पूरे करने वाले ये देश अब विकासशील देशों को नसीहत दे रहे हैं। दरअसल, गर्मी के प्रभाव से हाइपरटेंशन, निर्जलीकरण, लू लगने के अलावा मानव स्वास्थ्य से जुड़े कई तरह के संकट सामने आ रहे हैं। कई तरह के मानसिक रोगों की भी आशंका जतायी जा रही है। जिसकी वजह से विश्व स्वास्थ्य संगठन सार्वजनिक स्वास्थ्य की आपात स्थितियों के पैदा होने की आशंका जता रहे हैं। बहरहाल, रिकॉर्ड तोड़ते तापमान के दुष्प्रभावों को कम करने के लिये सरकारों को नीतिगत उपायों को लागू करने को प्राथमिकता देनी होगी। सरकारों को मानना होगा कि वैसे तो प्रकृति किसी तरह का भेदभाव नहीं करती मगर सामाजिक असमानता के चलते वंचित समाज इसकी बड़ी कीमत चुकाता है। सरकार रेड अलर्ट व ऑरेंज अलर्ट की सूचना देकर अपने दायित्वों से पल्ला नहीं झाड़ सकती। खासकर ऐसे समय में जब हरियाणा व राजस्थान में पारा पचास पार करके गंभीर चुनौती का संकेत दे रहा है। स्कूल-कालेजों के संचालन, दोपहर की तीखी गर्मी के बीच कामगारों व बाजार के समय के निर्धारण को लेकर देश में एकरूपता का फैसला लेने की जरूरत है। कुछ जगह धारा 144 लागू की गई है, जो इस संकट का समाधान कदापि नहीं है। कभी संवेदनशील भारतीय समाज के संपन्न लोग सार्वजनिक स्थलों में प्याऊ की व्यवस्था करते थे।




# चालू वित्त वर्ष 2025 में 7 फीसदी की दर से बढ़ेगी भारतीय इकोनॉमी, जीडीपी ग्रोथ को लेकर आरबीआई ने लगाया अनुमान

**नई दिल्ली, 30 मई (एजेंसियां)। भारतीय रिजर्व बैंक ने आज अपनी वार्षिक रिपोर्ट पेश की है। इस रिपोर्ट में केंद्रीय बैंक ने कहा कि चालू कारोबारी साल में भारत की जीडीपी ग्रोथ 7 फीसदी से बढ़ने की संभावना है।**

केंद्रीय बैंक के रिपोर्ट के अनुसार वित्त वर्ष 2023024 से भारत की अर्थव्यवस्था में तेजी देखने को मिली है। देश की कल घरेलू उत्पाद की वृद्धि पिछले वर्ष के 7.0 प्रतिशत से बढ़कर 7.6 प्रतिशत हो गई। लगातार तीन साल से सकल घरेलू उत्पाद में तेजी आई है।

रिपोर्ट में कहा गया है कि वित्त वर्ष 2024-25 के लिए वास्तविक सकल घरेलू उत्पाद की वृद्धि दर समान रूप से संतुलित जोखिम के साथ 7.0 प्रतिशत रहने का अनुमान है।

भारतीय अर्थव्यवस्था ने लगातार प्रतिकूल परिस्थितियों के बावजूद वित्त वर्ष 24 में लचीलापन दिखाया।

### आरबीआई ने एमएसपी को लेकर क्या कहा

रिजर्व बैंक ने अपनी सालाना रिपोर्ट में कहा कि पिछले कारोबारी साल 2023-24 के खरीफ और रबी के लिए न्यूनतम समर्थन मूल्य सभी फसलों की उत्पादन लागत पर 50 फीसदी का न्यूनतम रिटर्न सुनिश्चित किया है। पिछले कारोबारी साल यानी 31 मार्च, 2024 को खाद्यान्न का कुल सार्वजनिक स्टॉक कुल तिमाही बफर मानक का 2.9 गुना था।

पिछले साल 29 नवंबर, 2023 को सरकार ने प्रधान मंत्री गरीब कल्याण अन्न योजना (पीएमजीकेएवाई) के तहत मुफ्त खाद्यान्न वितरण की योजना को 1 जनवरी, 2024 से पांच और वर्षों के लिए बढ़ा दिया।

आरबीआई के केंद्रीय निदेशक मंडल की एक वैधानिक रिपोर्ट में कहा गया है कि कृषि और संबद्ध गतिविधियों को असमान और कम दक्षिण-पश्चिम मानसून (एसडब्ल्यूएम) वर्षा के साथ-साथ मजबूत अल नीनो स्थितियों के कारण प्रतिकूल परिस्थितियों का सामना करना पड़ा।

## न्यूज ब्रीफ

### सोना-चांदी के दाम में आई गिरावट, सोने के वायदा भाव 72 हजार, चांदी लगभग 95,800 रुपये



**नई दिल्ली।** देश के सराफा बाजारों में सोने और चांदी के वायदा भाव में नरमी देखने को मिल रही है। दोनों के वायदा भाव की शुरुआत गिरावट के साथ हुई। चांदी वायदा के भाव सर्वोच्च स्तर पर पहुंच गए थे। सोने के वायदा भाव 72 हजार रुपये के करीब, जबकि चांदी के वायदा भाव 95,800 रुपये के करीब कारोबार कर रहे थे। वैश्विक बाजार में भी सोने और चांदी के वायदा भाव में सुस्ती देखी जा रही है। सोने के वायदा भाव की शुरुआत सुस्ती के साथ हुई। मल्टी कमोडिटी एक्सचेंज (एमसीएक्स) पर सोने का बेंचमार्क जून कॉन्ट्रेक्ट 61 रुपये की गिरावट के साथ 72,132 रुपये के भाव पर खुलकर 202 रुपये की गिरावट के साथ 71,991 रुपये के भाव पर कारोबार कर रहा था। चांदी के वायदा भाव की शुरूआत नरम रही। एमसीएक्स पर चांदी का बेंचमार्क जुलाई कॉन्ट्रेक्ट 362 रुपये की गिरावट के साथ 95,800 रुपये पर खुलकर 1,396 रुपये की गिरावट के साथ 94,766 रुपये के भाव पर कारोबार कर रहा था। अंतरराष्ट्रीय बाजार में सोने और चांदी के वायदा भाव की शुरुआत गिरावट के साथ हुई। कॉमेक्स पर सोना 2,336.89 डॉलर प्रति औंस के भाव पर खुला। पिछला बंद भाव 2,341.20 डॉलर प्रति औंस था। फिलहाल यह 8.40 डॉलर की गिरावट के साथ 2,332.80 डॉलर प्रति औंस के भाव पर कारोबार कर रहा था। कॉमेक्स पर चांदी के वायदा भाव 32.17 डॉलर के भाव पर खुले, पिछला बंद भाव 32.37 डॉलर था। फिलहाल यह 0.60 डॉलर की गिरावट के साथ

### बीमा कंपनी एक घंटे में नकदी-रहित इलाज की अनुमति देने पर निर्णय लें: इरडा




**नई दिल्ली।** बीमा नियामक एवं विकास प्राधिकरण (इरडा) ने स्वास्थ्य बीमा पर एक मूल परिपत्र जारी कर स्पष्ट किया है कि बीमा कंपनी को अनुरोध के एक घंटे के भीतर नकदी-रहित इलाज की अनुमति देने पर निर्णय लेना होगा। इरडा ने बयान में कहा कि स्वास्थ्य बीमा उत्पादों पर परिपत्र ने पहले जारी किए गए 55 परिपत्रों को निरस्त कर दिया है। यह बीमाधारकों के सशक्तीकरण को सुदृढ़ करने और समावेशी स्वास्थ्य बीमा को बढ़ावा देने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम है। बीमा नियामक ने कहा कि परिपत्र में बीमाधारक, संभावितों के लिए उपलब्ध स्वास्थ्य बीमा नीति में पात्रताओं को उनके आसान संदर्भ के लिए एक स्थान पर लाया गया है और साथ ही स्वास्थ्य बीमा खरीदने वाले पॉलिसीधारक को निर्बाध, तेज दावा अनुभव प्रदान करने और स्वास्थ्य बीमा क्षेत्र में उन्नत सेवा मानकों को सुनिश्चित करने के उपायों पर जोर दिया गया है। इसमें कहा गया है कि बीमा कंपनियों द्वारा सभी आयु, क्षेत्रों, चिकित्सा स्थितियों, सभी प्रकार के अस्पतालों और स्वास्थ्य देखभाल प्रदाताओं के लिए विविध बीमा उत्पादों की पेशकश करके बीमाधारकों की सामर्थ्य के अनुरूप व्यापक विकल्प उपलब्ध कराए जाएंगे। इसमें ग्राहक सूचना पत्र (सीआईएस) का भी उल्लेख किया गया है, जो बीमा कंपनी द्वारा प्रत्येक बीमा दस्तावेज के साथ प्रदान किया जाता है।

### एयरबैग को माना जाता है सबसे बेहतर सेफ्टी उपकरण

**नई दिल्ली।** दुनिया भर में एयरबैग को सबसे बेहतर सेफ्टी उपकरण के तौर पर माना जाता है। एयरबैग



आमतौर पर पॉलिएस्टर की तरह की मजबूत टेक्सटाइल या कपड़े से बना एक गुब्बारे जैसा कवर होता है। दुनिया में सबसे पहले एयरबैग को 1950 के दशक में खोजा गया था। यह एक सुरक्षा उपकरण है। कंपनियां इसे कार के स्टीयरिंग व्हील, दरवाजे और डैशबोर्ड पर लगाती हैं। जब भी एक्सीडेंट की स्थिति निर्मित होती है तो खतरे का अहसास करके एयरबैग पलभर में खुल जाता है और चोट या मौत की आशंका को कम करता है। एयरबैग, कार के सेंसर से कनेक्ट रहता है। ये सेंसर कार की टक्कर होने पर एक्टिव हो जाते हैं और एयरबैग तक मैसेज भेजते हैं। इसके बाद एयरबैग झट से खुल जाते हैं। ये प्रक्रिया बेहद तेजी से होती है। बता दें कि केंद्र सरकार द्वारा भारतीय कारों में साल 2019 से अनिवार्य कर दिया गया है। मार्च 2022 में केंद्रीय मंत्री नितिन गडकरी ने राज्यसभा में कहा था कि अगर कारों में फंक्शनल एयरबैग का इस्तेमाल किया गया होता तो साल 2020 में देश भर में 13,022 लोगों की जान बचाई जा सकती थी।

# सरकारी गोल्ड बॉन्ड में 2023-24 में लोगों ने लगाए 27000 करोड़ रुपए




IMAGE PTI

**मुंबई/दिल्ली, 30 मई (एजेंसियां)।** निवेशकों ने वित्त वर्ष 2023-24 में सॉवरेन गोल्ड बॉन्ड के जरिए 44.34 टन सोना खरीदने का अनुबंध किया और इनमें कुल 27,000 करोड़ रुपये का निवेश किया। यह जानकारी भारतीय रिजर्व बैंक (आरबीआई) की एक रिपोर्ट में दी गयी है।

पिछले वित्त वर्ष में सॉवरेन गोल्ड बॉन्ड में निवेश चार गुना से भी अधिक है। वर्ष 2022-23 में कुल 12.26 टन सोने के बराबर के 6,551 करोड़ रुपये मूल्य के सरकारी स्वर्ण बांड बिके थे। रिपोर्ट के अनुसार 31 मार्च 2024 को समाप्त पिछले वित्त वर्ष में 27,031 करोड़ रुपये के बॉन्ड खरीदे थे जिनमें निवेशकों के साथ 44.34 टन सोने की बिक्री का अनुबंध किया गया है।

रिजर्व बैंक की वार्षिक रिपोर्ट में कहा, वर्ष 2023-24 के दौरान जुटाई गई कुल राशि 27,031 करोड़ रुपये (44.34 टन) थी। मार्च 2024 को समाप्त वित्त वर्ष के दौरान, बांड चार किस्तों में जारी किए गए थे। रिजर्व बैंक सरकार की ओर से इन बॉन्ड को रिजर्व बैंक के माध्यम से जारी करता है।

रिजर्व बैंक इन्हें वाणिज्यिक बैंकों की चिह्नित शाखाओं के माध्यम से जारी करता है। आठ साल की परिपक्वता अवधि के इन बॉन्ड को कुछ शर्तों के साथ बीच में भी भुनाया जा सकता है। इस पर निवेशकों को निवेश राशि पर एक सूक्ष्म वार्षिक ब्याज भी दिया जाता है। निवेशक परिपक्वता पर सोने के मानक बाजार मूल्य के बराबर राशि या सोने में अपना धन प्राप्त कर सकते हैं।

वित्तीय सेवा कंपनी मोतीलाल फाइनेंशियल सर्विसेज लि (एमओएफएसल) ने अपनी एक हालिया रिपोर्ट में कहा है कि सोने की कीमतें इस वर्ष की शुरुआत में स्थिर चल लग रही थीं। रिपोर्ट में कहा गया है कि उसके बाद से अब तक इस वर्ष कीमतों में तेजी से वृद्धि दर्ज की गयी है और इस साल अब तक लगभग 14 प्रतिशत की बढ़त दर्ज की गयी है। इसके मुकाबले चांदी के भाव इस साल 27 प्रतिशत तक चढ़ चुके हैं।

### रुपया दो पैसे गिरकर 83.42 डॉलर



**मुंबई।** अस्थिर घरेलू शेयर बाजारों के बीच विदेशी पूंजी की निकासी से रुपया शुरुआती कारोबार में दो पैसे की गिरावट के साथ अमेरिकी डॉलर के मुकाबले 83.42 पर आ गया। विदेशी मुद्रा कारोबारियों ने बताया कि मजबूत अमेरिकी मुद्रा ने भी स्थानीय मुद्रा पर दबाव डाला, जबकि कच्चे तेल की कीमतों में नरमी ने रुपये की गिरावट को सीमित किया। अंतरबैंक विदेशी मुद्रा विनिमय बाजार में रुपया 83.42 प्रति डॉलर पर खुला। शुरुआती सौदों के बाद फिसलकर 83.44 प्रति डॉलर पर पहुंच गया। हालांकि, जल्द ही मजबूत होकर वापस 83.42 प्रति डॉलर पर पहुंच गया जो पिछले बंद भाव के मुकाबले दो पैसे की गिरावट दिखाता है। रुपया अमेरिकी डॉलर के मुकाबले 83.40 पर बंद हुआ था। इस बीच छह प्रमुख मुद्राओं के मुकाबले अमेरिकी डॉलर की मजबूती को परखने वाला डॉलर सूचकांक 0.06 प्रतिशत की बढ़त के साथ 105.10 पर रहा।

## एलन मस्क के सिर पर फिर से सजा दुनिया के अमीर व्यक्ति का ताज, क्या मुकेश अंबानी और गौतम अडाणी टॉप-10 की लिस्ट में है शामिल



**नई दिल्ली, 30 मई।** भारत के सबसे अमीर व्यक्ति कौन है। इसके बारे में तो आप जानते होंगे। लेकिन, क्या आप जानते हैं कि दुनिया में सबसे ज्यादा संपत्ति किसके पास है। फोर्ब्स ने दुनिया के अमीर व्यक्ति की लिस्ट जारी की है। इस लिस्ट के अनुसार एलन मस्क दुनिया के सबसे अमीर व्यक्ति हैं। उनके पास कुल 209.7 बिलियन डॉलर (करीब 17.48 लाख करोड़ रुपये) की संपत्ति है। वहीं दुनिया के दूसरे सबसे अमीर व्यक्ति अमेजन कंपनी के मालिक जेफ बेजोस है। इनकी टोटल नेट वर्थ 199.9 बिलियन डॉलर है। आइए, जानते हैं कि दुनिया के टॉप-10 अमीर व्यक्ति की लिस्ट में कौन-कौन से नाम शामिल है। दुनिया के टॉप-10 अमीर व्यक्ति फोर्ब्स की लिस्ट के अनुसार दुनिया के तीसरे अमीर व्यक्ति बर्नार्ड अरनॉल्ट है। बर्नार्ड अरनॉल्ट एलवीएमएच के मालिक है। इनकी टोटल नेट वर्थ 199.3 बिलियन डॉलर है। इस लिस्ट में चौथे स्थान पर फेसबुक के सीईओ मार्क जुकरबर्ग हैं। मार्क जुकरबर्ग के पास 166.4 अरब डॉलर की टोटल संपत्ति है। वहीं, पांचवें नंबर पर लैरी एलिसन और छठे स्थान पर लैरी पेज है। इसी तरह सातवें पायदान पर सर्गेई ब्रिन और आठवें पायदान पर वॉरेन बफे है। वहीं टॉप-9 पर माइक्रोसॉफ्ट के बिल गेट्स हैं। बिल गेट्स की कुल नेट वर्थ 129.8 बिलियन डॉलर है। वहीं, टॉप-10 पर स्टीव बाल्मर है, जिनकी नेट वर्थ 126.5 अरब डॉलर है। किस पायदान पर हैं भारतीय अरबपति दुनिया के टॉप-10 अमीरों की लिस्ट से मुकेश अंबानी बाहर हो गए हैं। मुकेश अंबानी की नेटवर्थ में 2.1 बिलियन डॉलर की गिरावट आई। इस गिरावट की वजह से वह दुनिया के 12वें अमीर व्यक्ति है। फोर्ब्स की रिपोर्ट के अनुसार मुकेश अंबानी की नेटवर्थ 112.8 अरब डॉलर है। वहीं अदाणी ग्रुप के मालिक गौतम अदाणी की नेटवर्थ में 10 मिलियन की गिरावट आई। इस गिरावट के बाद उनकी नेटवर्थ 86.2 बिलियन डॉलर हो गई है। गौतम अदाणी दुनिया के अमीर व्यक्ति की लिस्ट में 18वें पायदान पर हैं।

## जापान के राजदूत से मिले गौतम अडाणी सोशल मीडिया पर पोस्ट लिख कही यह बात



**नई दिल्ली, 30 मई (एजेंसियां)।** अदाणी समूह के चेयरमैन गौतम अदाणी ने ट्वीट कर जापान के राजदूत हिरोशी सुजुकी के साथ मुलाकात की जानकारी दी। उन्होंने कहा कि हमारे बीच बहुत ही आकर्षक चर्चा हुई। हम उनके मुंद्रा बंदरगाह और खावड़ा की यात्रा के लिए आभारी हैं, जहां हम 30 गीगावॉट क्षमता के दुनिया के सबसे बड़े हाइब्रिड नवीकरणीय ऊर्जा पार्क का निर्माण कर रहे हैं।

अदाणी ने लिखा, भारत की संस्कृति के लिए जपानी राजदूत की सराहना, हमारी साझेदारी के लिए उनकी ओर से दिया जाने वाला महत्व और भारत के लिए उनका जबरदस्त समर्थन वास्तव में प्रेरणादायक है।

## पोको एक्स6 5जी को काफी सस्ते दाम पर खरीदने का मौका फटाफट चार्ज हो जाएगी इसकी 5100 एमएएच वाली बैटरी

**नई दिल्ली, 30 मई (एजेंसियां)।** भारत में पोको एक्स6 5जी को काफी सस्ते दाम पर खरीदने का मौका दिया जा रहा है।अमेज़न के मोबाइल सेगमेंट पेज पर कई फोन पर दमदार डील दी जा रही है। यहीं पर लाइव हुए एक बैनर से पता चला है कि पोको एक्स6 5जी को 24,999 रुपये के बजाए 17,999 रुपये में खरीदा जा सकता है.यानी कि इसकी खरीद पर करीब 7000 रुपये का फायदा पाया जा सकता है।



बता दें कि इस कीमत के साथ बैंक ऑफर जुड़ा हुआ है। इस फोन की सबसे खास बात इसका 120एचझेड अमोलेड डिस्प्ले दी गई है।अगर आपके बजट में ये फोन हैं और नया फोन खरीदने की प्लानिंग कर रहे हैं तो आइए इस फोन के सभी फीचर्स के बारे में जान लेते हैं.पोको एक्स6 5जी मोबाइल में यूज़र्स को 6.67 इंच का 1.5के अमोलेड डॉट डिस्प्ले दिया गया है।इसपर 120एचझेड रिफ्रेश रेट, 2160 एचझेड टच सैंपलिंग रेट, 1800 निट्स पीक ब्राइटनेस और सेफ्टी के लिए कॉर्निंग गोरिल्ला ग्लास का प्रोटेक्शन मिल जाता है। परफॉरमेंस के लिए फोन में ऑक्टा कोर 2.4जीएचझेड वाला स्नैपड्रैगन 7एस जेन 2 चिपसेट मिलता है। यह चिप 4 नैनोमीटर प्रोसेस पर बेस्ड है इसके साथ एन्ड्रेनो 710 जीपीयू भी मौजूद है। पोको एक्स6 5जी स्मार्टफोन एंड्रॉयड 13 पर बेस्ड एमआईयूआई 14 पर काम करता है।

पावर के लिए इस फोन में तगड़ी 5,100एमएएच की बैटरी दी गई है, और इसको चार्ज करने के लिए 67वॉट की टर्बो चार्जिंग मिलती है।कनेक्टिविटी के लिए इसमें डुअल सिम 5जी, 4जीएलटीई, वाई-फाई, ब्लूटूथ 5.2 जैसे कई फीचर्स मिल जाते हैं।डिवाइस में डुअल स्पीकर, डॉल्बी एटमॉस सपोर्ट दिया गया है।कैमरे के तौर पर पोको एक्स6 में ट्रिपल रियर कैमरा सेटअप मिलता है, जिसमें ऑप्टिकल इमेज स्टेबलाइजेशन सपोर्ट के साथ 64 मेगापिक्सल का प्राइमरी, 8 मेगापिक्सल का अल्ट्रा वाइड एंगल लेंस और 2 मेगापिक्सल का माइक्रो सेंसर मिलता है।वहीं, सेल्फी और वीडियो कॉलिंग के लिए फोन में 16 मेगापिक्सल फ्रंट कैमरा सपोर्ट मिलता है।

### मझगांव डॉक का चौथी-तिमाही में मुनाफा दोगुना हुआ

# सालाना आधार पर 326 करोड़ से बढ़कर 663 करोड़ पहुंचा, एक साल में 322 प्रतिशत चढ़ा शेयर

**मुंबई, 30 मई (एजेंसियां)।** जहाज बनाने वाली सरकारी कंपनी मझगांव डॉक शिपबिल्डर्स लिमिटेड का वित्त वर्ष 2024 की चौथी तिमाही (जनवरी-मार्च) में मुनाफा सालाना आधार पर दोगुना होकर 663 करोड़ रुपए हो गया है। एक साल पहले की समान तिमाही में नेट प्रॉफिट 326 करोड़ रहा था।

कंपनी ने वित्त वर्ष 2024 के लिए 12.11 प्रति शेयर का फाइनल डिविडेंड यानी लाभांश देने का ऐलान किया है। कंपनियां अपने शेयरधारकों को मुनाफे का कुछ हिस्सा देती हैं, उसे डिविडेंड कहते हैं। मझगांव डॉक ने चौथी तिमाही और सालाना नतीजे जारी किए।

### बीते एक साल में मझगांव डॉक ने 321.88 प्रतिशत रिटर्न दिया

मझगांव डॉक का शेयर 11.10 प्रतिशत बढ़कर 3,374 रुपए पर बंद हुआ। इसने बीते एक साल में 321.88 प्रतिशत का रिटर्न दिया है। मझगांव डॉक के शेयर 12 अक्टूबर 2020 को बाजार में लिस्ट हुए थे। इसका इश्यू प्राइस 145 रुपए प्रति शेयर था। वहीं इसकी लिस्टिंग 190 रुपए पर हुई थी।




### वित्त वर्ष 2024 में कंपनी का मुनाफा 73.09 प्रतिशत बढ़ा

मझगांव डॉक का पूरे वित्त वर्ष 2024 में मुनाफा 73.09 प्रतिशत बढ़कर 1,936.97 करोड़ हो गया। वित्त वर्ष 2023 में मुनाफा 1,119.03 करोड़ रहा था।

### 1774 में ड्राय डॉक बनाने से हुई थी कंपनी की शुरुआत

मझगांव डॉक शिपबिल्डर्स लिमिटेड जहाज बनाने वाली लीडिंग सरकारी कंपनी है। इसका इतिहास 1774 से मिलता है, जब मझगांव में एक छोटा ड्राय डॉक बनाया गया था। धीरे-धीरे से बढ़ती गई और 1934 में एक प्राइवेट लिमिटेड कंपनी के रूप में इनकॉरपोरेट किया गया।


1960 में सरकार ने इसका टेकओवर कर लिया जिसके बाद, मझगांव डॉक तेजी से विकसित हुई और भारत की प्रमुख वॉर-शिपबिल्डिंग यार्ड बन गई। 1960 के बाद से, मझगांव डॉक ने कुल 801 जहाजों का निर्माण किया है। इसमें 27 वॉरशिप्स और 7 सबमरीन शामिल है।

### पूरे साल में रेवेन्यू 21 प्रतिशत बढ़कर 9466.58 करोड़

मझगांव डॉक का रेवेन्यू यानी आय पूरे साल में 21 प्रतिशत बढ़कर 9466.58 करोड़ रही। रेवेन्यू 7827.18 रहा था। वहीं चौथी तिमाही में रेवेन्यू 50 प्रतिशत बढ़कर 3,103.6 करोड़ हो गया है। एक साल पहले की समान अवधि में रेवेन्यू 2,078.6 करोड़ रहा था।

कंपनी ने भारत के साथ-साथ विदेशों में विभिन्न ग्राहकों के लिए कार्गो शिप, पैसेंजर शिप, सप्लाई वेसल्स, मल्टीपर्पज सपोर्ट वेसल, वॉटर टैंकर्स की भी डिलीवरी की है। मार्च तिमाही तक 84.8 प्रतिशत हिस्सेदारी के साथ सरकार मझगांव डॉक में सबसे बड़ी शेयरधारक बनी हुई है।



# पीवी सिंधू की जीत के साथ शुरुआत, डेनमार्क की होजमार्क को 44 मिनट में हराया, लक्ष्य बाहर

**सिंगापुर, 30 मई (एजेंसियां)।**

भारतीय शटलर और दो बार की ओलंपिक पदक विजेता पीवी सिंधू ने सिंगापुर ओपन 2024 के पहले दौर में डेनमार्क की लाइन होजमार्क काजेर्सफेल्ट के खिलाफ आसान जीत हासिल की। सिंधू ने महिला एकल के पहले दौर के मैच में अपने डेनिश प्रतिद्वंद्वी को 21-12, 22-20 से हराया। यह मैच 44 मिनट तक चला। खेल में शुरू से ही सिंधू का दबदबा रहा। उन्होंने पहला सेट आसानी से 21-12 से जीता। दूसरे सेट में होजमार्क ने वापसी की कोशिश की, लेकिन सिंधू ने 22-20 से जीत दर्ज कर टूर्नामेंट के अगले दौर में जगह बना ली।

**लक्ष्य सेन कड़े मुकाबले में हारे** - लक्ष्य सेन दुनिया के नंबर एक विक्टर एक्सेलसेन से हारकर बाहर हो गए। पेरिस में अपना ओलंपिक डेब्यू करने वाले दुनिया के 14वें नंबर के खिलाड़ी लक्ष्य ने एक्सेलसेन के सामने कड़ी चुनौती पेश की, लेकिन 62 मिनट तक चले मुकाबले में 13-21 21-16 13-21 से हार गए। एक्सेलसेन ने पिछले हफ्ते थाईलैंड ओपन में सत्र का पहला खिताब जीता था। वहीं, किदाम्बी श्रीकांत को पहले दौर के मुकाबले में जापान के पांचवीं वरीयता प्राप्त कोडाई नाराओका के खिलाफ 14-21 3-11 से पिछड़ने के बाद रिटायर होना पड़ा।

**सिंधू मलयेशिया मास्टर्स के फाइनल में पहुंची थीं** - इससे पहले सिंधू को मलयेशिया मास्टर्स के फाइनल में चीन की वांग झी यी के खिलाफ हार का सामना करना पड़ा था। भारतीय शटलर महिला एकल के खिताबी मैच में अपने चीनी प्रतिद्वंद्वी से 21-16, 5-21 और 16-21 से हार गईं थीं। वहीं, वांग झी से मुकाबले से पहले मलयेशिया मास्टर्स में सिंधू ने सेमीफाइनल मैच में बुसानन ओंगबामरुंगफान को 13-21, 21-16, 21-12 से हराया था। सिंधू 2023 स्पेन मास्टर्स के बाद पहली बार किसी टूर्नामेंट के फाइनल में पहुंची थीं।

**सात्विक-चिराग उलटफेर का शिकार** - इससे पहले दुनिया की नंबर एक पुरुष एकल बैडमिंटन जोड़ी चिराग शेट्टी और सात्विकसाईराज रंकीरेड्डी को सिंगापुर ओपन में अपने पहले ही दौर के मुकाबले में हार का सामना करना पड़ा।चिराग और सात्विक को डेनमार्क के डेनियल लुंडगार्ड और मैड्स वेस्टरगार्ड की 34वीं रैंकिंग की जोड़ी ने 47 मिनट तक चले मुकाबले में 20-22, 18-21 से हरा दिया।

## न्यूज ब्रीफ

### टेलर ने विराट को बताया खेल का वैश्विक सुपरस्टार



**क्राइस्टचर्च।** न्यूजीलैंड के पूर्व क्रिकेटर रॉस टेलर ने भारतीय टीम के अनुभवी बल्लेबाज विराट कोहली की जमकर सराहना करते हुए कहा कि वह खेल की दुनिया में एक वैश्विक सुपरस्टार हैं। टेलर ने कहा कि आने वाले दिनों में विराट दुनिया का भी वैश्विक सुपरस्टार बन जाएगा। इसके साथ ही वह इंस्टाग्राम और सोशल मीडिया पर फुटबॉल स्टार रोनाल्डो और मेसी की बराबरी कर लेगा। टेलर ने कहा कि मुझे लगता है कि फिल्म सितारे, बॉलीवुड सितारे, राजनेता सभी अब सोशल मीडिया के कारण सभी की नजरों में हैं और इसमें कुछ गलत भी नहीं है। वहीं पूर्व ऑस्ट्रेलियाई तेज गेंदबाज ब्रेट ली ने कहा कि सोशल मीडिया के आने के बाद मोबाइल कैमरा सबसे अच्छी और सबसे खराब चीज थी। ली ने कहा कि साल 2000 के दशक की शुरुआत में जब फोन आए थे, लोग आपके साथ एक फोटो लेते थे। एक ऑटोग्राफ और एक तस्वीर होती थी। साल 2015 और 2020 के मध्य में अब क्या होता है कि खिलाड़ी हमेशा शो में रहते हैं। कोई भी जो इंडियन प्रीमियर लीग में खेल रहे हैं, वे हमेशा शो में रहते हैं, वे डिनर के लिए बाहर जाते हैं। ली ने कहा कि फोन कैमरा की अच्छी बात यह है कि आप अपने परिवार और दोस्तों के साथ खूबसूरत यादें कैद कर सकते हैं पर इससे हमारी गोपनीयता प्रभावित हुई है। अगर आप अपने परिवार, अपने प्रियजनों, दोस्तों के साथ डिनर कर रहे हैं अचानक ही कोई एक तस्वीर ले लेता है और यह तुरंत पूरी दुनिया में फैल जाती है। अब, आपको भी इससे निपटने और इसे स्वीकार करने में सक्षम होना होगा। वहीं पूर्व ऑस्ट्रेलियाई क्रिकेटर माइकल बेवन ने कहा कि सोशल मीडिया युवा खिलाड़ियों के प्रदर्शन को प्रभावित कर सकता है। बेवन ने कहा कि युवा पीढ़ी सोशल मीडिया का अधिक उपयोग करती है इससे उनके करियर पर प्रभाव पड़ेगा। उन्हें यह निर्णय लेना होगा कि वे टिप्पणियां पढ़ना चाहते हैं या कितना पोस्ट करना चाहते हैं। उन्होंने कहा कि मैं कल्पना कर सकता हूं कि आधुनिक समय के कुछ खिलाड़ियों के लिए यह आसान नहीं रहेगा।

### कप्तान के तौर पर दूसरी बार विश्वकप में उतरेंगे रोहित

**नई दिल्ली।** भारतीय क्रिकेट टीम के कप्तान रोहित दूसरी बार टी20 टी20 विश्व कप में भारतीय टीम की कप्तानी करने के लिए तैयार हैं।



इससे पहले रोहित की कप्तानी में भारतीय टीम ने एकदिवसीय विश्वकप खेला था जिससे उसे फाइनल में हार का सामना करना पड़ा था। ऐसे में इस बार रोहित का लक्ष्य किसी भी प्रकार से खिताब जीतना रहेगा। रोहित ने अपनी कप्तानी को लेकर कहा कि उनका लक्ष्य मैच में किसी भी संभावित स्थिति से निपटने के लिए अपने को तैयार करना रहता है। साथ ही कहा कि एक कप्तान के तौर पर सबसे कठिन काम सभी को संभालना रहता है। साथ ही कहा कि कप्तान के दौरान उन्होंने सीखा है कि किस प्रकार सभी को सम्मान और महत्व देना होता है जिससे कि वे अपने को टीम का अहम हिस्सा समझते हुए जिम्मेदारी निभा सकें। इसके अलावा जब वे किसी परेशानी में आपके पास आते हैं तो उनकी समस्या का हल निकालन होता है। इसलिए वह मैदान पर उतरने से पहले विपक्षी टीम और खिलाड़ियों के बारे में जानकारी हासिल करते हैं। उन्होंने कहा कि मुझे दोनों ही क्षेत्रों एक कप्तान और एक खिलाड़ी के रूप में तैयारी करनी होती है। मेरे लिए मैदान और प्रतिद्वंद्वी के बारे में सीखना अहम होता है। मैं बैठक कक्षों में जाता हूं और बहुत समय बिताता हूं। यह खिलाड़ियों के लिए नहीं बल्कि केवल मेरे लिए है जिससे कोई भी स्थिति आने पर मैं जवाब दे सकूं।

### विश्व रैकेटलान चैंपियनशिप में भारत की कप्तानी करेंगे विक्रमादित्य

**नई दिल्ली।** विक्रमादित्य चौफला को रोटरडम में 31 जुलाई से चार अगस्त तक होने वाली विश्व रैकेटलान चैंपियनशिप के लिए छह सदस्यीय भारतीय टीम का कप्तान नियुक्त किया गया है। चैंपियनशिप नीदरलैंड्स के रोटरडैम शहर में होगी। रैकेटलान एक संयुक्त खेल है जिसमें प्रतिस्पर्धियों को चार रैकेट खेल टेबल टेनिस, बैडमिंटन, टेनिस और स्क्वाश खेलना होता है। पूर्व बैडमिंटन खिलाड़ी विक्रमादित्य पिछली दो विश्व चैंपियनशिप में भी भारत की रैकेटलान टीम का हिस्सा रह चुके हैं। उन्होंने 2022 में राटरडैम में हुई चैंपियनशिप में व्यक्तिगत स्पर्धा का रजत पदक जीता था। टीम में विक्रमादित्य के अलावा निहित कुमार सिंह, करण तनेजा, प्रशांत सेन निखिल मनसुखानी और एकमात्र महिला खिलाड़ी नयना तनेजा शामिल हैं। भारतीय रैकेटलान खेल संघ ने टीम की घोषणा की। कप्तान बनाए जाने पर विक्रमादित्य ने कहा, विश्व चैंपियनशिप में तीसरी बार देश का प्रतिनिधित्व करना मेरे लिए गौरव की बात है।

## भारत-पाकिस्तान मैच में आतंकी हमले की धमकी

# टी-20 वर्ल्ड कप का यह मुकाबला 9 जून को न्यूयॉर्क में होगा, सुरक्षा बढ़ाई गई

**नई दिल्ली, 30 मई (एजेंसियां)।**

टी-20 वर्ल्ड कप में भारत-पाकिस्तान मुकाबले के दौरान आतंकी हमले की धमकी दी गई है। यह मैच 9 जून को न्यूयॉर्क में आइसनहोवर पार्क में बने नसाउ काउंटी इंटरनेशनल क्रिकेट स्टेडियम में खेला जाना है। खतरे को देखते हुए शहर की सुरक्षा बढ़ा दी गई है।

आतंकी संगठन आईएसआईएस खोरासन ने वीडियो जारी करके अपने हमलावरों से लोन वुल्फ अटैक करने को कहा है। लोन वुल्फ अटैक को सिर्फ एक हमलावर अंजाम देता है।



### न्यूयॉर्क की गवर्नर ने कहा- कोई गंभीर खतरा नहीं

न्यूयॉर्क की गवर्नर कैथी होचल ने कहा- वर्ल्ड कप को लेकर कोई गंभीर खतरा नहीं है। हालांकि, उन्होंने पुलिस डिपार्टमेंट से सुरक्षा व्यवस्था को और कड़ा करने को कहा है। प्रशासन लगातार हर तरह की स्थिति पर नजर बनाए हुए है।

### आईएसआईएस खुरासान सबसे पहले 2014 में पूर्वी अफगानिस्तान में एक्टिव हुआ

आईएसआईएस खुरासान का नाम उत्तरपूर्वी ईरान, दक्षिणी तुर्कमेनिस्तान और उत्तरी अफगानिस्तान में आने वाले क्षेत्र के नाम पर रखा गया है। यह संगठन सबसे पहले 2014 में पूर्वी अफगानिस्तान में एक्टिव हुआ। तब रूस के उग्रवादी समूहों के कई लड़ाके इसमें शामिल होने सीरिया पहुंच गए। इस साल मार्च में रूस की राजधानी मॉस्को में क्रोकस सिटी हॉल पर एक हमला हुआ था, जिसमें 143 लोग मारे गए थे। हमला 22 मार्च को हुआ था। इसकी जिम्मेदारी आईएसआईएस खुरासान ने ली थी।

### श्रीलंका पर हो चुका है हमला

2009 में श्रीलंका 3 टेस्ट और 5 वनडे मैच खेलने पाकिस्तान गई थी। 3 मार्च 2009 को दूसरे टेस्ट के तीसरे दिन गद्दाफी स्टेडियम के पास लाहौर में श्रीलंका की बस पर आतंकी हमला हुआ था। 12 आतंकियों ने टीम पर फायरिंग कर दी थी। हमले में टीम के कप्तान महेला जयवर्धने, कुमार संगाकारा समेत 7 खिलाड़ी घायल हो गए थे।

### भारत और पाकिस्तान के सभी मैच अमेरिका में होंगे

टी-20 वर्ल्ड कप में 5-5 टीमों को 4 ग्रुप में बांटा गया। भारत और पाकिस्तान को एक ही ग्रुप में रखा गया है। इसी ग्रुप में आयरलैंड, कनाडा और अमेरिका भी हैं। भारत और पाकिस्तान अपने सभी मैच अमेरिका में ही खेलेंगे। भारत के शुरुआती 3 मैच न्यूयॉर्क और चौथा मैच फ्लोरिडा में होगा। टीम अपना पहला मुकाबला 5 जून को आयरलैंड, दूसरा मुकाबला 9 जून को पाकिस्तान, 12 जून को तीसरा मुकाबला अमेरिका और 15 जून को चौथा मुकाबला कनाडा से खेलेगी।

### भारत वॉर्म-अप मैच भी न्यूयॉर्क में ही खेलेगा

भारत वर्ल्ड कप में शुरुआती 3 ग्रुप स्टेज मैच न्यूयॉर्क में खेलेगा। वहीं 1 जून को बांग्लादेश के खिलाफ वॉर्म-अप मैच भी यहीं खेलना है। भारत अमेरिका पहुंचा और उसने प्रैक्टिस शुरू कर दी है।

### अमेरिका में पहली बार होगा आईसीसी टूर्नामेंट

अमेरिका को पहली बार ही किसी आईसीसी टूर्नामेंट की मेजबानी मिली है। 2028 के ओलिंपिक गेम्स भी अमेरिका में ही होंगे, जिसमें क्रिकेट भी शामिल किया गया है। इस इवेंट को देखते हुए आईसीसी ने अमेरिका में टी-20 वर्ल्ड कप कराने को प्राथमिकता दी। अमेरिका के साथ वेस्टइंडीज में भी टी-20 वर्ल्ड कप होगा, यहां 2010 का टूर्नामेंट भी खेला गया था।

# भारतीय पुरुष टीम ने शूटआउट में जर्मनी को हराया, महिला टीम ने ऑरेंज रूड से ड्रॉ खेला



**ब्रेडा (नीदरलैंड), 30 मई (एजेंसियां)।**

भारत ने जूनियर हॉकी टीमों के यूरोप दौरे का समापन जर्मनी पर शूट आउट में पुरुष टीम की जीत के साथ किया जबकि महिला टीम ने ऑरेंज रूड क्लब के साथ 2-2 से ड्रॉ खेला। ब्रेडेस हॉकी वेरेनिगिंग पुश में नियमित समय में मुकाबला 1-1 से बराबर रहने के बाद पुरुष टीम ने पेनल्टी में 3-1 से जीत हासिल की। गुरजोत सिंह, दिलराज सिंह और मनमीत सिंह ने शूट आउट में गोल किए। इससे पहले नियमित समय में मुकेश टोप्पो ने 33वें मिनट में पेनल्टी कॉर्नर पर रिबाउंड पर गोल किया।

### पेनल्टी शूटआउट में जीता भारत

भारतीय जूनियर पुरुष टीम नियमित समय में जीत की ओर बढ़ रही थी, लेकिन मैच खत्म होने से चार मिनट पहले जर्मनी ने बराबरी हासिल कर ली जिससे मैच में रोमांच बढ़ गया और नतीजे के लिए शूट आउट का सहारा लेना पड़ा। यह जूनियर पुरुष टीम की दौरे के पांच मैचों में दूसरी जीत है। टीम ने 20 मई को एंटवर्प में अपने शुरुआती मैच में बेल्जियम को पेनल्टी के जरिए 4-2 (2-2) से हराया था। टीम को तीन हार का सामना भी करना पड़ा। टीम को बेल्जियम (2-3), ब्रेडेस हॉकी वेरेनिगिंग पुश (4-5) और जर्मनी (2-3) के खिलाफ हार झेलनी पड़ी।

### महिला हॉकी में क्या हुआ

महिला टीम ने ऑरेंज रूड के खिलाफ ड्रॉ खेलने के अलावा दो जीत दर्ज की जबकि उसे दो हार का भी सामना करना पड़ा। ऑरेंज रूड के खिलाफ संजना होरो (18वें मिनट) ने भारत को बढ़त दिलाई। ऑरेंज रूड को दो पेनल्टी कॉर्नर मिले लेकिन भारतीय रक्षा पंक्ति ने दोनों हमलों को नाकाम कर दिया जिससे टीम मध्यांतर तक 1-0 से आगे थी। ऑरेंज रूड ने तीसरे क्वार्टर में तीन पेनल्टी कॉर्नर पर दो बार गोल करके 2-1 की बढ़त बनाई।

## प्रथम पृष्ठ का शेष...

### चुनावों में भाजपा की...

और इसलिए हर देशवासी उनकी सरकार को आशीर्वाद दे रहा है। प्रधानमंत्री ने कांग्रेस को भ्रष्टाचार की जननी और आम आदमी पर्टी (आपा) को भ्रष्टाचार की उपज बताया। श्री मोदी ने कहा, कांग्रेस और इंडिया समूह के स्वार्थ और वोट बैंक की राजनीति ने देश का बहुत नुकसान किया है। आजकल देश के लोग इंडिया समूह वालों से संविधान-संविधान की रट सुन रहे हैं। ये वो लोग हैं जिन्होंने इमरजेंसी में संविधान का गला घोंट दिया था। जब 84 के दंगों में सिखों के गले में टायर बांधकर जलाया जा रहा था, तो इन्हें संविधान की नहीं सूझी।प्रधानमंत्री ने कहा कि अब कांग्रेस के साथ एक और आपा जुड़ गई है। यहां तो आमने-सामने लड़ने का ड्रामा कर रहे हैं, दिल्ली में एक साथ चुनाव लड़ रहे हैं।उन्होंने कहा, लोग भूले नहीं कि कट्टर भ्रष्टाचारी की पहली सरकार कांग्रेस के समर्थन से दिल्ली में बनी थी, इसलिए इन्होंने भ्रष्टाचारी कांग्रेस से भ्रष्टाचार के पाठ पढ़ लिए हैं। श्री मोदी ने कहा कि कांग्रेस भ्रष्टाचार की जननी है। साठ साल तक कांग्रेस ने भ्रष्टाचार के एक से बढ़कर एक वारदातें की हैं। ऐसा लगता है कि कांग्रेस ने भ्रष्टाचार में पीएचडी की है।प्रधानमंत्री ने सेना के अपमान को अक्षम्य बताते हुए कहा,कांग्रेस और इंडिया समूह मोदी को जितनी गालियां देनी हैं दें, लेकिन सेना का अपमान मोदी सहन नहीं करेगा। उल्लेखनीय है कि कांग्रेस और कुछ अन्य विपक्षी दलों के नेताओं ने सेना की सर्जिकल स्ट्राइक, बालाकोट में आतंकवादी शिविर पर पर वायु सेना की कार्रवाई और लद्दाख में नियंत्रण रेखा पर चीनी सेना के साथ टकराव को लेकर भारतीय सेनाओं की भूमिका पर संदेश खड़े किए थे। श्री मोदी ने 18वीं लोक सभा चुनाव में भाजपा की फिर जीत के प्रति अपना विश्वास प्रकट करते हुए कहा, चुनाव की इस भागदौड़ में भी हमारी सरकार एक पल भी व्यर्थ नहीं कर रही है। सरकार बनते ही अगले 125 दिन में क्या होगा?... इसके रोडमैप पर काम कर लिया गया है। इसमें भी 25 दिन विशेष तौर पर युवाओं के लिए रखे गए हैं।अगले पांच साल में कौन से बड़े निर्णय लेने हैं, इसकी भी रुपरेखा खींची जा चुकी है। अगले 25 साल के विजन पर भी हमारी सरकार तेजी से आगे बढ़ रही है।ये लोग (आपा वाले) पंजाब को नशे से मुक्त करने के नाम पर आए थे, लेकिन इन्होंने नशे को ही अपनी कमाई का साधन बना दिया है। दिल्ली के शराब घोटाले को पूरी दुनिया जान चुकी है। यहां खनन माफिया भी बेलगाम चल रहा है।उन्होंने पंजाब को गुरुवों की पवित्र भूमि बताते हुए कहा, गरीब कल्याण मेरी सरकार की बहुत बड़ी प्राथमिकता है और इसमें गुरु रविदास जी की प्रेरणा है। इसी संदर्भ में उन्होंने गुरु रविदास के इस कथन का उद्धरण दिया- ऐसा चाहूं राज मैं, जहां मिले सबन को अन्न ,छोट-बड़ो सब सम बसे, रैदास रहै प्रसन्न।श्री मोदी ने कहा, पिछले 10 वर्ष में उनकी सरकार के कामों से दुनिया भर में भारत का गौरव बढ़ा है। आज जब पंजाब के लोग, दूसरे राज्यों के लोग विदेश जाते हैं, तो खुद देखते हैं कि वहां भारत और भारतीयों की इज्जत कितनी बढ़ गई है। जब देश में दमदार सरकार होती है, तो विदेशी सरकारें भी हमारा दम देखती हैं।

### पीएम मोदी ने...

सात चरणों में हो रहे चुनाव के लिए अंतिम दौर का मतदान एक जून को होना है। मतों की गिनती 4 जून को होगी।

गौरतलब है कि पीएम मोदी ने ध्यान के लिए कन्याकुमारी को चुना इस फैसले के पीछे सांस्कृतिक अहमियत भी है। कन्याकुमारी वही स्थान है जहां दशकों पहले स्वामी विवेकानंद को भारत माता के दर्शन हुए थे। इस चट्टान का स्वामी विवेकानंद के जीवन पर बड़ा प्रभाव था। लोगों का मानना है कि गौतम बुद्ध के जीवन में जैसा महत्व सारनाथ का है, वैसे ही यह चट्टान भी स्वामी विवेकानंद के जीवन में विशिष्ट है। देश भर में घूमने के बाद कन्याकुमारी पहुंचे स्वामी विवेकानंद को यहीं तीन दिवसीय ध्यान साधना के बाद विकसित भारत का सूत्र मिला था। इसी स्थान पर देवी पार्वती ने भगवान शिव की प्रतीक्षा में एक पैर पर खड़े होकर साधना की थी। इस भौगोलिक इलाके का एक महत्व यह भी है कि कन्याकुमारी का यह स्थान भारत का सबसे दक्षिणी छोर है। इसके अलावा इसी स्थान पर भारत की पूर्वी और पश्चिमी तट की रेखाएं मिलती हैं। यह हिंद महासागर, बंगाल की खाड़ी और अरब सागर का मिलन बिंदु भी है। जानकारों की राय में कन्याकुमारी जाकर पीएम मोदी राष्ट्रीय एकता का संकेत दे रहे हैं।

### पाकिस्तान में...

दुष्कर्म मामले में वांछित सांसद प्रज्वल रेवन्ना के राजनयिक पासपोर्ट को रद्द करने के बारे में पूछे जाने पर उन्होंने कहा कि राजनयिक पासपोर्ट रद्द करने के लिए पासपोर्ट अधिनियम 1967 के प्रावधानों के तहत कार्रवाई शुरू कर दी है। पासपोर्ट धारक को 23 मई को एक कारण बताओ नोटिस जारी किया गया था, जिसमें उन्हें हमारे नोटिस का जवाब देने के लिए 10 कार्य दिवस दिए गए थे। हम जवाब का इंतजार कर रहे हैं और नियमों के मुताबिक आगे की कार्रवाई करेंगे। थाईलैंड और श्रीलंका द्वारा ब्रिक्स की सदस्यता के लिए रुचि दिखाने के विषय में विदेश मंत्रालय के प्रवक्ता ने कहा, हम लगातार कहते रहे हैं कि ब्रिक्स हमारे लिए एक महत्वपूर्ण मंच है और हम इस साल ब्रिक्स के अध्यक्ष के रूप में रूस द्वारा आयोजित होने वाली बैठकों में अपनी भागीदारी के लिए उत्सुक हैं। जहां तक सदस्यता की बात है, जहां तक ब्रिक्स का संबंध है, यह निर्णय लेना समूह का काम है और समूह अपने द्वारा निर्धारित कुछ मानदंडों के आधार पर निर्णय लेता है, इसलिए यदि समूह विस्तार की किसी विशेष सदस्यता पर निर्णय लेता है या किसी विशेष देश पर विचार करता है, तो समूह ब्रिक्स समूह के दिशानिर्देशों के अनुसार ऐसा करेगा।उज्बेकिस्तान की राजधानी बिश्केक की स्थिति पर श्री जायसवाल ने कहा,वहां स्थिति सामान्य बनी हुई है। दो हफ्ते पहले, दूसरे देशों के विदेशी छात्रों से जुड़ी कुछ घटनाएं हुईं, जिससे हमारे छात्र चिंतित थे। यह सुनिश्चित करने के लिए हमारे दूतावास ने तुरंत भारतीय छात्रों से संपर्क किया। उनकी सुरक्षा और कल्याण। उन्होंने उनकी सहायता के लिए चौबीसों घंटे हेल्पलाइनें खोलीं। उन्होंने उनकी मदद सुनिश्चित करने के लिए स्थानीय अधिकारियों और विश्वविद्यालय प्रशासन के साथ भी मामला उठाया और इच्छा रखने वाले छात्रों के लिए दिल्ली और बिश्केक के बीच और अल्माटी के माध्यम से दैनिक सीधी उड़ानें उपलब्ध हैं। गर्मी की छुट्टियों में घर जाने के लिए भारतीय दूतावास भारतीय छात्रों की सहायता के लिए प्रतिबद्ध है। गाजा पट्टी में राफा में इजरायली हमले के बाद स्थिति पर विदेश मंत्रालय के प्रवक्ता ने कहा, राफा में विस्थापन शिविर में नागरिक जीवन की दिल दहला देने वाली क्षति गहरी चिंता का विषय है। हमने लगातार नागरिक आबादी की सुरक्षा और जारी संघर्ष में अंतरराष्ट्रीय मानवीय कानून के सम्मान का आह्वान किया है। हम यह भी ध्यान देते हैं कि इजरायली पक्ष ने पहले ही इसे एक दुखद दुर्घटना के रूप में जिम्मेदारी स्वीकार कर ली है और घटना की जांच की घोषणा की है। मालदीव के एक मंत्री द्वारा भारत को मुक्त व्यापार समझौता (एफटीए) का प्रस्ताव दिये जाने के बारे में श्री जायसवाल ने कहा, भारत सरकार द्वारा मालदीव के साथ द्विपक्षीय एफटीए के लिए कोई विशेष प्रस्ताव नहीं दिया गया है। अगर मालदीव सरकार भारत के साथ एफटीए में रुचि व्यक्त करती है, तो हम इस पर उचित विचार करेंगे।

### जम्मू में बस ...

कुरुक्षेत्र से शिवखोड़ी धाम जा रही था। शिवखोड़ी धाम, जम्मू संभाग के रियासी जिले के पौनी में स्थित है, जो कि कटड़ा सिथ्त माता वैष्णो देवी मंदिर से मात्र 80 किलोमीटर की दूरी पर है। यह भगवान भोलेनाथ को समर्पित है। यह बस अखनूर के टूंगी मोड़ में गहरी खाई में जा गिरी। इस तीखे मोड़ पर सामने से आ रही एक बस के आने से हादसे वाली बस का चालक का संतुलन बिगड़ा गया और यह हादसा हो गया। बस के गिरते ही चीख-पुकार मच गई। आसपास के लोग मौके पर पहुंचे। पुलिस को भी सूचित किया गया। तुरंत में राहत और बचाव अभियान चलाया गया। बस के शीशे तोड़ कर लोगों को बाहर निकाला गया। फिर रस्सी और कुछ को पीठ पर लाद कर सड़क तक पहुंचाया गया। इसके बाद घायलों को वाहनों में सवार कर नजदीकी अस्पताल ले जाया गया। इस दौरान सड़कों पर एंबुलेंस की आवाज गूंजती रही। अस्पताल में हादसे की खबर के साथ ही स्टाफ को अलर्ट कर दिया गया। घायलों के पहुंचने के साथ ही यहां उपचार शुरू कर दिया गया। गंभीर रूप से घायल यात्रियों को प्राथमिक उपचार के बाद जीएमसी जम्मू रेफर किया गया। जीएमसी जम्मू में डॉक्टरों की अलर्ट टीम ने मोर्चा संभालते हुए पहुंचे हुए घायलों का तुरंत इलाज शुरू कर दिया है। बस में लगभग 75 से अधिक यात्री सवार थे। मौके पर एसडीएम अखनूर लेख राज, एसडीपीओ अखनूर मोहन शर्मा, थानाप्रभारी अखनूर तारिक अहमद मोके पर बचाव कार्य मे जुटे हुए हैं। एसएसपी जम्मू व अन्य वरिष्ट अधिकारी भी मौके पर पहुंचे हैं। सरकारी मेडिकल कॉलेज (जीएमसी) जम्मू में घायलों का हाल जानने के जिला उपायुक्त सचिन कुमार वैश्य पहुंचे। उन्होंने कहा कि दुर्घटना में घायलों का इलाज चल रहा है। वह यहां स्थिति की समीक्षा करने आए हैं। जिला प्रशासन घायलों को हर संभव मदद पहुंचने के लिए जुटा है। दुर्घटना में हताहतों की सही संख्या का अभी पता नहीं चल पाया है।जम्मू के अखनूर में हुए सड़क हादसे को लेकर देश की राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू, प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और जम्मू कश्मीर के उपराज्यपाल मनोज सिन्हा ने दुख प्रकट किया है। राष्ट्रपति ने कहा कि जम्मू के निकट अखनूर में हुई बस दुर्घटना में लोगों की मौत की खबर सुनकर उन्हें बहुत दुख हुआ। शोक संतप्त परिवारों के प्रति उनकी गहरी संवेदनाएं है। वह घायलों के शीघ्र स्वस्थ होने की कामना करती हैं। उपराज्यपाल (एलजी) मनोज सिन्हा ने कहा कि जम्मू के अखनूर में हुई बस दुर्घटना हृदय विदारक है। उन्होंने इस दुर्घटना में जान गंवाने वाले लोगों के परिवारों के प्रति संवेदना व्यक्त की। उन्होंने कहा, मैं ईश्वर से प्रार्थना करता हूं कि वे शोकाकुल परिवारों को इस अपूरणीय क्षति को सहन करने की शक्ति प्रदान करें। घायलों के शीघ्र स्वस्थ होने की कामना करता हूं।

### अग्निबाण...

इसके अलावा, यह परीक्षण वाहन के संपूर्ण प्रणोदन प्रणाली को नियंत्रित करने के लिए एसओआरटीईडी वाहन की संपूर्ण एवियोनिक्स शृंखला की क्षमता को भी साबित करता है। लगभग 700 किमी ऊंची कक्षाओं में 300 किलोग्राम तक ले जाने में सक्षम, अग्निबाण निम्न और उच्च दोनों झुकाव कक्षाओं तक पहुंच सकता है और पूरी तरह से मोबाइल है। इसे 10 से अधिक लॉन्च पोर्ट तक पहुंचने के लिए डिजाइन किया गया है। अपने सभी चरणों में एलओएक्स/केरोसिन इंजन द्वारा संचालित, अग्निबाण ग्राहक द्वारा कॉन्फ़िगर करने योग्य है। मिशन, उपग्रह और लॉन्च पोर्ट ही तय करेंगे कि पहले चरण में कितने इंजन जाएंगे। केंद्रीय मंत्री राजीव चंद्रशेखर ने अग्निकुल कॉसमॉस को सतीश धवन अंतरिक्ष केंद्र (एसडीएससी शार), श्रीहरिकोटा के भीतर अग्निकुल के अपने और भारत के एकमात्र निजी लॉन्चपैड से अपना पहला प्रक्षेपण सफलतापूर्वक पूरा करने के लिए बधाई दी।वर्ष 2023 में पराक्रम के शानदार प्रदर्शन में भारत ने चंद्रमा के दक्षिणी ध्रुव पर चंद्रयान-3 की सफल सॉफ्ट लैंडिंग और भारत के पहले सौर मिशन आदित्य-एल1 के सफल प्रक्षेपण के साथ नई ऊंचाइयों को छुआ। इन मील के पत्थर ने न केवल वैश्विक अंतरिक्ष अर्थव्यवस्था में भारत की स्थिति को सुरक्षित किया बल्कि भारत में निजी अंतरिक्ष क्षेत्र के लिए इंजनों को भी ईंधन दिया। भारत का लक्ष्य अब 2035 तक भारतीय अंतररिक्ष स्टेशन स्थापित करने और 2040 तक पहले भारतीय को चंद्रमा पर भेजने का है।

### मनोरंजन कंपनी...

रोहिणी स्थित एडवेंचर आइलैंड लिमिटेड 45,966 स्कायर फुट की कमर्शियल जगह पर बना है। जांच एजेंसी ने बताया कि इंटरनेशनल एम्यूजमेंट लिमिटेड पर आरोप है कि उसने गुरुग्राम के सेक्टर 29 और 52 ए में दुकानें/अन्य स्थान आवंटित करने का वादा करके लगभग 1,500 निवेशकों से 400 करोड़ रुपये से अधिक एकत्रित किए। बता दें, इंटरनेशनल एम्यूजमेंट लिमिटेड, इंटरनेशनल रिक्रिएशन एंड एम्यूजमेंट लिमिटेड (आईआरएएल) की होल्डिंग कंपनी है। हालांकि, कंपनी निवेशकों को समय पर दुकानें देने में नाकामयाब रही। साथ ही निवेशकों को मासिक भुगतान भी नहीं दिया गया था। कंपनी ने निवेशकों के धन का गबन किया और धन को उससे संबद्ध व्यक्तियों/संस्थाओं के पास रखा, जिसका इस्तेमाल व्यक्तिगत लाभ के लिए किया गया। आरोप लगाया गया है कि प्रवर्तक निदेशकों और ईओडी (खरीद इकाई) के बीच बैक-डेटेड (पहले की तारीख में) समझौता किया गया था ताकि आईआरएएल की बैलेंस शीट से बिजनेस एडवांस को खत्म किया जा सके। इसके जरिए बोर्ड से बाहर जाने वाले निदेशकों को आईआरएएल के प्रति अपनी जिम्मेदारियों से बचने में सक्षम बनाया गया। ईडी ने आरोप लगाया कि निवेशकों के पैसों को अन्य संबंधित इकाइयों के पास रखने, फिर कंपनी को सस्ते रुपयों में बेचने और निवेशकों से छुटकारा पाने के इरादे से 400 करोड़ रुपये से अधिक का गबन किया। एंटरटेनमेंट सिटी लिमिटेड में इंटरनेशनल एम्यूजमेंट लिमिटेड की 291.18 करोड़ रुपये की संपत्तियां, जो कि ग्रेट इंडिया प्लेस मॉल (जीआईपी) नोएडा में 3,93,737.28 वर्ग फुट की बिना बिकी व्यावसायिक जगह, एडवेंचर आइलैंड लिमिटेड, रोहिणी के नाम पर 45,966 वर्ग फुट की व्यावसायिक जगह और जयपुर के दौलतपुर गांव तहसील में इंटरनेशनल एम्यूजमेंट एंड इंफ्रास्ट्रक्चर लिमिटेड के नाम पर 218 एकड़ जमीन पर पट्टा अधिकार के रूप में हैं, को कुर्क किया गया है। यह आदेश धन शोधन रोकथाम अधिनियम (पीएमएलए) के प्रावधानों के तहत 28 मई को जारी किया गया।

### लोक सभा के...

सात चरणों में कराये जा रहे लोकसभा चुनाव के अंतिम चरण का मतदान एक जून को होगा। नतीजे चार जून को आयेंगे। उत्तर प्रदेश की जिन 13 सीटों पर एक जून को मतदान होगा, उनके नाम महराजगंज, गोरखपुर, कुशीनगर, देवरिया, बांसगांव, घोसी, सलेमपुर, बलिया, गाजीपुर, चंदौली, वाराणसी, मिर्जापुर, रॉबर्ट्सगंज हैं।अंतिम चरण में बिहार के जिन सीटों पर मतदान होगा उनमें नालंदा, पटना साहिब, पाटलिपुत्र, आरा, बक्सर, सासाराम, काराकाट, जहानाबाद है। पर्वतीय राज्य हिमाचल प्रदेश में एकल चरण में मतदान हो रहा है। राज्य की जिन चार सीटों पर मतदान होगा उनमें कांगड़ा, मंडी, हमीरपुर, शिमला शामिल है। ओडिशा की छह संसदीय सीटों के नाम मयूरभंज, बालासोर जाजपुर, केंद्रपाड़ा, जगतसिंहपुर, भद्रक हैं, जिन पर अंतिम चरण में मतदान होगा। पंजाब की जिन 13 संसदीय सीटों पर मतदान होगा, उनमें गुरदासपुर, अमृतसर, खडूर साहिब, जालंधर (सुरक्षित), होशियारपुर (सुरक्षित), आनंदपुर साहिब, लुधियाना, फतेहगढ़ साहिब (सुरक्षित), फरीदकोट (सुरक्षित), फिरोजपुर, बठिंडा, संगरूर, पटियाला सीट शामिल है। पश्चिम बंगाल की नौ संसदीय सीटों में दमदम, बारासात, बशीरहाट, जयनगर, मथुरापुर, डायमंड हार्बर, जादवपुर, कोलकाता दक्षिण, कोलकाता उत्तर शामिल है। इसके अलावा झारखंड के राजमहल, दुमका, गोड्डा तथा केन्द्रशासित प्रदेश चंडीगढ़ की सीट पर भी एक जून को मतदान होगा।

# कांग्रेस मुस्लिम लीग का नया संस्करण : योगी आदित्यनाथ

**यूपी के मुख्यमंत्री ने कंगना रनौत के लिए कुल्लू में चुनावी जनसभा को किया संबोधित**

**योगी ने की कंगना की तारीफ, कहा- इनमें मीरा की भक्ति और लक्ष्मीबाई जैसा शौर्य है**

**कुल्लू, 30 मई (एजेंसियां)।** यूपी के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कहा है कि कांग्रेस मुस्लिम लीग का नया संस्करण है। उन्होंने कहा कि देश में विरासत टैक्स और पर्सनल लॉ लागू करके कांग्रेस देश में तालिबानी शासन लागू करना चाहती है। योगी आदित्यनाथ गुरुवार को डालपुर में मंडी लोकसभा सीट के लिए पार्टी प्रत्याशी कंगना रनौत के पक्ष में चुनावी जनसभा को संबोधित कर रहे थे। उन्होंने कहा कि हिमाचल की बेटी कंगना रनौत में मीरा बाई की भक्ति, महारानी पद्मिनी का तेज और विरोधियों से जूझने के लिए महारानी लक्ष्मी बाई की तरह शौर्य और वीरांगना का भाव है। कांग्रेस और उद्धव ठाकरे की सरकार को इन्होंने मुम्बई में सड़कों पर लाकर पानी पिलाने को मजबूर कर दिया था।



योगी आदित्यनाथ ने बिजली महादेव और हिंडम्बा माता की धरा को नमन करते हुए कहा कि यहां का मौसब बहुत सुहावना है। मैदान में हम लोग झुलस रहे हैं। दिल्ली का तापमान 52 डिग्री और गोरखपुर में 48 डिग्री तापमान था। जब यहां आया तो बहुत राहत महसूस हुई, अहसास हुआ कि हिमाचल को देवभूमि क्यों कहा जाता है। मेरा जन्म भी पहाड़ों में ही हुआ है। ये प्रकृति और परमात्मा का संयोग है कि मुझे यूपी में सेवा का अवसर प्राप्त हुआ है। जब मुझे हिमाचल में प्रचार के लिए कहा गया तो मैंने कहा था कि कंगना जी के लिए जरूर जाउंगा।

उन्होंने कहा कि आज पूरे हिन्दुस्तान में एक ही नारा गूंज रहा है, वह है फिर एक बार मोदी सरकार और अबकी बार 400 पार। पूरा देश कह रहा है कि जो राम को लाए हैं हम उनको लाएंगे। पूरा चुनाव रामभक्तों और रामद्रोहियों के बीच आकर सिमट गया है। रामद्रोही वही हैं जो आतंकवाद और नक्सलवाद का समर्थन करते हैं, जो भारत की अस्मिता और अस्तित्व पर प्रश्नचिह्न खड़ा करते हैं, जिन्होंने विकास को बाधित किया और गरीबों के हक पर डकैती डाली। योगी ने कहा कि हिमाचल प्रदेश के पालमपुर में बीजेपी ने पहली बार संकल्प लिया था कि रामलला हम आएंगे मंदिर वहीं बनाएंगे। अब 500 साल का इंतजार समाप्त हुआ है।

पहली बार अयोध्या में रामलला ने अपने भव्य मंदिर में होली भी खेली और जन्मोत्सव भी मनाया। उन्होंने कहा कि काशी में भी भव्य काशी विश्वनाथ धाम बन चुका है और अब हम मथुरा जाने की तैयारी कर रहे हैं। हम भारत की अस्मिता के लिए जो भी आवश्यक होगा उसके लिए कोई भी कदम उठाने में नहीं हिचकेंगे।

योगी आदित्यनाथ ने कहा कि मोदी जी के नेतृत्व में दुनिया में भारत का सम्मान बढ़ा है। पहले लगातार आतंकी घटनाएं घटित होती थीं। कांग्रेस ये कहकर घुटने टेक देती थी कि आतंकवाद तो सीमापार से है। अब तो तेज आवाज में पटाखा भी फट जाए तो पाकिस्तान सफाई देने लगता है। नये भारत में बड़े बड़े विकास के कार्य हम देख रहे हैं। आज हिमाचल प्रदेश में भी अपना एम्स है। एक तरफ भारत 80 करोड़ लोगों को फ्री राशन दे रहा है तो वहीं पाकिस्तान की कुल 23 करोड़ की आबादी भूखों मर रही है। उन्होंने कहा कि जो लोग यहां पर पाकिस्तान का राग अलापते हैं उन्हें पाकिस्तान जाकर भीख मांगना चाहिए।

योगी ने इंडी गठबंधन को भनुमति का पिटारा बताया। कहा कि कांग्रेस का घोषणापत्र मुस्लिम लीग का घोषणापत्र है। जो काम मुस्लिम लीग ने 1940 के दशक में किया था आज कांग्रेस वही काम करने जा रही है। इनका घोषणापत्र कहता है कि पर्सनल लॉ लागू करेंगे। इसका मतलब तालिबानी शासन होगा, जिसमें बेटियां स्कूल नहीं जा पाएंगी, महिलाओं को बुर्का पहनकर घर में दुबककर रहना होगा। योगी ने कहा कि भारत बाबा साहब के संविधान से चलेगा, किसी शरिया कानून से नहीं। उन्होंने कहा कि कांग्रेस के शहजादे एक झटके से गरीबी दूर करने की बात करते हैं। कहते हैं कि संपत्ति का सर्वे कराकर पैतृक संपत्तियों पर विरासत टेक्स लगाएंगे और उसमें से आधी संपत्ति पर घुसपैठियों को बसाएंगे। इनका ये विरासत टेक्स औरंगजेब का जजिया कर है। इनके अंदर औरंगजेब की आत्म घुस गई है।

योगी ने कहा कि हमें औरंगजेब जैसे दुष्टों को जीवित नहीं होने देना है। यूपी में हम ऐसे तत्वों से बहुत सख्ती से निपटते हैं। यूपी में औरंगजेब को आदर्श मानने वाले बड़े बड़े माफिया को ठीक करने काम किया गया है। हमारा संकल्प था राममंदिर बनाएंगे वो पूरा हो चुका है। यूपी को माफिया मुक्त करने भी संकल्प लिया था, आज कोई माफिया नहीं बचा है। आज यूपी में कोई कर्फ्यू और कोई दंगा नहीं होता, बेटी और व्यापारी सुरक्षित हैं। जिन्हें औरंगजेब प्यारे हैं उन्हें कब्र में दफना दिया गया है। आज यूपी में सब चंगा है।

योगी ने कहा कि कंगना रनौत के पास प्रतिभा है, कला है और कार्य करने की क्षमता है। विकास कार्य करने का जज्बा और सामर्थ्य है। पहाड़ से निकलकर अपने दम पर, अपने संघर्षों से फिल्म जगत में इन्होंने अपना मुकाम बनाया। इन्होंने जयललिता का शानदार रोल निभाया था। अब कुल्लू वासियों की जिम्मेदारी बनती है कि इन्हें अपना सांसद बनाकर संसद में भेजें। 400 पार के नारे में मंडी समेत हिमाचल प्रदेश की चारों सीट आनी चाहिए। चुनाव बाद आप सभी अयोध्या दर्शन के लिए आएं, वहां सारी व्यवस्था की जिम्मेदारी हमारी होगी

इस अवसर पर हिमाचल प्रदेश के पूर्व सीएम जयराम ठाकुर, प्रदेश अध्यक्ष राजीव बिंदल, गोविंद ठाकुर, सुरेन्द्र शौरी, राजा महेश्वर सिंह, नरोत्तम ठाकुर, अरविंद चंदेल, धनेश्वरी ठाकुर, स्वामी रामशरण जी महाराज सहित अन्य गणमान्य उपस्थित रहे।

# यूपी में पूरा होगा 80 में 80 का संकल्प: योगी

- मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने तय रणनीति के तहत अपनी रैलियों में विपक्ष को बनाया निशाना
- रैलियों में केंद्र और राज्य सरकार की उपलब्धियों के साथ ही विपक्ष की कमजोरी पर भी किया प्रहार
- पाकिस्तान, आरक्षण, गौहत्या, परिवारवाद और राम मंदिर जैसे 5 मुद्दों पर किया मुख्य फोकस

**लखनऊ, 30 मई (एजेंसियां)।** हर कोई मानता है कि देश की सत्ता का रास्ता उत्तर प्रदेश से होकर ही जाता है। यदि उत्तर प्रदेश जीत लिया तो केंद्र की सत्ता के शिखर पर पहुंचना मुश्किल नहीं। बीते दो बार से नरेंद्र मोदी उत्तर प्रदेश में बेहतर प्रदर्शन के बल पर ही सरकार बनाने में सफल रहे हैं और लगातार तीसरी बार मोदी सरकार बनाने के लिए फिर एक बार उत्तर प्रदेश जीतना महत्वपूर्ण है। इसी तथ्य को देखते हुए मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने 80 में 80 सीटें जीतने का संकल्प लिया है और इस संकल्प की प्राप्ति के लिए रणनीति बनाकर उस पर अमल भी किया। सीएम योगी ने आदित्यनाथ प्रदेश और प्रदेश के बाहर अपनी रैलियों में केंद्र सरकार और राज्य सरकार की उपलब्धियों के बखान के साथ ही विपक्ष पर 5 प्रमुख मुद्दों को लेकर लगातार हमला किया। ये पांचो मुद्दे सीधे जनता की आस्था, संस्कृति और उसके विकास और भविष्य से जुड़े हैं जिसे लेकर सीएम योगी हर चरण में उन्हें जागरूक करते आए।

सीएम योगी अपनी रैलियों में राम मंदिर का भरपूर जिक्र कर रहे हैं। वो कहते हैं कि यह चुनाव राम भक्तों और राम द्रोहियों के बीच है। सीएम के इस वक्तव्य में वो राम भक्त उन्हें कहकर संबोधित करते हैं जिन्होंने खुद और उनके पूर्वजों ने वर्षों से अयोध्या में राम मंदिर निर्माण का सपना देखा, जिन्होंने सपा सरकार के दौर में राम मंदिर आंदोलन में हिस्सा लिया और अपने सीने में गोली खाई। वहीं रामद्रोही वो जिन्होंने गोलियां चलाईं, राम मंदिर के निर्माण में रोड़े अटकाए और सुप्रीम कोर्ट में फैसले में देरी के लिए तरह-तरह की दलील दी। प्रदेश ही नहीं, देश भर में राम मंदिर बहुसंख्यक समाज के लिए एक ऐसा मुद्दा रहा है, जो उसकी आस्था और संस्कृति से जुड़ा हुआ है और जब सीएम योगी इसका जिक्र करते हैं तो लोग सीधे इससे जुड़ाव महसूस करते हैं।

गौहत्या और गोमांस के सेवन को लेकर भी सीएम योगी विपक्ष पर हमला कर रहे हैं। इसके पीछे कांग्रेस का मैनिफेस्टो सबसे बड़ी वजह है, जिसमें कांग्रेस ने अल्पसंख्यकों को उनके मन के खानपान की आजादी देने की बात कही है। सीएम योगी का आरोप है कि इसके माध्यम से कांग्रेस अल्पसंख्यकों को गौहत्या और गोमांस खाने की आजादी देने का वादा कर रही है जो बहुसंख्यक समाज की आस्था के खिलाफ है। बहुसंख्यक समाज में गाय की पूजा की जाती है। उसे कामधेनू का रूप माना जाता है। उसकी हत्या और गौमांस खाना निषेध है। बहुसंख्यक समाज की इसी आस्था को ध्यान में रखते हुए प्रदेश सरकार ने 2020 में गोकशी कानून को और सख्त बना दिया था, जिसके तहत 10 साल तक की जेल और दोबारा दोषी पाए जाने पर दोगुनी सजा का प्राविधान किया गया है। ऐसे में इस मुद्दे पर सीएम योगी के आरोपों को लोगों का भरपूर समर्थन मिल रहा है।

पाकिस्तान के पूर्व मंत्री फवाद चौधरी ने जब राहुल गांधी की प्रशंसा की तब सीएम योगी ने पहली बार चुनावों में पाकिस्तान को लेकर चर्चा शुरू की। उसके बाद कांग्रेसी नेताओं द्वारा एटम बम की बात की गई तब भी सीएम योगी ने कांग्रेस और विपक्ष को आड़े हाथ लिया। विपक्ष के पाकिस्तान प्रेम को लेकर सीएम योगी के वक्तव्य से विपक्ष बुरी तरह तिलमिला गया। वहीं जनता के बीच भी विपक्ष और पाकिस्तान के बीच का रिश्ता डिसक्लोज हो गया। पाकिस्तान की ओर से जिस तरह से लगातार भारत के खिलाफ आतंकी साजिश की जाती रही है, उसको देखते हुए पूरे देश में पाकिस्तान को लेकर जबर्दस्त रोष है। मोदी सरकार ने जब इन्हीं आतंकी हरकतों के जवाब में पाकिस्तान पर सर्जिकल स्ट्राइक और एयर स्ट्राइक की तो जनता का भरपूर समर्थन मिला। यही समर्थन योगी आदित्यनाथ के वक्तव्यों पर भी मिल रहा है।

एससी, एसटी और ओबीसी के आरक्षण को लेकर भी सीएम योगी अपनी रैलियों में विपक्ष के एजेंडे का खुलासा कर रहे हैं। पीएम मोदी की तर्ज पर बेहद सरल भाषा में वो बता रहे हैं कि कांग्रेस किस तरह इन जातियों के आरक्षण में कटौती करके उसे एक धर्म के लोगों को देने का कुत्सित प्रयास कर रही है।

## जम्मू कश्मीर बस हादसे पर सीएम योगी ने जताया दुख मुआवजे का किया ऐलान

**मृतकों के परिजनों को दो-दो लाख रुपए और गंभीर रूप से घायलों को 50-50 हजार की सहायता राशि देने की घोषणा**

**लखनऊ, 30 मई (एजेंसियां)।** गुरुवार को जम्मू कश्मीर में हुए बस हादसे पर दुख व्यक्त करते हुए उत्तर प्रदेश के सीएम योगी आदित्यनाथ ने मृतकों के परिजनों के प्रति अपनी शोक संवेदना जाहिर की है। साथ ही सीएम योगी ने मुआवजे का भी ऐलान किया है। उन्होंने मृतकों के परिजनों को दो-दो लाख की सहायता राशि प्रदान करने के निर्देश दिए हैं। साथ ही सीएम की ओर से हादसे में गंभीर रूप से घायलों को 50-50 हजार की मदद की घोषणा की गई है। यही नहीं सीएम योगी ने घटना को दुर्भाग्यपूर्ण बताते हुए प्रदेश के अधिकारियों को जम्मू कश्मीर के अधिकारियों के संपर्क में रहने के निर्देश दिए हैं। साथ ही राहत कार्य में तेजी लाने को भी निर्देशित किया है। सीएम के निर्देश पर मथुरा, अलीगढ़ और हाथरस की पुलिस प्रशासन की टीम राहत कार्यों की निगरानी के लिए जम्मू रवाना हो गई है।

सीएम योगी ने अपने एक्स हैंडल पर लिखा, जम्मू-कश्मीर में एक दुर्भाग्यपूर्ण बस दुर्घटना में हुई जनहानि अत्यंत दुःखद है। इस दुर्घटना में अपने आत्मीय जनों को खोने वाले शोक संतप्त लोगों के प्रति मेरी संवेदनाएं हैं। उत्तर प्रदेश के वरिष्ठ अधिकारियों को जम्मू-कश्मीर के अधिकारियों से निरंतर संपर्क बनाए रखने के निर्देश दिए गए हैं। प्रभु श्री राम से प्रार्थना है कि दिवंगत आत्माओं को अपने श्री चरणों में स्थान एवं घायलों को शीघ्र स्वास्थ्य लाभ प्रदान करें।

उल्लेखनीय है कि यह दुर्घटना जम्मू राजौरी मार्ग पर अखनूर में हुई, जहां बस खाई में गिर गई। देर शाम तक की जानकारी के अनुसार हादसे में 21 लोगों की जान चली गई, जबकि 69 लोग घायल हुए हैं। घायलों को इलाज के लिए जम्मू मेडिकल कॉलेज भेजा गया है।

## 7वें चरण के सभी जिला निर्वाचन अधिकारियों को समय से पोलिंग पार्टियों को रवाना करने के निर्देश

**लखनऊ, 30 मई (एजेंसियां)।** उत्तर प्रदेश में लोकसभा सामान्य निर्वाचन-2024 के सातवें और अंतिम चरण की 13 लोकसभा सीटों तथा दुद्धी (अ.ज.जा.) विधानसभा उप निर्वाचन के लिए एक जून, 2024 को होने वाले मतदान को सकुशल, निष्पक्ष व शांतिपूर्ण ढंग से संपन्न कराने के लिए 31 मई, 2024 (शुक्रवार) को मतदेय स्थलों (पोलिंग बूथों) के लिए पोलिंग पार्टियां रवाना होंगी। इसके लिए सातवें चरण के सभी जिला निर्वाचन अधिकारियों को समय से पोलिंग पार्टियों को रवाना करने के निर्देश दिए गए हैं। उल्लेखनीय है कि सातवें चरण में प्रदेश के 13 लोकसभा निर्वाचन क्षेत्र महराजगंज, गोरखपुर, कुशीनगर, देवरिया, बांसगांव (अ.जा.), घोसी, सलेमपुर, बलिया, गाजीपुर, चंदौली, वाराणसी, मिर्जापुर, राबर्ट्सगंज (अ.जा.) तथा विधानसभा उप निर्वाचन क्षेत्र दुद्धी (अ.ज.जा.) में एक जून को मतदान संपन्न कराया जाएगा। यह सभी सीटें प्रदेश के 11 जनपदों (महराजगंज, गोरखपुर, कुशीनगर, देवरिया, मऊ, बलिया, गाजीपुर, चंदौली, वाराणसी, मिर्जापुर तथा सोनभद्र) में आते हैं। प्रदेश के मुख्य निर्वाचन अधिकारी, नवदीप रिणवा ने बताया कि सातवें चरण के लोकसभा निर्वाचन क्षेत्रों से संबंधित सभी जिला निर्वाचन अधिकारियों को मतदान केंद्रों एवं मतदेय स्थलों (पोलिंग बूथ) पर मतदाताओं एवं मतदान कर्मिकों को जरूरी सुविधाएं मुहैया कराने के निर्देश दिए गए है।

# राममंदिर बनने से कांग्रेस में शोक की लहर : योगी

- *सीएम योगी ने हमीरपुर में चुनावी जनसभा को किया संबोधित*
- *बोले, औरंगजेब के रास्ते पर चलने वालों को मेरा बुलडोजर दफन कर देगा*

**हमीरपुर, 30 मई (एजेंसियां)।** यूपी के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कांग्रेस को निशाने पर लेते हुए कहा कि इनके अंदर औरंगजेब की आत्मा घुस गई है। इनका घोषणापत्र मुस्लिम लीग का दस्तावेज है। ये देश में शरिया कानून थोपना चाहते हैं और तालिबानी व्यवस्था लागू करना चाहते हैं। अगर ऐसा हुआ तो बेटियां स्कूल नहीं जा पाएंगी और महिलाओं को बुर्का पहनकर घरों में कैद रहना पड़ेगा। ये देश पर विरासत टैक्स के नामपर जजिया कर लगाना चाहते हैं। योगी ने कहा कि औरंगजेब के रास्ते पर चलने वालों को मेरा बुलडोजर हमेशा के लिए दफन कर देगा। उन्होंने कहा कि ये देश बाबा साहब के संविधान से चलेगा न कि शरिया कानून से। उन्होंने कहा कि जबसे राममंदिर में भगवान श्रीराम की प्राण प्रतिष्ठा हुई है कांग्रेस में शोक की लहर है। योगी आदित्यनाथ गुरुवार को बिझड़ी में हमीरपुर लोकसभा सीट के लिए पार्टी प्रत्याशी अनुराग ठाकुर और बड़सर विधानसभा के लिए हो रहे उपचुनाव में बीजेपी प्रत्याशी इंद्रदत्त लखनपाल के पक्ष में चुनावी जनसभा को संबोधित कर रहे थे।

योगी आदित्यनाथ ने माता चिंतपूर्णी और माता नैना देवी की पुण्यभूमि को कोटि कोटि नमन करते हुए कहा कि हिमाचल प्रदेश देवों और वीरों की भूमि है। यहां प्रकृति और परमात्मा की कृपा है। यह सबको आरोग्यता प्रदान करती है और देवत्व का अहसास कराती है। योगी ने कहा कि पूरे देश में एक ही स्वर गूंज रहा है कि फिर एक बार मोदी सरकार और अबकी बार 400 पार। इस 400 पार सीट में हिमाचल प्रदेश की सभी चारों सीट भी शामिल है। जनता कह रही है कि जो राम को लाए हैं हम उनको लाएंगे। योगी ने कहा कि अयोध्या और काशी का कार्य संपन्न हो चुका है, अब हम मथुरा की ओर तेजी से बढ़ रहे हैं।

योगी ने कहा कि आज 500 साल का इंतजार समाप्त हुआ है। अयोध्या में रामलला विराजमान हुए हैं। जब पूरी दुनिया प्रफुल्लित थी, हर सनातनधर्मी अभिभूत था तब कांग्रेस में शोक की लहर थी। कांग्रेस ने अयोध्या का आमंत्रण ठुकरा दिया था। आज भी उनके बुद्धिदाता कहते हैं कि अयोध्या में राममंदिर का निर्माण नहीं होना चाहिए था, इनके सहयोगी राममंदिर को बेकार बताते हैं। योगी ने कहा कि आज हम मोदी जी के नेतृत्व में नये भारत को देख रहे हैं। दुनिया में भारत का सम्मान बढ़ा है। आतंकवाद और नक्सलवाद समाप्त हो गया है। अब तेज आवाज में पटाखा भी फट जाए तो पाकिस्तान सफाई देने लगता है। विकास को समर्पित बड़े बड़े कार्य हुए हैं। इन्फ्रास्ट्रक्चर डेवलपमेंट हुआ है।



हिमाचल में भी एम्स और ट्रिपल आईटी की स्थापना हो चुकी है। योगी आदित्यनाथ ने कांग्रेस को विकास में बैरियर बताते हुए कहा कि ये लोग सैंड माफिया, लैंड माफिया, वन माफिया, पशु माफिया के सरपरस्त हैं। ये देश हित और श्रीराम का विरोध करते हैं। कांग्रेस ने हिमाचल के संसाधनों का दोहन किया है।

उन्होंने इंडी गठंबंधन को भानुमति का पिटारा बताते हुए कहा कि इसमें जितने दल हैं उतने ही खेमे भी हैं। इनका गठबंधन केवल एक मुखौटा है। ये स्वयं एक नहीं हो सकते तो देश को क्या एक कर पाएंगे। कांग्रेस कहती है कि सत्ता में आएंगे तो पिछड़ी जाति का अधिकार मुस्लिमों को देंगे। यूपीए की सरकार ने जस्टिस रंगनाथ मिश्रा और सच्चर कमेटी इसीलिए बनाया कि ओबीसी का आरक्षण मुसलमानों को दे सकें। तब हमने इसका विरोध किया था। राहुल गांधी एक झटके में गरीबी हटाने की बात कह रहे हैं। इनकी दादी ने 1970 में गरीबी हटाओ का नारा दिया था, अब 54 साल बाद नाती भी वही नारा दे रहा है। वो कह रहे हैं कि सभी भारतीयों की संपत्ति का एक्सरे कराएंगे और फिर पैतृक संपत्ति पर विरासत टैक्स लगाएंगे। इसमें आधी प्रॉपर्टी को लेकर पाकिस्तान, अफगानिस्तान और बांग्लादेशी घुसपैठियों को दे देंगे। कांग्रेस का विरासत टैक्स औरंगजेब का जजिया कर है।

योगी आदित्यनाथ ने कहा कि औरंगजेब को जिंदा नहीं होने देंगे, अगर कोई औरंगजेब के रास्ते पर चलेगा तो बुलडोजर से उसे दफन करने का काम करेंगे। उन्होंने कहा कि कांग्रेस कहती है कि अल्पसंख्यकों को खानपान की स्वतंत्रता देंगे। यानी कांग्रेस गोहत्या करने की छूट देना चाहती है। अयोध्या में राममंदिर बनाने का जो सौभाग्य और पुण्य आपसे जुड़ा है, कांग्रेस को वोट देकर उसपर गोहत्या का पाप कतई नहीं चढ़ाएं। योगी ने अनुराग ठाकुर का समर्थन करते हुए कहा यह मोदी जी के 9 रत्नों में शामिल हैं और इनके नेतृत्व में देश हर बड़े खेल आयोजन में सर्वाधिक मेडल प्राप्त कर रहा है। कहा कि हिमाचल का ये बेटा केवल हिमाचल नहीं भारत के लिए काम कर रहा है। 2036 में ये भारत में ओलम्पिक कराने की तैयारी कर रहा है। युवा जब खेलेगा तो नशे से दूर रहेगा, नशे से दूर रहेगा तो परिवार, राज्य और देश का नाम रोशन करेगा। वहीं बरसर विधानसभा सीट पर हो रहे उप-चुनाव में पार्टी प्रत्याशी इंद्रदत्त लखनपाल को जिताने की अपील करते हुए कहा कि हिमाचल में एक बार फिर भाजपा सरकार बनाना है।

इस अवसर पर विधानसभा उपचुनाव में बरसर सीट से प्रत्याशी इंद्रदत्त लखनपाल, पूर्वमंत्री विक्रम सिंह ठाकुर, त्रिलोक जामवाल, आशीष शर्मा, देशराज शर्मा, बलदेव शर्मा, विजय अग्निहोत्री, अनिल धीमान, उर्मिल ठाकुर, कमलेश कुमारी सहित अन्य गणमान्य उपस्थित रहे।

## यूपी में दंगाइयों और माफिया को हिमाचल की ठंड लग गई है : अनुराग ठाकुर

केंद्रीय मंत्री और हमीरपुर से लोकसभा प्रत्याशी अनुराग ठाकुर ने यूपी के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ की जमकर तारीफ की है। उन्होंने बिझड़ी में आयोजित जनसभा के दौरान कहा कि योगी जी ने देशभर में दौरा करके पीएम मोदी के 400 पार के लक्ष्य की प्राप्ति के लिए बहुत महत्वपूर्ण भूमिका निभाई है। अनुराग ठाकुर ने कहा कि आज हिमाचल के ठंड की चर्चा यूपी में खूब हो रही है। योगी जी के नेतृत्व में वहां दंगाइयों और माफिया को यहां की ठंड लग गई है। बाबा का बुलडोजर यूपी के दंगाइयों और माफिया पर जमकर चल रहा है। योगी जी ने यूपी में विकास की गंगा बहाई है और गरीबों को झुग्गियों से निकालकर पक्का मकान दिया है। आज यूपी में दुनियाभर के उद्योगपति निवेश कर रहे हैं। योगी आदित्यनाथ ने एक दमदार नेता के तौर पर अपने प्रदेश का कायाकल्प कर दिया है। पहले जहां महिलाएं शाम होने पर घर से बाहर नहीं निकल पाती थीं, आज रात एक बजे भी महिलाएं अकेले बाहर जा सकती हैं, क्योंकि सबको पता है यहां पर बुलडोजर वाले बाबा हैं। आज अयोध्या में रामलला विराजमान हो गये हैं और वहां दीपोत्सव को देखने के लिए पूरी दुनिया के राम भक्त व्याकुल होते हैं।

BOOK YOUR DISPLAY CLASSIFIED ADVERTISEMENTS AT
Timings : 9 am to 7 pm
Head office
SHREE SIDDIVINAYAK PUBLICATIONS
Plot No. A-23/5 & 6 2nd Floor,
APIE, Balanagar, Hyderabad - 500 037
City office
SHREE SIDDIVINAYAK PUBLICATIONS
4th Floor, 19 Towers (T19),
Near Bus Stand, Ranigunj,
Secunderabad - 500 003
8688868345

शुभ लाभ
म्हारो भाग्यनगर
दैनिक हिन्दी शुभ लाभ, हैदराबाद, शुक्रवार, 31 मई, 2024

शुभ लाभ
आपकी सेवा में
शुभ लाभ से जुड़ी किसी भी समस्या या सुझाव के लिए मो. 86888 68345 पर संपर्क करें।

# अग्रवाल समाज तेलंगाना की 85वीं शाखा गठित



**हैदराबाद, 30 मई (शुभ लाभ ब्यूरो)।**

अग्रवाल समाज अग्रबंधुओं की सामाजिक संस्था है और तेलंगाना में उपस्थित सभी अग्रबंधुओं को एक छत के नीचे लाना इसके मुख्य उद्देश्यों में से एक है। इसी उद्देश्य की प्राप्ति के लिये समय-समय पर अग्रवाल समाज तेलंगाना द्वारा विभिन्न क्षेत्रों में शाखाओं का गठन किया जाता है। इसी क्रम में गुरुवार, दि. 30 मई, 2024 को अग्रवाल समाज तेलंगाना द्वारा शहर के अशोक नगर क्षेत्र में अग्रवाल समाज अशोक नगर शाखा का गठन किया गया ।

गुरुवार, दि. 30 मई, 2024 को एबिड्स स्थित अग्रवाल समाज कार्यालय के परिसर में अग्रवाल समाज अशोक नगर शाखा का भव्य शुभआरंभ हुआ ।शाखा विस्तार कमेटी के चेयरमैन संजय पसरी ने नई शाखा के गठन का प्रस्ताव रखा। जिसे अग्रवाल समाज के पदाधिकारियों ने शाखा के निर्माण प्रस्ताव का अनुमोदन कर शाखा को नियमित शाखा के रूप में स्वीकृति प्रदान की ।

शाखा विस्तार समिति के चेयरमैन संजय पसारी ने बताया के श्रीमती पूजा गुप्ता के परिश्रम और अथक प्रयास से इस शाखा का गठन संभव हो पाया। उन्होंने



आगे कहा कि उक्त शाखा में अभी तक कुल 51 सदस्य हैं और गर्व की बात यह है कि इसमें 10 महिला सदस्य और 8 युवा वर्ग से सदस्य हैं। सत्यनारायण गुप्ता नवगठित अशोक नगर शाखा के संस्थापक अध्यक्ष होंगे।

जय कुमार भरतिया उपाध्यक्ष, हेमन्त अग्रवाल मानद मंत्री, सुलभ (सुशील) अग्रवाल कोषाध्यक्ष, सहमंत्री राहुल अग्रवाल एवं फकीरचंद बंसल केंद्रीय समिति सदस्य के रूप में चयनित किए गए ।

अग्रवाल समाज के अध्यक्ष मनीष अग्रवाल ने शाखा विस्तार समिति के चेयरमैन संजय पसारी की इस पुनीत कार्य की सराहना की और उन्हें धन्यवाद किया। उन्होंने श्रीमती पूजा गुप्ता को भी अशोक नगर शाखा के गठन में उनके अथक प्रयास और परिश्रम के लिए धन्यवाद दिया और कहा कि इसी प्रकार समाज की अन्य महिलाओं को भी समाज के कार्यों में आगे आकर हिस्सा लेना चाहिए। उन्होंने कहा कि महिला सशक्तिकरण अग्रवाल समाज तेलंगाना का मुख्य उद्देश्य है। समाज में नारी शक्ति के साथ-साथ युवा वर्ग का भी योगदान आवशयक है। अग्रवाल समाज के अध्यक्ष मनीष अग्रवाल ने बड़े प्रसन्न मन से यह बताया कि यह उनके कार्यकाल में गठित प्रथम शाखा है और यह एक महिला के अथक परिश्रम और प्रयासों से संभव हुआ है।

इस अवसर पर समाज के उपाध्यक्ष पुरुषोत्तम अग्रवाल, मानदमंत्री कपूरचंद, कोषाध्यक्ष नवीन अग्रवाल ने अशोक नगर शाखा के गठन के लिए शाखा विस्तार समिति के चेयरमैन संजय पसारी एवं श्रीमती पूजा गुप्ता को बधाई दी और सभी नवीन सदस्यों का स्वागत किया। नवीन सदस्यों को समाज की गतिविधियों की संक्षिप्त जानकारी दी गई, जिससे उन्हें भविष्य में शाखा के कार्यों के विकास करने की प्रेरणा मिली।

इस मौके पर अशोक नगर शाखा के सभी नवीन सदस्यों को केंद्रीय समिति द्वारा संचालित प्रीविलेज कार्ड प्रदान किया गया । कार्यक्रम में मीडिया कमेटी चेयरमैन अजय कुमार अग्रवाल, अशोक नगर शाखा की सदस्य श्रीमती पूजा गुप्ता, रामगोपाल गोयल, श्रीमती लता गोयल, महेश अग्रवाल आदि उपस्थित थे।




# अग्रवाल बिज़ कनेक्ट की पहली सोशल मीट आयोजित

**हैदराबाद, 30 मई (शुभ लाभ ब्यूरो)।** अग्रवाल बिज़ कनेक्ट ने गुरुवार को सोशल मीट का आयोजन किया जिसमें लगभग सभी सदस्य मौजूद रहे। जनवरी 2024 में लॉन्च होने के बाद यह एबीसी की पहली आधिकारिक सोशल मीटिंग थी। बैठक में उदय गुप्ता, हर्ष गोयल, अविनाश बंसल, यश अग्रवाल, अजय गुप्ता, भूषण गुप्ता, प्रियंका अग्रवाल, कंचन अग्रवाल, शिखा अग्रवाल, वितेश दोचानिया, अनिल अग्रवाल, आनंद सरोगी, विकास गुप्ता, मयंक हरोदिया, पवन गोयल, दीक्षा चैनवाला, विनय अग्रवाल, शशांक, मनोज मित्तल, संजय बंसल, भीम फिटकरीवाला, विकास अग्रवाल, रितुल अग्रवाल, सिद्धि फिटकारीवाला, लक्ष्मी अग्रवाल, एस. अग्रवाल, उषा गुप्ता, हरीश आदि एबीसी के संस्थापक एवं सदस्य उपस्थित रहे। अगली व्यावसायिक बैठक 1 जून को प्लेटिनम बैंक्वेट, बंजारा हिल्स में सुबह 7.30 बजे होगी। इस व्यावसायिक बैठक में भाग लेने के लिए पहले से पंजीकरण कराएं।

# बीडीएल नराकास राजभाषा पुरस्कार से सम्मानित



**हैदराबाद, 30 मई (शुभ लाभ ब्यूरो)।**

रक्षा मंत्रालय के उद्यम भारत डायनामिक्स लिमिटेड को वर्ष 2023-24 के लिए बड़े उपक्रमों की श्रेणी में नगर स्तर पर राजभाषा के उत्कृष्ट कार्यनिष्पादन के लिए राजभाषा ट्रॉफी से सम्मानित किया गया।

बीती 28 मई को आयोजित नगर राजभाषा कार्यान्वयन समिति (उपक्रम), हैदराबाद-सिकंदराबाद की 59वीं अर्द्धवार्षिक बैठक में यह पुरस्कार समिति के अध्यक्ष एवं सीएमडी, ईसीआईएल अनुराग कुमार ने होमनिधि शर्मा, उप महाप्रबंधक (मानव संसाधन-राजभाषा), बीडीएल को प्रदान किया।

इस अवसर पर मिश्र धातु निगम लिमिटेड के सीएमडी डॉ. संजय कुमार झा तथा राजभाषा विभाग के उप निदेशक (कार्यान्वयन), दक्षिण क्षेत्र अनिर्बान कुमार विश्वास, हिंदी शिक्षण योजना, हैदराबाद की उप निदेशक डॉ. बेला कक्कड़ सहित नगरद्वय स्थित उपक्रमों के प्रधान तथा राजभाषा अधिकारी उपस्थित थे।

इस उपलब्धि के लिए सीएमडी, बीडीएल कोमोडोर ए माधवराव (से.नि.) ने उद्यम के राजभाषा विभाग सहित राजभाषा कार्यान्वयन में योगदान देने वाले सभी अधिकारी और कर्मचारियों को बधाई दी।

# दादाजी योगा ग्रुप ने मनाया स्थापना दिवस

**हैदराबाद, 30 मई (शुभ लाभ ब्यूरो)।**

समाज सेवी रतनलाल जाजू ने कई वर्षों पूर्व एक छोटे समूह के साथ दादाजी योगा ग्रुप की शुरुआत की। जिसने गुरुवार को अपना स्थापना दिवस मनाया।

इस अवसर पर रतनलाल जाजू ने कहा कि योग ही एक ऐसी पद्धति है जिससे कई बीमारियों का नाश होता है और व्यक्ति स्वस्थ रहता है। कुत्बीगुड़ा स्थित किसना ग्रैंडुअर् में दादाजी योगा ग्रुप की ओर से अपार्टमेंट में जश्न मनाया गया।

रतनलाल जाजू ने मलकपेट स्थित अपने पुराने निवास स्थान



पामेंटम गार्डन से शुरुआत की थी। आज भी कई साधक प्रतिदिन उक्त ग्रुप से योग का लाभ उठाते हैं। इस अवसर पर किरण और परिवार, चित्रा, संध्या, प्रतिभा मालपानी, भारती, रमाकांत अग्रवाल, सरला सोनी, प्रेमलता मोदानी, कल्पना सोनी, वनजा अत्रे, मंजुला माहेश्वरी, अरुणा जाजू, प्रदीप जाजू, हेमांगी, श्याम मोदानी, केके सोनी आदि मौजूद रहे।

# डॉ. लक्ष्मीबाई के निधन पर बंडारू दत्तात्रेय ने जताया गहरा शोक

**हैदराबाद, 30 मई (शुभ लाभ ब्यूरो)।**

हरियाणा के राज्यपाल बंडारू दत्तात्रेय ने पूर्व केंद्रीय मंत्री पुंजला शिवशंकर की पत्नी डॉ. लक्ष्मीबाई के निधन पर गहरा शोक व्यक्त किया है।

मैट्रिक के बाद कम उम्र में जज से राजनीति में आए अपने पति की सेवा करते हुए डॉ. लक्ष्मीबाई ने अपनी पारिवारिक जिम्मेदारियों को निभाते हुए अपनी उच्च शिक्षा जारी रखी।



उन्होंने भारतीय संस्कृति, महाभारत और शिक्षा की नींव रामायण पर पीएचडी की। श्री दत्तात्रेय ने उन्हें अपनी सबसे प्रिय आत्मीय और सबसे अच्छी महिला बताया, जिन्होंने अलाई बलाई में आमंत्रित होने पर आकर सम्मान प्राप्त किया।

बंडारू दत्तात्रेय ने डॉ. लक्ष्मीबाई के परिजनों के प्रति गहरी संवेदना व्यक्त की और ईश्वर से प्रार्थना की कि वह उनकी आत्मा को शांति प्रदान करें और इस कठिन समय में उनके परिजनों को साहस प्रदान करें।

# यूनियन बैंक ऑफ इंडिया और दमरे के मध्य समझौता ज्ञापन पर हस्ताक्षर

**हैदराबाद, 30 मई (शुभ लाभ ब्यूरो)।**

बेहतर ग्राहक सेवा और नवीन दृष्टिकोण के साथ अपने दायरे का विस्तार करने के अपने दृष्टिकोण के अनुरूप यूनियन बैंक ऑफ इंडिया के प्रतिबद्ध नेतृत्व ने अपने कर्मचारियों को शामिल करने के लिए गुरुवार को दक्षिण मध्य रेलवे (एससीआर) के साथ एक समझौता ज्ञापन (एमओयू) पर हस्ताक्षर किए। इस अवसर पर पी.किशोर बाबू, आईआरपीएस, प्रधान मुख्य कार्मिक अधिकारी-एससीआर, कारे भास्कर राव, मुख्य महाप्रबंधक, यूनियन बैंक ऑफ इंडिया, हैदराबाद जोन, जी.आर.एस. राव, आईआरपीएस, मुख्य कार्मिक अधिकारी/एडीएमएन-एससीआर, सी.वी.एन.भास्कर राव, महाप्रबंधक, यूनियन बैंक ऑफ इंडिया, विजयवाड़ा क्षेत्र उपस्थित रहे।इस मौके पर कारे भास्कर राव, सीजीएम ने सभा को बैंक द्वारा दी जाने वाली विभिन्न सेवाओं और यूनियन




बैंक ऑफ इंडिया सुपर सैलरी अकाउंट की प्रमुख विशेषताओं जैसे 100.00 लाख रुपए का मुफ्त व्यक्तिगत दुर्घटना बीमा, 200.00 लाख रुपए का मुफ्त हवाई दुर्घटना बीमा कवर के बारे में बताया। 10.00 लाख रुपए के निःशुल्क समूह अवधि जीवन बीमा पर प्रकाश डाला गया। परिवार के लिए रियायती स्वास्थ्य बीमा, डेबिट कार्ड पर दुर्घटना बीमा, क्रेडिट कार्ड जारी करना, अस्थायी ओवरड्राफ्ट सुविधा, ऋण और प्रसंस्करण शुल्क में रियायती आरओआई जैसी कई अन्य सुविधाओं पर भी जोर दिया गया।पी.किशोर बाबू, आईआरपीएस ने विभिन्न पहलों के माध्यम से समाज के लिए अपनी सेवाओं के लिए यूनियन बैंक ऑफ इंडिया की सराहना की और आम जनता के लिए कई सरकार प्रायोजित योजनाओं को लागू करने के लिए बैंक की सराहना की, जो विशेष रूप से ग्राहकों के विभिन्न वर्गों की जरूरतों को पूरा करने के लिए डिज़ाइन की गई हैं। उन्होंने विशेष रूप से इस बात पर प्रकाश डाला कि रेलवे स्टेशनों के आसपास विशेष रूप से तेलंगाना और आंध्र प्रदेश में यूनियन बैंक ऑफ इंडिया की शाखाओं का व्यापक नेटवर्क एससीआर कर्मचारियों को उनकी बैंकिंग जरूरतों में सहायता करेगा।

इस महत्वपूर्ण अवसर पर एम.बी.मुरलीधर, आईआरपीएस, डीसीप-ीओ-एससीआर, अजय कुमार, जीएम, यूबीआई, ए. रवि कुमार, डीजीएम-यूबीआई, एम. अरुण कुमार, डीजीएम-यूबीआई, यूबीआई के क्षेत्रीय प्रमुखों के साथ अधिकारी और विभिन्न ट्रेड यूनियनों के अधिकारियों और शीर्ष नेताओं के साथ-साथ कर्मचारी भी शामिल हुए।

# मैढ़ भवन में पुस्तक वितरण 2 जून को

**हैदराबाद, 30 मई (शुभ लाभ ब्यूरो)।**

मैढ़ क्षत्रिय स्वर्णकार समाज हैदराबाद- सिकन्दराबाद एवं शिक्षा सहायता के लिए बने समाज के ट्रस्ट मैढ़ क्षत्रिय स्वर्णकार शिक्षा सहायता ट्रस्ट द्वारा समाज के जरुरतमंद छात्र छात्राओं को पुस्तक वितरण एंव आर्थिक सहायता के लिए 2 जून को गौलीगुड़ा स्थित समाज भवन में पूर्वान्ह 11 बजे से लेकर दोपहर 1 बजे तक शिविर का आयोजन किया जाएगा।

समाज के प्रचारमंत्री चन्द्रशेखर रोड़ा एंव ट्रस्ट के महामन्त्री घनश्याम मायछ ने संयुक्त प्रेस विज्ञप्ति में यह जानकारी दी। उन्होंने बताया कि गत रविवार 26 मई तक आवेदन करनेवाले समाज बन्धुओं से समाज के कार्यकारी अध्यक्ष पवनकुमार मायछ, महामंत्री द्वारकाप्रसाद मायछ, कोषाध्यक्ष युगलकिशोर वर्मा, ट्रस्ट के अध्यक्ष महावीर प्रसाद कडेल, ट्रस्ट के कोषाध्यक्ष दामोदर ढल्ला, कार्यक्रम संयोजिका मंजूजी परवाल, सहसंयोजक प्रदीपकुमार माण्डन, दामोदर कडेल, आनन्दकुमार रोड़ा व मनोजकुमार सुंडालिया ने उक्त समय पर समाज भवन में उपस्थित रहने की प्रार्थना की है। साथ ही शिक्षा के महत्व को समझते हुए इसे मजबूत बनाने के लिए ज्यादा से ज्यादा समाज बन्धुओं से ट्रस्ट से जुड़ने एंव ट्रस्टी बन समाज उत्थान योगदान देने की प्रार्थना की। प्रतिवर्ष की तरह ताराचन्द विनोदकुमार बुट्टन परिवार एवं कडेल परिवार, बेरासर कार्यक्रम के मुख्य सहयोगी होंगे ।

# हैदराबाद में बम की अफवाह फैलाने वाले व्यक्ति को पुलिस ने दबोचा

**हैदराबाद, 30 मई (शुभ लाभ ब्यूरो)।**

हैदराबाद पुलिस ने बुधवार को एक व्यक्ति को गिरफ्तार किया, जिसने कथित तौर पर महात्मा ज्योतिबा फुले प्रजा भवन और नामपल्ली कोर्ट में बम रखे जाने के बारे में कॉल किया था। पुलिस ने फोन करने वाले का पता लगाने के बाद शहर के चिक्कड़पल्ली इलाके के निवासी शिव कुमार को हिरासत में ले लिया।

आरोपी ने पुलिस कंट्रोल रूम को फोन किया था कि प्रजा भवन में जल्द ही बम विस्फोट होगा। डॉग स्क्वॉड और बम निरोधक दस्तों सहित पुलिस टीमों ने इमारत की गहन जांच की, जो तेलंगाना के उपमुख्यमंत्री मल्लू भट्टी विक्रमार्क का आधिकारिक निवास है।



यह एक फर्जी कॉल निकली। पुलिस नियंत्रण कक्ष को उसी मोबाइल नंबर से नामपल्ली कोर्ट में बम रखे जाने के बारे में एक और कॉल मिली थी। पुलिस ने अदालत भवन में जांच की थी। दो बार कॉल करने के बाद आरोपी ने फोन बंद कर दिया था। पुलिस ने जांच शुरू की और बुधवार को फोन करने वाले की पहचान कर ली। आरोपी ने कथित तौर पर पुलिस को बताया कि उसने अपनी पत्नी से झगड़े के बाद नशे की हालत में फोन किया था। वह पहले बाइक चोरी के मामले में शामिल था। पुलिस आगे की जांच कर रही है।

# आंध्र प्रदेश में एनएसयूआई के राष्ट्रीय सचिव की हत्या, शव झील से बरामद



**अमरावती, 30 मई (एजेंसियां)।**

नेशनल स्टूडेंट्स यूनियन ऑफ इंडिया (एनएसयूआई) के राष्ट्रीय सचिव और वकील संपत राज की गुरुवार को आंध्र प्रदेश के श्री सत्य साईं जिले में हत्या कर दी गई। उनका शव धर्मावरम की एक झील से बरामद किया गया था। कुछ स्थानीय लोगों ने शव देखा तो पुलिस को सूचित किया। अज्ञात लोगों ने उसकी हत्या कर शव को तालाब की झाड़ियों में फेंक दिया। पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया और मामला दर्ज कर लिया। धर्मावरम मंडल के येरागुंटपल्ली गांव के रहने वाले वह पिछले 20 वर्षों से हिंदूपुर में रह रहे थे।वह एनएसयूआई के राष्ट्रीय सचिव के रूप में कार्यरत थे और केरल के प्रभारी थे। संपत ने कांग्रेस नेता राहुल गांधी की भारत जोड़ो यात्रा में भी हिस्सा लिया था।

# तेलंगाना सरकार के नए प्रतीक चिह्न को लेकर विवाद, बीआरएस ने दी विरोध प्रदर्शन की चेतावनी



**हैदराबाद, 30 मई (शुभ लाभ ब्यूरो)।** तेलंगाना के 10वें स्थापना दिवस समारोह से पहले राज्य सरकार के नए राज्य प्रतीक को अपनाने के कदम पर विवाद खड़ा हो गया है और मुख्य विपक्षी भारत राष्ट्र समिति (बीआरएस) ने इस मुद्दे को लेकर विरोध प्रदर्शन करने की धमकी दी है।

2 जून को राज्य स्थापना दिवस पर, कांग्रेस सरकार नए प्रतीक का अनावरण करने की योजना बना रही है क्योंकि उसका कहना है कि काकतीय कला थोरनम और चारमीनार वाला वर्तमान प्रतीक सामंतवाद और निरंकुश शासन को दर्शाता है और सीएम रेड्डी नया प्रतीक चाहते हैं यह तेलंगाना राज्य के लिए दशकों से चले आ रहे संघर्ष को दर्शाता है। सीएम रेड्डी और उपमुख्यमंत्री मल्लू भट्टी विक्रमार्क ने कलाकार रुद्र राजेशम द्वारा डिजाइन किए जा रहे नए प्रतीक को अंतिम रूप दे दिया है।

सीएम रेड्डी ने राज्य गीत के लिए संगीत तैयार करने के लिए ऑस्कर विजेता संगीतकार एमएम कीरावनी को भी शामिल किया है, जो 2 जून को रिलीज़ होगा। सरकार ने एंडी श्री के जया जया हे तेलंगाना को राज्य गान के रूप में अपनाया। सीएम रेड्डी नए लोगो और राज्य गीत के बारे में जानकारी देने के लिए सभी राजनीतिक दलों के नेताओं के साथ बैठक करने वाले हैं। हालांकि, बीआरएस के बैठक से दूर रहने की संभावना है और पार्टी ने सरकार द्वारा प्रतीक चिन्ह बदलने पर आंदोलन शुरू करने की धमकी दी है। पूर्व सांसद बी. विनोद कुमार के नेतृत्व में बीआरएस नेताओं द्वारा वारंगल के काकतीय थोरानम में विरोध प्रदर्शन करने के एक दिन बाद, पार्टी के कार्यकारी अध्यक्ष केटी रामा राव ने गुरुवार को चारमीनार में इसी तरह के प्रदर्शन की योजना बनाई।

हालांकि, सरकार ने विरोध प्रदर्शन की इजाजत देने से इनकार कर दिया। केटीआर ने एक्स पर पोस्ट किया दुनिया भर में, चारमीनार सदियों से हैदराबाद का प्रतीक रहा है। जब कोई हैदराबाद के बारे में सोचता है, तो वह चारमीनार के बारे में सोचता है, जिसमें यूनेस्को की विश्व धरोहर स्थल के सभी गुण मौजूद हैं।

अब कांग्रेस सरकार तुच्छ कारणों का हवाला देकर प्रतिष्ठित चारमीनार को राज्य के लोगो से हटाना चाहती है। यह कितनी शर्म की बात है। उन्होंने यह भी कहा कि काकतीय कला थोरनाम में विरोध सिर्फ शुरुआत है और बीआरएस कानूनी रूप से इसे आगे बढ़ाएगा। उन्होंने सरकार के फैसले पर सवाल उठाते हुए कहा कि लोगों ने कांग्रेस को प्रतीक बदलने की शक्ति नहीं दी है। उन्होंने कहा कि काकतीय कला थोरानम और चारमीनार साम्राज्यवाद के लक्षण नहीं हैं। वे विकास, लोगों के कल्याण और क्षेत्र के ऐतिहासिक और पुरातात्विक महत्व के प्रतीक हैं। उन्होंने यह भी तर्क दिया कि राज्य के प्रतीक में बदलाव के लिए गृह मंत्रालय की मंजूरी की आवश्यकता होगी। विनोद कुमार ने एआईसीसी नेता सोनिया गांधी से भी अपील की कि वे सीएम रेड्डी को इससे दूर रहने के लिए कहें क्योंकि इससे एक बुरी मिसाल कायम होगी। बीआरएस नेता ने सीएम रेड्डी पर तेलंगाना के इतिहास को नष्ट करने की कोशिश करने का भी आरोप लगाया।

रेवंत रेड्डी से असहमत होकर कि काकतीय कला थोरनम साम्राज्यवाद का प्रतीक है, उन्होंने बताया कि काकतीय शासक समाज के पिछड़े समुदायों से थे और विनोद कुमार ने कहा कि उन्होंने थ्रिकुटा मंदिरों का निर्माण किया और पीने के पानी और सिंचाई की जरूरतों को पूरा करने के लिए चेन-लिंक टैंक प्रणाली सहित टैंक और झीलों का निर्माण किया। उन्होंने बताया कि यह व्यवस्था उनके शासन के 800 साल बाद भी अपना उद्देश्य पूरा कर रही है। विनोद कुमार ने कहा कि मुख्यमंत्री को राज्य का प्रतीक बदलने जैसे अनुत्पादक कार्यों के बजाय चुनाव पूर्व वादों की लंबी सूची को पूरा करने पर ध्यान केंद्रित करना चाहिए।

नया प्रतीक चिह्न 2014 में अपनाए गए चिह्न का स्थान लेगा जब तेलंगाना 29वें राज्य के रूप में अस्तित्व में आया था।

दिसंबर 2023 में सत्ता में आई कांग्रेस सरकार ने मौजूदा प्रतीक को बदलने का फैसला किया, जो काकतीय कला थोरनम और चारमीनार, काकतीय और कुतुब शाही राजवंशों के प्रतीकों को दर्शाता है। पिछली बीआरएस सरकार के फैसलों को पलटते हुए प्रतीक चिन्ह बदलना कांग्रेस सरकार द्वारा लिए गए प्रमुख फैसलों में से एक था। इसने राज्य के संक्षिप्त नाम के रूप में टीएस को टीजी से बदल दिया। पिछली बीआरएस सरकार ने संक्षिप्त नाम के रूप में टीएस को अपनाया था। नई सरकार ने तेलंगाना लोगों की भावनाओं को प्रतिबिंबित करने के लिए तेलंगाना तल्ली प्रतिमा को बदलने का भी निर्णय लिया।

## तेलंगाना के प्रतीक चिन्ह से चारमीनार को हटाना लोगों का अपमान : केटीआर



**हैदराबाद, 30 मई (शुभ लाभ ब्यूरो)।** भारत राष्ट्र समिति (बीआरएस) के कार्यकारी अध्यक्ष केटीआर ने गुरुवार को कहा कि कांग्रेस सरकार द्वारा तेलंगाना राज्य के प्रतीक चिन्ह से चारमीनार को हटाना प्रत्येक नागरिक का अपमान है।

केटीआर कई बीआरएस नेताओं के साथ, राज्य प्रतीक को बदलने के सरकार के फैसले पर प्रतीकात्मक विरोध के लिए चारमीनार गए। उन्होंने कहा कि हैदराबाद जहां तेलंगाना की शान है, वहीं चारमीनार हैदराबाद की पहचान है। उन्होंने कहा, चारमीनार पूरी दुनिया में मशहूर है। हैदराबाद और चारमीनार अविभाज्य हैं।

उन्होंने आरोप लगाया कि चारमीनार और काकतीय मेहराब को हटाकर कांग्रेस सरकार तेलंगाना के लोगों के स्वाभिमान को ठेस पहुंचा रही है। बीआरएस नेता ने कहा कि अगर सरकार उन्हें प्रतीक चिन्ह से हटाने के फैसले पर आगे बढ़ती है, तो उनकी पार्टी हैदराबाद और राज्य भर में विरोध प्रदर्शन करेगी। उन्होंने मुख्यमंत्री ए रेवंत रेड्डी से पूछा कि राज्य के प्रतीक चिन्ह से ऐतिहासिक संरचनाओं को हटाने की क्या आवश्यकता और तात्कालिकता है? केटीआर ने आरोप लगाया कि कांग्रेस सरकार राजनीतिक प्रतिशोध के कारण प्रतीक परिवर्तन का सहारा ले रही है।

बीआरएस के कार्यकारी अध्यक्ष ने कहा कि रेवंत रेड्डी ने तेलंगाना आंदोलन में भाग नहीं लिया था। उन्होंने आरोप लगाया कि रेवंत रेड्डी प्रतीक को सिर्फ इसलिए बदलना चाहते थे क्योंकि इसे बीआरएस अध्यक्ष और तत्कालीन मुख्यमंत्री के.चंद्रशेखर राव (केसीआर) ने चुना था। केटीआर ने दावा किया कि बीआरएस के 10 साल के शासन के दौरान, तेलंगाना में तेजी से विकास हुआ और आरोप लगाया कि वर्तमान कांग्रेस सरकार इस तथ्य को पहचानना नहीं चाहती है।

उन्होंने याद दिलाया कि जब हैदराबाद के 400 साल पूरे हुए थे तो तत्कालीन कांग्रेस सरकार ने चारमीनार की छवि के साथ जश्न का आयोजन किया था। उन्होंने रेवंत रेड्डी की उस टिप्पणी पर दोष निकालते हुए पूछा, तब कांग्रेस सरकार को यह कैसे स्वीकार्य था? उन्होंने कहा कि काकतीय आर्क के साथ हैदराबाद पिछले शासकों की निरंकुशता का प्रतीक है।

केटीआर ने यह भी याद किया कि पूर्व मुख्यमंत्री एन. टी. रामा राव ने हैदराबाद में टैंकबंड के दोनों किनारों पर काकतीय मेहराब स्थापित किए थे। उन्होंने रेवंत रेड्डी को याद दिलाया कि लोगों ने उनके जीवन को बेहतर बनाने, उनके लिए अच्छा करने और किए गए वादों को पूरा करने के लिए कांग्रेस को वोट दिया था।

# अस्पताल में आने वाले मरीजों का बेहतर इलाज किया जाए : खुशबू गुप्ता



**आसिफाबाद, 30 मई (शुभ लाभ ब्यूरो)।** एकीकृत आदिवासी विकास निगम की परियोजना अधिकारी खुशबू गुप्ता ने कहा कि अस्पताल आने वाले मरीजों को बिना किसी परेशानी के बेहतर इलाज दिया जाए। खुशबू गुप्ता ने अड़ा गांव स्थित प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र का औचक निरीक्षण किया। उन्होंने मरीजों से मिल रहे उपचार के बारे में जानकारी ली। स्टाफ से ओटी और दवा की जानकारी ली। उन्होंने गर्भवती महिलाओं को दी जाने वाली चिकित्सा सेवाओं के बारे में जानकारी ली। सलाह दी गई है कि सरकारी अस्पताल में प्रसव और रिकार्ड प्रबंधन के मामले में स्वास्थ्य अमला सतर्क रहे। उन्होंने कहा कि दवा गोदाम में सभी प्रकार की दवाएं उपलब्ध रहें। धूप की गंभीरता को देखते हुए सनबर्न से पीड़ित मरीजों के लिए ओआरएस पैकेट और तरल पदार्थ लगातार उपलब्ध रखना चाहिए। अधिकारियों व कर्मचारियों को बीमारों का बेहतर इलाज करने का आदेश दिया गया। सर्पदंश से संबंधित टीका दवाओं के स्टॉक का विवरण जाना। उन्होंने कहा कि चूंकि बरसात का मौसम आ रहा है, इसलिए सर्पदंश की घटनाएं होने की संभावना रहती है, इसलिए हमें तुरंत आवश्यक उपचार उपलब्ध कराने के लिए तैयार रहना चाहिए।

उन्होंने कहा कि वे यह सुनिश्चित करें कि स्वास्थ्य केंद्र परिसर में कूड़ा-कचरा जमा न हो और समय-समय पर सैनिटाइजेशन कराया जाए। स्टाफ से काम के घंटों के बारे में पूछताछ की। अस्पताल में कार्यरत फार्मासिस्टों एवं एएनएम के बिना अनुमति के तीन दिनों तक ड्यूटी पर नहीं आने तथा उपस्थिति पंजिका एवं अवकाश रिकार्ड का रखरखाव ठीक से नहीं करने पर पीएचसी के चिकित्सा पदाधिकारी को कारण बताओ नोटिस जारी करने का आदेश संबंधित अधिकारियों को दिया गया। इस कार्यक्रम में डॉक्टर, स्टाफ नर्स और स्वास्थ्य कर्मियों ने भाग लिया।

# सूत्रधार संस्था का चतुर्थ वार्षिकोत्सव समारोह मनाया गया

**हैदराबाद, 30 मई (शुभ लाभ ब्यूरो)।** सूत्रधार साहित्यिक एवं सांस्कृतिक संस्था, हैदराबाद, भारत द्वारा मचतुर्थ वार्षिकोत्सव समारोहफ के अवसर पर त्रिदिवसीय कार्यक्रमों का ऑनलाइन आयोजन किया गया।

संस्थापिका सरिता सुराणा द्वारा जारी प्रेस विज्ञप्ति के अनुसार समारोह के पहले दिन नन्हे-मुन्ने बाल साहित्यकारों के लिए राष्ट्रीय कवि सम्मेलन का शानदार आयोजन किया गया। जिसमें विशेष प्रतिभाशाली बच्चों ने भाग लिया। रांची, झारखंड से नौवीं कक्षा के विद्यार्थी अंशुमान मिश्रा, जो मजिन्दगी के रास्ते परफ पुस्तक के लेखक हैं और बहुत अच्छे कवि हैं ने इस कवि सम्मेलन में अपनी स्वरचित कविताओं का पाठ किया। इंडिया बुक ऑफ वर्ल्ड रिकॉर्ड्स में शामिल पुस्तक- डराफ्ि उ्ळपे थेींश्रव :ढह्श उ्ळपे त्र्रुलींळर के नन्हे लेखक सान्निध्य वर्मा ने अपनी अंग्रेजी कविताओं का पाठ बड़े ही जोश के साथ किया। बास्केटबॉल खिलाड़ी, शास्त्रीय नृत्य और बैले डांस में प्रवीण उत्कृष्ट लेखिका सुश्री सन्निधि वर्मा ने स्वरचित शिव महिमा का गान करके श्रोताओं का मन मोह लिया। उदयपुर से किशोर वय कवयित्री और अंतरराष्ट्रीय कराटे चैंपियनशिप में कांस्य पदक विजेता सुश्री मृणाल जोशी ने स्वरचित कविताओं का बहुत ही शानदार ढंग से पाठ किया। नन्ही शिवात्मिका शर्मा ने हिन्दी और अंग्रेजी भाषा में स्वरचित रचनाओं का वाचन किया।

श्रोता गण इन बाल लेखकों की प्रतिभा को देखकर मंत्रमुग्ध हुए बिना नहीं रह सके। सरिता सुराणा ने सभी सहभागियों और श्रोताओं का हार्दिक आभार व्यक्त किया।

दूसरे दिन मबहुभाषी कवि सम्मेलनफ का आयोजन किया गया। सरिता सुर-ाणा ने सभी सम्मानित अतिथि गणों को मंच पर आमंत्रित किया। इस कवि सम्मेलन की अध्यक्षता वरिष्ठ साहित्यकार एवं समाज सेवी डॉ अहिल्या मिश्र ने की। पुष्पक साहित्यिकी पत्रिका की सम्पादक साहित्यकार डॉ आशा मिश्र ममुक्ताफ मुख्य अतिथि के रूप में मंचासीन थीं। मंचासीन विशेष अतिथियों ने संस्था के चतुर्थ वार्षिकोत्सव समारोह पर अपनी शुभकामनाएं प्रेषित की। अध्यक्षीय उद्बोधन में डॉ. अहिल्या मिश्र ने कहा कि सूत्रधार संस्था वास्तव में देश-विदेश से साहित्यकारों को जोड़ने का अच्छा कार्य कर रही है। बड़े साहित्यकारों के साथ-साथ बाल कलाकारों और कवियों को मंच प्रदान करना बहुत अच्छी बात है। ऑनलाइन माध्यम से कार्यक्रम करने पर हम कहीं से भी उसमें जुड़ सकते हैं। उन्होंने संस्था के प्रति अपनी शुभकामनाएं दीं और सभी सहभागियों को आशीर्वाद प्रदान किया।

वार्षिकोत्सव के तीसरे दिन आयोजित मराष्ट्रीय युगल साहित्यकार कवि सम्मेलनफ बहुत ही उल्लासपूर्ण वातावरण में सम्पन्न हुआ। वरिष्ठ साहित्यकार एवं मीडिया विशेषज्ञ, पूर्व उप महानिदेशक आकाशवाणी लक्ष्मीशंकर वाजपेयी और वरिष्ठ अंतरराष्ट्रीय कवयित्री डॉ ममता किरण ने इस कवि सम्मेलन की अध्यक्षता की। वरिष्ठ साहित्यकार एवं यूनिक ग्लोबल मार्केटिंग टीम हेड राकेश नमित और वरिष्ठ अंतरराष्ट्रीय कवयित्री एवं भारत सरकार की राजपत्रित अधिकारी डॉ. नमिता राकेश मुख्य अतिथि के रूप में मंचासीन हुए। वरिष्ठ साहित्यकार, कवि एवं समालोचक प्रोफेसर डॉ ऋषभदेव शर्मा और वरिष्ठ साहित्यकार एवं प्राध्यापिका डॉ पूर्णिमा शर्मा, वरिष्ठ साहित्यकार एवं मुख्य सम्पादक मंथन फीचर्स मनोज अबोध और वनिता पत्रिका की मुख्य डेस्क सम्पादक, वरिष्ठ कवयित्री रूबी मोहन्ती विशेष अतिथि के रूप में मंच पर आसीन थे। सभी साहित्यकारों ने गीत, ग़ज़ल, मुक्तक, कविता, माहिया और दोहों की शानदार प्रस्तुति देकर कवि सम्मेलन में समां बांध दिया। सरिता सुराणा ने सभी के प्रति हार्दिक कृतज्ञता ज्ञापित की।

# इस्पात मंत्रालय द्वारा पूंजीगत वस्तुओं पर फोकस पर अंतर्राष्ट्रीय सम्मेलन का आयोजन




**हैदराबाद/रांची, 30 मई (शुभ लाभ ब्यूरो)।** केंद्र सरकार के इस्पात मंत्रालय के तत्वावधान में मेकॉन लिमिटेड सेल के साथ मिलकर 30 और 31 मई 2024 को रांची में इस्पात पर एक दो दिवसीय अंतर्राष्ट्रीय सम्मेलन आयोजित कर रहा है, जिसका फोकस पूंजीगत वस्तुओं पर है।

इस सम्मेलन का उद्देश्य इस्पात उद्योग के प्रतिभाशाली लोगों और अग्रणी हितधारकों को एक साथ लाना है, जिसमें प्रौद्योगिकी प्रदाता, इस्पात उत्पादक, निर्माता, शिक्षाविद और अन्य लोग शामिल हैं, ताकि नई साझेदारी को बढ़ावा दिया जा सके, नवीन समाधान तलाशे जा सकें और इस्पात उद्योग के भविष्य को आगे बढ़ाया जा सके।

संजय कुमार वर्मा, सीएमडी-मेकॉन ने सभी गणमान्य व्यक्तियों का स्वागत किया और सम्मेलन के संदर्भ पर प्रकाश डाला। इस सम्मेलन के उद्घाटन सत्र मेंनागेंद्र नाथ सिन्हा- सचिव-इस्पात मंत्रालय, सुश्री सुकृति लिखी-अपर सचिव और वित्तीय सलाहकार, एमओएस, अभिजीत नरेंद्र- संयुक्त सचिव एमओएस, डॉ. संजय रॉय-संयुक्त सचिव, एमओएस, अमिताव मुखर्जी, सीएमडी-एनएमडीसी, अजीत कुमार सक्सेना, सीएमडी-मॉयल, संजय कुमार वर्मा, सीएमडी और निदेशक वाणिज्यिक अतिरिक्त प्रभार-मेकॉन और अमरेंदु प्रकाश-अध्यक्ष-सेल उपस्थित थे। कुछ गणमान्य व्यक्तियों ने वीडियो कॉन्फ्रेंस के माध्यम से भी इस उद्घाटन सत्र में भाग लिया। सीएमडी-सेल, सीएमडी-मॉयल और सीएमडी-एनएमडीसी ने उपस्थित लोगों को संबोधित किया।

विशेष संबोधन में, इस्पात मंत्रालय में सचिव श्री नागेंद्र नाथ सिन्हा ने कहा कि आज भारत में स्थापित होने वाली इस्पात परियोजनाओं के लिए सावधानीपूर्वक परियोजना निर्माण और समय पर निष्पादन सबसे बड़ी चुनौतियों में से एक बन गया है। उन्होंने इस्पात परियोजनाओं को अच्छी हालत में रखने और उनकी दीर्घकालिक स्थिरता के लिए परियोजनाओं को समय पर निष्पादित करने के नवीन तरीकों को खोजने की आवश्यकता पर बल दिया। उन्होंने इस बात पर भी जोर दिया कि भारी उद्योग क्षेत्र को पुनर्जीवित करने के लिए काम करने के नए तरीकों, नए विचारों, नई प्रतिभाओं को शामिल करने की आवश्यकता है।

इस्पात मंत्रालय में संयुक्त सचिव अभिजीत नरेंद्र ने कहा कि यद्यपि हम इस्पात उत्पादन में दूसरे स्थान पर हैं, लेकिन इस्पात उद्योग के लिए मशीनरी बनाने में हमारी सीमाएं हैं। उन्होंने सभी हितधारकों को शामिल करते हुए एक इकोसिस्टम बनाने पर जोर दिया।

सीएमडी-एनएमडीसी ने उल्लेख किया कि भारत पांचवीं सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था है, हम सबसे युवा और जीवंत राष्ट्र हैं। भारत मूलतः सेवा क्षेत्र आधारित राष्ट्र है। विनिर्माण क्षेत्र को पर्याप्त रूप से बढ़ने की जरूरत है और क्षेत्रों की स्पष्ट रूप से पहचान की जानी चाहिए। भविष्य की संभावनाओं और आवश्यकता पर एक दूसरे को शिक्षित करने के लिए प्रौद्योगिकी प्रदाता और प्रौद्योगिकी खरीदार के बीच निरंतर बातचीत की जरूरत है।

सीएमडी-मॉयल ने कहा कि पूंजीगत सामान क्षेत्र अर्थव्यवस्था का महत्वपूर्ण रणनीतिक हिस्सा है। पूंजीगत सामान क्षेत्र को विनिर्माण क्षेत्र की जननी माना जाता है। सीएमडी-सेल ने कहा कि विश्व में अस्थिरता को देखते हुए, हमें आपूर्ति श्रृंखला सुरक्षा पर ध्यान केंद्रित करने की आवश्यकता है, क्योंकि आपूर्ति-श्रृंखला सुरक्षित करना अधिक कठिन होता जा रहा है।

सीएमडी-मेकॉन ने राष्ट्रीय इस्पात नीति (एनएसपी)-2017 के बारे में बात की और आगे बताया कि 300 एमटी स्टील क्षमता तक पहुंचने के नीति लक्ष्य के अनुसार, अगले 7-8 वर्षों में लगभग 138-139 एमटी टन नई क्षमता जुड़ने का अनुमान है। इसमें भारतीय इस्पात उद्योग से 120-130 अरब अमेरिकी डॉलर का भारी निवेश शामिल है।

सम्मेलन के पहले दिन चार तकनीकी सत्र भी हुए : 1)कोक निर्माण प्रौद्योगिकी में रुझान और चुनौतियां,

2) अग्लामरैशन प्रौद्योगिकी में रुझान और चुनौतियां, 3) लौह निर्माण प्रौद्योगिकी में रुझान और चुनौतियां 4) इस्पात निर्माण प्रौद्योगिकी में रुझान और चुनौतियां।दिन भर चले इस सम्मेलन में विनिर्माण कंपनियों, लौह एवं इस्पात उत्पादकों, उपकरण आपूर्तिकर्ताओं, अभियांत्रिकी एवं परामर्श कंपनियों के वरिष्ठ प्रतिनिधि मौजूद थे। शिक्षाविदों की भागीदारी ने चुनौतियों को स्वीकार करने की सहयोगात्मक इच्छा को दर्शाया।

# नकली बीज बेचने पर की जाएगी सख्त कार्रवाई : कलेक्टर वेंकटेश धोत्रे

**आसिफाबाद, 30 मई (शुभ लाभ ब्यूरो)।** कुमरम भीम आसिफाबाद के जिला कलेक्टर वेंकटेश धोत्रे ने कहा कि अगर बीज विक्रेता नकली बीज बेचते हैं तो कानून के अनुसार कार्रवाई की जाएगी। गुरुवार को जिला केंद्र स्थित एकीकृत कार्यालय भवन परिसर के मिनी कॉन्फ्रेंस हॉल में पत्रकारों के साथ आयोजित बैठक में कलेक्टर शामिल हुए। इस मौके पर कलेक्टर ने कहा कि जिले भर में 3 लाख 38 हजार एकड़ में किसान कपास की खेती कर रहे हैं। उन्होंने कहा कि जिले में बीज की कोई कमी नहीं है और बीज विक्रेताओं के पास फिलहाल पर्याप्त स्टॉक है और किसानों को 25 जून तक डीलरों से बीज मिल जायेगा। उन्होंने कहा कि जिले को 6 लाख 50 हजार पैकेट की जरूरत है और फिलहाल 5 लाख पैकेट उपलब्ध हैं। अगर किसी ने घटिया बीज बेचा तो सख्त कार्रवाई की जाएगी। किसानों को अलग से बीज लेने के बजाय कंपनी के लोगो वाले बीज पैकेट ही खरीदने चाहिए, किसानों को बीज बोने के बाद खाली बैग और रसीद रखनी चाहिए। उन्हें लाइसेंस प्राप्त डीलरों से खरीदारी करनी चाहिए। ऊंचे दामों पर बीज बेचने वाले किसी भी व्यक्ति को अधिकारियों के ध्यान में लाया जाना चाहिए। उन्हें सरकार द्वारा तय कीमत ही देनी चाहिए। डीलरों को दुकान के सामने बोर्ड पर अपना लाइसेंस विवरण और बीज स्टॉक विवरण प्रदर्शित करना चाहिए। उन्होंने कहा कि बीज का स्टॉक एवं किस कंपनी का बीज उपलब्ध है इसकी मूल्य तालिका दुकान के सामने प्रतिदिन प्रदर्शित करनी चाहिए। उन्होंने कहा कि मंडलों और दो मंडलों में पुलिस, राजस्व और कृषि विभाग के अधिकारियों की एक टास्क फोर्स समिति का गठन किया गया है। उन्होंने बताया कि बीज तस्करी को लेकर अब तक जिले में सात मामले दर्ज किये गये हैं और 26 लाख 50 हजार रुपये मूल्य के 10 क्विंटल बीज जब्त किये गये हैं। उन्होंने कहा कि यदि डीलर अवैध कपास बीज, ऊंचे दाम और घटिया बीज बेचते हैं तो किसान इसकी शिकायत समाहरणालय में बनाये गये नियंत्रण कक्ष के नंबर 6304686505 पर कर सकते हैं।

# अदालत ने पोर्शे कार दुर्घटना मामले में आरोपियों की पुलिस हिरासत बढ़ाई

**मुंबई, 30 मई (एजेंसियां)।** महाराष्ट्र में पुणे की एक स्थानीय अदालत ने गत 19 मई को पोर्शे कार दुर्घटना में दो लोगों की मौत के मामले में नाबालिग आरोपी के खून के नमूने बदलने में कथित संलिप्तता के लिए ससून जनरल अस्पताल के दो डॉक्टरों और एक चपरासी की पुलिस हिरासत पांच जून तक बढ़ा दी है।

आरोपी डॉ. अजय तवारे, डॉ. श्रीहरि हल्नोर, और चपरासी अतुल घटकंबले को गुरुवार को उनकी पहली पुलिस हिरासत अवधि समाप्त होने के बाद अदालत में पेश किया गया। पुलिस के अधिवक्ता ने आरोपियों की हिरासत अवधि बढ़ाने के लिए आवेदन दायर करते हुए अदालत को बताया कि नाबालिग आरोपी के रक्त के नमूने को एक महिला के रक्त के नमूने से बदल दिया गया था। यह साबित करने के लिए कि 17 वर्षीय नाबालिग लड़का दुर्घटना के समय नशे की हालत में नहीं था।

पुलिस ने कहा कि वे महिला की पहचान की जांच करना चाहते हैं और अदला-बदली और संबंधित पहलुओं को निर्धारित करने के लिए उसके रक्त के नमूनों को लड़के के रक्त के नमूनों से मिलाना चाहते हैं। पुलिस जांच में पता चला कि तीनों आरोपियों को छापा मारकर गिरफ्तार कर लिया गया। आरोपियों ने नाबालिग के खून के नमूने को एक महिला के खून से बदल दिया था। महिला वा उसकी मां होने का संदेह है और दो अन्य लोगों के रक्त का नमूना लिया था ताकि नाबालिग को सजा से बचाया जा सके।शहर के पुलिस प्रमुख ने पहले मीडिया को बताया था कि आरोपी डॉ. हाल्नोर ने लड़के के खून के नमूने को फेंका नहीं था बल्कि इसे किसी और को सौंप दिया था। वह उस मूल नमूने का पता लगाना और उसे बरामद करना चाहते थे।


## दक्षिण मध्य रेलवे

हमें X @SCRailwayindia पर फॉलो करें
द.म. रेलवे की निविदा सूचनाओं के विवरणों को हमारी वेबसाइट : www.scr.indianrailways.gov.in पर देखा जा सकता है

ई-निविदा आमंत्रण सूचना (http://ireps.gov.in के माध्यम से)
पीयूबी/0507

भारत के राष्ट्रपति की ओर से चीफ इलेक्ट्रिकल इंजीनियर, निर्माण, दक्षिण मध्य रेलवे, सिकन्दराबाद द्वारा निम्नलिखित कार्यों के लिए ई-निविदा आमंत्रित है।

**क्रम सं.** 01. **एनआईटी सं.** : ई29सीटीआरडीएससी_11-2024-25 दि. 25-05-2024. **कार्य का नाम** : दक्षिण मध्य रेलवे के अंतर्गत जीटीएल डिवीजन के केएसएन-डीकेसी बीजी लाइन एवं कृष्णा यार्ड में विद्यमान कामन लूपलाइन के बीच प्रस्तावित ट्रैक कनेक्शन प्रदर्शित करते 65 वर्ग एमएम केटेनरी एवं 107 वर्ग एमएम एचडीजी कॉपर कांटेक्ट वायर, एलटी आपूर्ति ट्रांसफार्मर स्टेशंस संशोधित कृष्णा यार्ड के साथ 25 केवी 50 एचजेड सिंगल फेज ए.सी. ट्रैक्शन ओवरहेड उपकरण की डिजाइन, आपूर्ति, स्थापित करना, परीक्षण एवं प्रारंभ करना। **अनुमानित मूल्य** : रु. 5,37,49,863.17/-, **पूर्व धरोहर राशि** : रु. 4,18,800/-, **दस्तावेज मूल्य** : ऑनलाइन निविदा दस्तावेज़ को मुफ्त में डाउनलोड किया जा सकता है। **पूरा करने की अवधि** : 8 महीने, **बोली प्रणाली** : एकल लिफाफा प्रणाली, **बंद होने की तिथि** : 21-06-2024 को 15.00 बजे।

**क्रम सं.** 02. **एनआईटी सं.** : ई29सीटीआरडीएससी_12-2024-25 दि. 25-05-2024. **कार्य का नाम** : दक्षिण मध्य रेलवे के अंतर्गत जीटीएल डिवीजन के आरयू-सीईएन एवं आरयू- टीसीएनआर सेक्शन के बीच प्रस्तावित बाइपास लाइन हेतु 65 वर्ग एमएम केटेनरी एवं 107/150 वर्ग एमएम एचडीजी कॉपर कांटेक्ट वायर, एलटी आपूर्ति ट्रांसफार्मर स्टेशनों के साथ 25 केवी, 50 एचजेड सिंगल फेज ए.सी. ट्रैक्शन ओवरहेड उपकरण की डिजाइन, आपूर्ति, स्थापित करना, जाँच एवं प्रारंभ करना। **अनुमानित मूल्य** : रु. 5,06,82,686.66/-, **पूर्व धरोहर राशि/बोली सुरक्षा** : रु. 4,03,400/-, **दस्तावेज मूल्य** : ऑनलाइन निविदा दस्तावेज़ को मुफ्त में डाउनलोड किया जा सकता है। **पूरा करने की अवधि** : 06 महीने, **बोली प्रणाली** : एकल लिफाफा प्रणाली, **बंद होने की तिथि** : 21-06-2024 को 15.00 बजे।

**क्रम सं.** 03. **एनआईटी सं.** : ई29सीटीआरडीएससी_13-2024-25 दि. 25-05-2024. **कार्य का नाम** : अहमदनगर-बीड़-परली वैजनाथ नई लाइन के कनेक्टिविटी के संबंध में प्रस्तावित जंक्शन व्यवस्थाओं के मद्देनजर परली वैजनात पर विद्यमान ओएचई के संशोधनों एवं अहमदनगर-बीड़- परली वैजनाथ लाइन के कनेक्टिविटी सहित 65 वर्ग एमएम केटेनरी वायर एवं 107 वर्ग एमएम कांटेक्ट वायर, एल.टी. आपूर्ति ट्रांसफार्मर स्टेशनों के साथ 2X25 केवी 50 एच.जेड, सिंगल फेज, एसी ट्रैक्शन ओवरहेड उपकरण की डिजाइन, आपूर्ति, स्थापित करना, जाँच एवं प्रारंभ करना। **अनुमानित मूल्य** : रु. 9,63,52,537.01/-, **पूर्व धरोहर राशि/बोली सुरक्षा** : रु. 6,31,800/-, **दस्तावेज मूल्य** : ऑनलाइन निविदा दस्तावेज़ को मुफ्त में डाउनलोड किया जा सकता है। **पूरा करने की अवधि** : 08 महीने, **बोली प्रणाली** : एकल लिफाफा प्रणाली, **बंद होने की तिथि** : 21-06-2024 को 15.00 बजे।

**क्रम सं.** 04. **एनआईटी सं.** : ई29सीटीआरडीएससी_14-2024-25 दि. 25-05-2024. **कार्य का नाम** : दक्षिण मध्य रेलवे के विजयवाड़ा डिवीजन पर विजयवाड़ा-तेनाली (तीन लाइन) में फीडर एवं अर्थिंग कार्यों के साथ फीडिंग प्रणाली पर विद्यमान 1X25 केवी प्रणाली को 2X25 केवी के ओएचई अपग्रेडेशन की डिजाइन, आपूर्ति, स्थापित करना, जाँच एवं प्रारंभ करना। **अनुमानित मूल्य** : रु. 38,18,97,091.01/-, **पूर्व धरोहर राशि/बोली सुरक्षा** : रु. 20,59,500/-, **दस्तावेज मूल्य** : ऑनलाइन निविदा दस्तावेज़ को मुफ्त में डाउनलोड किया जा सकता है। **पूरा करने की अवधि** : 09 महीने, **बोली प्रणाली** : दो लिफाफा प्रणाली, **बंद होने की तिथि** : 21-06-2024 को 15.00 बजे।

**क्रम सं.** 05. **एनआईटी सं.** : ई29सीटीआरडीएससी_15-2024-25 दि. 25-05-2024. **कार्य का नाम** : दक्षिण मध्य रेलवे के विजयवाड़ा डिवीजन पर तेनाली-बापट्ला (तीन लाइन) में फीडर एवं अर्थिंग कार्यों के साथ फीडर प्रणाली पर विद्यमान 1X25 केवी प्रणाली को 2X25 केवी के ओएचई अपग्रेडेशन की डिजाइन, आपूर्ति, स्थापित करना, जाँच एवं प्रारंभ करना। **अनुमानित मूल्य** : रु. 49,36,63,427.52/-, **पूर्व धरोहर राशि/बोली सुरक्षा** : रु. 26,18,300/-, **दस्तावेज मूल्य** : ऑनलाइन निविदा दस्तावेज़ को मुफ्त में डाउनलोड किया जा सकता है। **पूरा करने की अवधि** : 09 महीने, **बोली प्रणाली** : दो लिफाफा प्रणाली, **बंद होने की तिथि** : 21-06-2024 को 15.00 बजे।

**क्रम सं.** 06. **एनआईटी सं.** : ई29सीटीआरडीएससी_ 16-2024-2025 दि. 25-05-2024. **कार्य का नाम** : दक्षिण मध्य रेलवे के विजयवाड़ा डिवीजन पर बापट्ला चिन्नागंजम (तीन लाइन) में फीडर एवं अर्थिंग कार्यों के साथ फीडर प्रणाली पर विद्यमान 1X25 केवी प्रणाली को 2X25 केवी के ओएचई अपग्रेडेशन की डिजाइन, आपूर्ति, स्थापित करना, जाँच एवं प्रारंभ करना। **अनुमानित मूल्य** : रु. 41,54,62,492.44/-, **पूर्व धरोहर राशि/बोली सुरक्षा** : रु. 22,27,300/-, **दस्तावेज मूल्य** : ऑनलाइन निविदा दस्तावेज़ को मुफ्त में डाउनलोड किया जा सकता है। **पूरा करने की अवधि** : 09 महीने, **बोली प्रणाली** : दो लिफाफा प्रणाली, **बंद होने की तिथि** : 21-06-2024 को 15.00 बजे।

**क्रम सं.** 07. **एनआईटी सं.** : ई29सीटीआरडीएससी_17-2024-25 दि. 25-05-2024. **कार्य का नाम** : दक्षिण मध्य रेलवे के विजयवाड़ा डिवीजन पर चिन्नागंजम-ओंगोल (तीन लाइन) में फीडर एवं अर्थिंग कार्यों के साथ फीडर प्रणाली पर विद्यमान 1X25 केवी प्रणाली को 2X25 केवी के ओएचई अपग्रेडेशन की डिजाइन, आपूर्ति, स्थापित करना, जाँच एवं प्रारंभ करना। **अनुमानित मूल्य** : रु. 35,80,36,515.77/-, **पूर्व धरोहर राशि/बोली सुरक्षा** : रु. 19,40,200/-, **दस्तावेज मूल्य** : ऑनलाइन निविदा दस्तावेज़ को मुफ्त में डाउनलोड किया जा सकता है। **पूरा करने की अवधि** : 09 महीने, **बोली प्रणाली** : दो लिफाफा प्रणाली, **बंद होने की तिथि** : 21-06-2024 को 15.00 बजे।

**क्रम सं.** 08. **एनआईटी सं.** : ई29सीटीआरडीएससी_18-2024-25 दि. 25-05-2024. **कार्य का नाम** : दक्षिण मध्य रेलवे के सिकन्दराबाद डिवीजन पर काजीपेट-येलगुर सेक्शन (तीन लाइन) में फीडर एवं अर्थिंग कार्यों के साथ फीडर प्रणाली पर विद्यमान 1X25 केवी प्रणाली को 2X25 केवी के ओएचई अपग्रेडेशन की डिजाइन, आपूर्ति, स्थापित करना, जाँच एवं प्रारंभ करना। **अनुमानित मूल्य** : रु. 37,64,47,265.33/-, **पूर्व धरोहर राशि/बोली सुरक्षा** : रु. 20,32,200/-, **दस्तावेज मूल्य** : ऑनलाइन निविदा दस्तावेज़ को मुफ्त में डाउनलोड किया जा सकता है। **पूरा करने की अवधि** : 09 महीने, **बोली प्रणाली** : दो लिफाफा प्रणाली, **बंद होने की तिथि** : 21-06-2024 को 15.00 बजे।

**क्रम सं.** 09. **एनआईटी सं.** : ई29सीटीआरडीएससी_19-2024-25 दि. 25-05-2024. **कार्य का नाम** : दक्षिण मध्य रेलवे के सिकन्दराबाद डिवीजन पर येलगुरताडा पुसापल्ली सेक्शन (तीन लाइन) में फीडर एवं अर्थिंग कार्यों के साथ फीडर सिस्टम पर विद्यमान 1X25 केवी प्रणाली को 2X25 केवी के ओएचई अपग्रेडेशन की डिजाइन, आपूर्ति, स्थापित करना, जाँच एवं प्रारंभ करना। **अनुमानित मूल्य** : रु. 39,68,18,821.93/-, **पूर्व धरोहर राशि/बोली सुरक्षा** : रु. 21,34,100/-, **दस्तावेज मूल्य** : ऑनलाइन निविदा दस्तावेज़ को मुफ्त में डाउनलोड किया जा सकता है। **पूरा करने की अवधि** : 09 महीने, **बोली प्रणाली** : दो लिफाफा प्रणाली, **बंद होने की तिथि** : 21-06-2024 को 15.00 बजे।

**क्रम सं.** 10. **एनआईटी सं.** : ई29सीटीआरडीएससी_20-2024-25 दि. 25-05-2024. **कार्य का नाम** : दक्षिण मध्य रेलवे के सिकन्दराबाद डिवीजन पर ताड्ला पुसापल्ली-दोर्णाकल सेक्शन (तीन लाइन) में फीडर एवं अर्थिंग कार्यों के साथ फीडर सिस्टम पर विद्यमान 1X25 केवी प्रणाली को 2X25 केवी के ओएचई अपग्रेडेशन की डिजाइन, आपूर्ति, स्थापित करना, जाँच एवं प्रारंभ करना। **अनुमानित मूल्य** : रु. 36,63,24,093.03/-, **पूर्व धरोहर राशि/बोली सुरक्षा** : रु. 19,81,600/-, **दस्तावेज मूल्य** : ऑनलाइन निविदा दस्तावेज़ को मुफ्त में डाउनलोड किया जा सकता है। **पूरा करने की अवधि** : 09 महीने, **बोली प्रणाली** : दो लिफाफा प्रणाली, **बंद होने की तिथि** : 21-06-2024 को 15.00 बजे।

1) बोली दस्तावेज एवं अन्य विवरणों के लिए कृपया वेबसाइट **http://ireps.gov.in** को लॉग इन करें।
2) बोलीदाता को बोली सुरक्षा **IREPS.gov.in** के माध्यम से उपलब्ध कराना होगा या भारत के किसी अनुसूचित वाणिज्यिक बैंक से बैंक गांटी बांड के रूप में प्रस्तुत करना होगा। बैंक गारंटी को अनुलग्निका-VII के अनुसार होना चाहिए तथा बोली वैधता अवधि के आगे 90 दिन अवधि के लिए वैध होनी चाहिए। डिमांड ड्राफ्ट बैंकर्स चेक, डिपाजिट रिसिप्ट, एफडीआर आदि के माध्यम से मैनुअल भुगतान की अनुमति नहीं होगी।
3) निविदादाता अपने प्रस्ताव निविदा प्रस्तुत करने की अवधि, जो निविदा बंद होने की तिथि से पंद्रह दिन पूर्व है, में ऑनलाइन प्रस्तुत कर सकते हैं। निविदादाताओं को निविदा प्रस्तुत करने की अवधि प्रारंभ होने की तिथि तक किसी शुद्धिपत्र (केवल ऑनलाइन जारी किए हुए) के लिए देखना होगा।

**डिप्टी चीफ इलेक्ट्रिकल इंजीनियर-II/सी/सिकन्दराबाद**

ई-निविदा सूचना सं. सी/ई.29/इले./एम/एससी/07/एलसी/आरयूबी/ओटी/2024-25 दि. 29-05-2024
पीयूबी/0508

कृते एवं भारत के राष्ट्रपति की ओर से अधोहस्ताक्षरी द्वारा नीचे दिए गए कार्य के लिए **19-06-2024** को **15.00 बजे** तक ई-निविदा आमंत्रित है।

**क्र.सं.** : 01. **ई-निविदा सं.** : ई-निविदा सं. सी/ई.29/इले./ एम/एससी/07/एलसी/आरयूबी/ओटी/2024-25. ई-निविदा सं. ई-एम-एससी-07-ओटी- 2024-25. **कार्य का नाम** : सिकन्दराबाद डिवीजन : विद्युतीय रखरखाव विभाग - सिकन्दराबाद डिवीजन : विद्युतीय रखरखाव विभाग - अनुसूची ए (i) डीकेजे-एमयूजीआर सेक्शन के डीकेजे-पीसीजे के मध्य एलसी नं.2 एमबी की इंटरलॉकिंग के संबंध में सिग्नलिंग व्यवस्था (ii) डीकेजे-एमयूजीआर सेक्शन के केआरए-पीसीजेड के मध्य एलसी नं. 4एमबी के इंटरलाकिंग के संबंध में सिग्नलिंग व्यवस्था (iii) पीजीपीएल-एनजेडबी सेक्शन के एनपीएमएल-एलपीजेएल के मध्य एलसी नं. 39 के इंटरलाकिंग के संबंध में सिग्नलिंग व्यवस्था (iv) पीडीपीएल- एनजेडबी सेक्शन के केआरएमआर- केपीएचआई के मध्य एलसी नं.19 के इंटरलाकिंग के संबंध में सिग्नलिंग व्यवस्था - अनुसूची बी (i) एससी-केजेडजे-जनगाँव- रघुनाथपल्ली स्टेशनों के मध्य किमी. 284/14-16 पर एलसी नं. 42 (ई) के स्थान पर आरयूबी के निर्माण हेतु प्रस्ताव (ii) एससी-केजेडजे : आलेर-पेम्बार्थी स्टेशनों के मध्य किमी. 269/20-22 पर एलसी नं. 39 (ई) के स्थान पर आरयूबी के निर्माण हेतु प्रस्ताव (iii) एससी-केजेडजे : इप्पागुड़ा-घनपुर स्टेशनों के मध्य किमी. 298/34-299/2 पर एलसी नं. 47 (ई) के स्थान पर आरयूबी के निर्माण हेतु प्रस्ताव (iv) एससी-केजेडजे : पेगिडिपल्ली यार्ड पर किमी. 4/5-7 पर एलसी नं.1 और किमी. 230/30-32 पर एलसी नं. 25 (टी) के स्थान पर आरयूबी के निर्माण हेतु प्रस्ताव (v) एससी-केजेडजे : इप्पागुड़ा-घनपुर स्टेशनों के मध्य किमी. 301/20-22 पर एलसी नं. 48 (ई) के स्थान पर आरयूबी के निर्माण हेतु प्रस्ताव - विद्युतीय व्यवस्था। **निविदा मूल्य (रु.)** : 31,42,452.36/-, **पूर्व धरोहर राशि** : रु. 62,900/-, **सीटीएफ** : **रु. 0.00**, **पूरा करने की अवधि** : **03** महीने.

**वरि. मंडलीय विद्युतीय अभियंता (एम), सिकन्दराबाद**
**A0645**

अतिरिक्त निविदा शर्तों/विवरणों के लिए और निविदा दस्तावेजों को डाउनलोड करने के लिए कृपया वेबसाइट: https://www.ireps.gov.in' या www.scr.indianrailways.gov.in देखें


# कांग्रेस के घोषणापत्र में तुष्टीकरण, एक वर्ग विशेष को लाभ पहुंचाने की नीति का उल्लेख: धामी

**शिमला, 30 मई (एजेंसियां)।** उत्तराखंड के मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने गुरुवार को कांग्रेस पर हमला बोलते हुए कहा कि उनके घोषणापत्र में तुष्टीकरण और एक वर्ग विशेष को लाभ पहुंचाने की नीति का उल्लेख किया गया है। श्री धानी ने यहां प्रैस वार्ता को सम्बोधित करते हुए कहा कि देश में इस समय लोकतंत्र का महायज्ञ चल रहा है। इस महायज्ञ के छह चरण पूरे हो गये हैं और अंतिम सातवां चरण 01 जून को होना है। पूरे देश में घूमने के बाद मैं एक बात निश्चित रूप से कह सकता हूँ कि पूरे देश में एक समान वातावरण है। उत्तर, दक्षिण, पश्चिम, कश्मीर से कन्याकुमारी तक और अटक से कटक तक, सभी जगहों पर लोगों ने पिछले 10 सालों में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के कार्यकाल को सकारात्मक रूप से देखा है। मोदी ने अपने 10 वर्षों के कार्यकाल में देश के विकास के लिए एक-एक पल और क्षण समर्पित किया है, जिससे देश तेजी से प्रगति कर रहा है। भारतीय जनता पार्टी ने इस लोकसभा चुनाव को सकारात्मक मुद्दों पर



लड़ने का प्रयास किया है और पिछले 10 वर्षों का रिपोर्ट कार्ड जनता के समक्ष प्रस्तुत किया है।

मुख्यमंत्री ने कहा कि कांग्रेस के घोषणापत्र में तुष्टीकरण और एक वर्ग विशेष को लाभ पहुंचाने की नीति का उल्लेख किया गया था। एक सशक्त राजनीतिक दल होने के नाते हमारी जिम्मेदारी है कि देश में चल रहे तुष्टीकरण और कांग्रेस पार्टी के मनसूबों को जनता के समक्ष उजागर करें। पिछले 10 वर्षों में देश में इंफ्रास्ट्रक्चर का विकास तेजी से हुआ है। एक्सप्रेस-वे, बंदे भारत जैसी स्वदेशी ट्रेन, नए विश्वविद्यालय, आईआईटी, आईआईएम और हवाई अड्डों का निर्माण हुआ है। सोलर एनर्जी पर भी विशेष ध्यान दिया गया है। महामारी का सामना करने और मुफ्त टीकाकरण के कार्यों में प्रधानमंत्री मोदी ने देश की आवश्यकताओं के अनुरूप कदम उठाए हैं। गरीब कल्याण अन्न योजना, जिसमें पांच किलो अन्न मुफ्त में देने की योजना शामिल है, प्रधानमंत्री की प्राथमिकता रही है। इस प्रकार के जन कल्याण और गरीब कल्याण कार्यों ने हमारे देश को नई ऊंचाइयों पर पहुंचाया है।

उन्होंने कहा कि गठबंधन और विपक्षी नेता चाहे कांग्रेस नेता राहुल गांधी हों या समाजवादी नेता अखिलेश यादव, इनके प्रयास सत्ता प्राप्ति तक ही सीमित रहे हैं। ये नेता विशेष वर्ग के वोट बैंक को साधने के लिए किसी भी हद तक जा सकते हैं। कर्नाटक में अन्य पिछड़ा वर्ग में मुस्लिम जातियों को शामिल कर आरक्षण देने का कार्य इसी का प्रमाण है। यह संविधान की भावना के विरुद्ध है, जिसमें धर्म के आधार पर आरक्षण की मनाही है।

कांग्रेस और उनके सहयोगी दल समय-समय पर ऐसे निर्णय लेते हैं जो संविधान के विपरीत हैं। उन्होंने कर्नाटक, संयुक्त आंध्र और अन्य राज्यों में भी ऐसे ही निर्णय लिए हैं। राहुल गांधी जैसे नेताओं के लिए परीक्षा में बैठने की स्थिति होती है, जहां उनका परिणाम सदैव असफलता ही होता है। इस बार भी परिणाम वही आएगा जो पिछले 10 वर्षों से आता रहा है। देश ने पिछले 10 वर्षों में अनुच्छेद 370 का समापन, सीएए का कानून, सर्जिकल स्ट्राइक, और राम मंदिर का निर्माण जैसे ऐतिहासिक निर्णय देखे हैं। गरीब कल्याण और सुशासन के क्षेत्र में भी अनेक कार्य हुए हैं। कोरोना महामारी के दौरान भारत ने वैक्सीन देकर वसुधैव कुटुंबकम की भावना को मजबूत किया है। उन्होंने कहा कि हिमाचल प्रदेश के लोगों ने हमेशा प्रधानमंत्री मोदी को समर्थन दिया है। चारों लोकसभा सीटों पर जीत की उम्मीद है। जहाँ कांग्रेस की सरकारें हैं, वहाँ के लोग उनके प्रति आक्रोशित हैं। तेलंगाना में भी यही स्थिति है। हिमाचल प्रदेश के लोग इस बार भी मोदी को तीसरी बार प्रधानमंत्री बनाने के लिए समर्थन देंगे और प्रचंड बहुमत से चारों लोकसभा सीटों को जिताएंगे साथ ही छ विधानसभा उपचुनावों में भी भारतीय जनता पार्टी बड़े अंतर से विजयी होगी।

# कांग्रेस हमेशा भारत के विकास के लिए प्रगतिशील कदम उठाने से कतराई है: सीतामरण

**नई दिल्ली, 30 मई (एजेंसियां)।** वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण ने कांग्रेस पर हमेशा भारत के विकास और वृद्धि के लिए प्रगतिशील कदम उठाने से कतराने तथा केवल प्रतिगामी नीतियों को प्रोत्साहित करने का आरोप लगाते हुये आज कहा कि वर्ष 2016 में प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व वाली सरकार द्वारा पेश किए गए इंसोल्वेंसी एंड बैंक्रप्सी कोड (आईबीसी) से पहले वित्तीय कॉर्पोरेट संकट की कार्यवाही कानूनों के एक टुकड़े द्वारा शासित होती थी, जिससे समस्याएँ सुलझने के बजाय और बिगड़ जाती थीं।

श्रीमती सीतारमण ने इसको लेकर एक्स पर एक पोस्ट में कहा कि माल एवं वस्तु सेवा कर (जीएसटी) की तरह कांग्रेस आम सहमति बनाने और सुधारों को लागू करने के लिए राजनीतिक पूंजी खर्च करने के वास्ते उत्सुक नहीं थी। कांग्रेस हमेशा भारत के विकास और वृद्धि के लिए प्रगतिशील कदम उठाने से कतराती रही है और केवल प्रतिगामी नीतियों को प्रोत्साहित करती रही है। उन्होंने कहा कि इंसोल्वेंसी कानून लागू करने की सख्त जरूरत के बजाये संप्रग सरकार ने जानबूझकर बैंकों और परिचालन ऋणदाताओं की कीमत पर अपने साथियों को फ़ायदा पहुंचाने की कोशिश की, जिसकी वजह से बैंकों और परिचालन ऋणदाताओं को अपने बकाये की वसूली के लिए दर-दर भटकना पड़ा। आईबीसी ने बैंकों को संप्रग के कार्यकाल के दौरान कांग्रेस और उसके सहयोगियों द्वारा 'फोन बैंकिंग' और अंधाधुंध ऋण देने के माध्यम से पैदा किए गए एनपीए संकट से उबरने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई है। आईबीसी ने वित्तीय प्रणाली में विश्वास और पारदर्शिता का निर्माण किया है।



श्रीमती सीतारमण ने कहा कि यह अफ़सोस की बात है कि भारत को इन आवश्यक सुधारों को लागू करने के लिए राजनीतिक इच्छाशक्ति मिलने से पहले दशकों तक इंतज़ार करना पड़ा। आईबीसी जैसे कानून प्रधानमंत्री के नेतृत्व वाली सरकार की दूरगामी दृष्टि और दूरदर्शिता का प्रमाण हैं। संप्रग युग के पुराने कानून की लालफीताशाही से मुक्त होकर आज पूरी अर्थव्यवस्था इस ऐतिहासिक कानून का लाभ उठा रही है। उन्होंने कहा कि मोदी सरकार ने इंसोल्वेंसी ढांचे को मजबूत करने और समय पर समाधान सुनिश्चित करने के लिए कई कदम उठाए हैं। सरकार रिक्तियों को तेजी से भरकर पूरे देश में एनसीएलटी और एन-सीएलएटी की क्षमताओं को मजबूत करने के लिए प्रतिबद्ध हैं। विनियमित दिवालियेपन और मूल्यांकन पेशेवरों का उभरता हुआ कैडर भी इन प्रयासों को आगे बढ़ाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाता है। आईबीसी के अधिनियमन के बाद से 8 वर्षों की संक्षिप्त अवधि में, उद्योग ने लगभग 4,400 दिवालियेपन पेशेवरों और 5,500 पंजीकृत मूल्यांकनकर्ताओं को विकसित किया है। हालाँकि यह इस महत्वपूर्ण क्षेत्र के भीतर विशेषज्ञता के निर्माण में एक महत्वपूर्ण सुधार को दर्शाता है, फिर भी समाधान प्रक्रिया की गुणवत्ता और प्रभावकारिता को लगातार मजबूत करने की आवश्यकता बनी हुई है। इस उद्देश्य के लिए भारतीय दिवाला और शोधन अक्षमता बोर्ड (आईबीबीआई) निरंतर प्रशिक्षण और विकास प्रदान करने के लिए हितधारक संस्थानों के साथ सक्रिय रूप से सहयोग करता है। विफलता की स्थिति में व्यवसायों को कानूनी रूप से सुरक्षित रास्ता देना और कुशल पुनर्वितरण के लिए बंद पड़े ऋण को मुक्त करना निवेश और विकास को बढ़ाने के लिए आवश्यक कदम हैं।

# महाराष्ट्र ने कृष्णा नदी का जल प्रवाह रोका



**बेंगलुरु, 30 मई (एजेंसियां)।** महाराष्ट्र सरकार की ओर से राजापुरा बैराज से पानी न छोड़ने के कारण कर्नाटक में जल संकट और गहरा गया है।

बैराज के गेट बंद होने से कर्नाटक की कृष्णा नदी का बेसिन सूख गया है, जिससे यहां के ग्रामीणों की परेशानी बढ़ गयी है।

महाराष्ट्र सरकार के फैसले से पहले से ही सूखे का सामना कर रहे बेलगावी, बागलकोट और विजयपुरा में जल संकट और बढ़ गया है। बेलगावी और विजयपुरा जिला प्रशासन पीने के पानी के लिए टैंकरों और निजी बोरवेल पर निर्भर हैं, जबकि बागलकोट निजी बोरवेल पर ही निर्भर है। वर्ष 2023 में, इन जिलों के 37 तालुकाओं में से 34 को कर्नाटक सरकार ने सूखाग्रस्त घोषित कर दिया था।

स्थानीय लोगों ने नदी के प्रवाह को रोकने के लिए महाराष्ट्र सरकार की आलोचना की है। हालांकि, बेलगावी के अधिकारियों के अनुरोध के बाद कुछ गेट अनौपचारिक रूप से खोले गए थे, लेकिन यह कर्नाटक में सूखे से राहत के लिए अपर्याप्त था। सांगली जिले के जथ तालुका में स्थित राजपुरा बैराज पिछले सप्ताह मध्यम वर्षा के कारण पूरी क्षमता तक भरा हुआ है, फिर भी महाराष्ट्र सरकार ने 26 मई को सभी गेट बंद करने का आदेश दे दिया। इससे पहले, कृष्णा नदी की ओर प्रतिदिन लगभग 2,500 क्यूसेक पानी छोड़ा जा रहा था।

बेलगावी जिला कन्नड़ संगठन कार्य समिति के अध्यक्ष अशोक चंदरागी ने महाराष्ट्र के कार्यों की निंदा की। उन्होंने कृषि गतिविधियों और पेयजल आपूर्ति पर गंभीर प्रभाव को उजागर किया। अध्यक्ष ने कर्नाटक सरकार से इस मुद्दे को तत्काल हल करने का आह्वान किया। कर्नाटक के मुख्यमंत्री सिद्धारमैया ने महाराष्ट्र के मुख्यमंत्री एकनाथ शिंदे से सूखे को कम करने के लिए 2-3 टीएमसी पानी छोड़ने का अनुरोध किया है, लेकिन कोई प्रतिक्रिया नहीं मिली है।

# बिहार की सभी 40 सीटों पर राजग की होगी जीत : चिराग

**गया, 30 मई (एजेंसियां)।** लोक जनशक्ति पार्टी (रामविलास) के वरिष्ठ नेता चिराग पासवान ने बिहार की सभी 40 सीट पर राष्ट्रीय जनतांत्रिक गठबंधन (राजग) की जीत का दावा करते हुए आज कहा कि इस लोकसभा चुनाव में राजग 400 सीट का आंकड़ा पार करेगा। श्री पासवान ने गया जिले के अतरी विधानसभा के खिजरसराय बाजार स्थित यशवंत सिंह उच्च विद्यालय के प्रांगण में एक चुनावी सभा में कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने जो 400 पार का नारा दिया है, उसे पूरा कर दिखाना है। उन्होंने लालू प्रसाद यादव पर तंज कसते हुए कहा कि पुराने दिनों को याद कीजिए, उस समय को वापस नहीं आने देना है। जंगलराज को याद कीजिए। महागठबंधन वाले जनता को दिग्भ्रमित करने वाले लोग है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में लगातार देश का विकास हो रहा है ।

लोजपा नेता ने दावा किया कि बिहार की सभी 40 सीटों पर राजग का कब्जा होगा। पूरे देश में राजग 400 का आंकड़ा पार करेगा। पूरी तरह से बहुमत के साथ राजग की वापसी होगी और नरेंद्र मोदी एक बार फिर से देश के प्रधानमंत्री बनेंगे।

# दुष्कर्म के मामले पर झारखंड पुलिस को नोटिस

**नई दिल्ली, 30 मई (एजेंसियां)।** राष्ट्रीय महिला आयोग ने झारखंड में एक महिला के साथ सामूहिक दुष्कर्म के मामले में राज्य पुलिस को नोटिस जारी किया है और तीन दिन के भीतर कार्रवाई रिपोर्ट सौंपने को कहा है।

महिला आयोग ने बृहस्पतिवार को यहां बताया कि आयोग इस घटना की कड़ी निंदा करता है। राष्ट्रीय महिला आयोग की अध्यक्ष रेखा शर्मा ने झारखंड में एक महिला के साथ सामूहिक दुष्कर्म के मामले में संज्ञान लिया है और राज्य के पुलिस महानिदेशक को इस पर तेजी से कार्रवाई और निष्पक्ष जांच करने को कहा है। आयोग ने पीड़िता को निशुल्क चिकित्सा सुविधा उपलब्ध कराने के निर्देश दिये हैं और कहा कि पीड़िता को आपराधिक दंड संहिता की धारा 357 ए के अनुरुप अनुग्रह राशि भी दी जानी चाहिए।


DAILY शुभ लाभ — खबरें जो सोच बदल दे — Classifieds

**CHANGE OF NAME**

I, EX.NO. 15307804H Rank.HAV NAME PURUSHOTTAMA TP RAO Resident of GUJJIVAISIVADA- Vill ,KURUPAM ( Post & TALUKA ), VIZAYANAGARAM District, AP 535534, do hereby declare that I have changed my Son Name from **"SAI BHASKAR"** to **"PURUSHOTTAMA SAI BHASKAR "** & changed my daughter name from **KAVYA** to **PURUSHOTTAMA KAVYA** due to variation of my son & daughter names in army and Civil documents vide affidavit sworn before public notary date 28/05/2024

**CHANGE OF NAME**

I, Army No.15813913N Nk BABAR PRAVIN RAMESH, R/o.Vill and Po:Udatare, Taluq:Wai, Dist:Satara, Maharashtra-415513 hereby declare that my daughter name is to be changed from **SWARANJALI** to **SWARANJALI PRAVIN BABAR** vide affidavit dt:30-5-2024 before CVN Ramakrishna, Advocate and Notary, Secunderabad.


# पंजाब की सभी 13 सीटों पर भाजपा को समर्थन देगा जनरल समाज : परहार

**फगवाड़ा, 30 मई (एजेंसियां)।** जनरल समाज मंच, पंजाब ने राज्य की सभी 13 लोकसभा सीटों पर भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) को समर्थन देने का एलान किया है।

जनरल समाज मंच पंजाब के अध्यक्ष फतेह सिंह परहार ने गुरुवार को बताया कि मंच की बैठक में जनरल समाज मंच के जिला अध्यक्ष डॉ सतनाम सिंह परमार, जनरल समाज मंच के प्रदेश महासचिव गिरीश शर्मा, खत्री-अरोड़ा समाज के प्रतिनिधि रमन नेहरा, ब्राह्मण समाज के प्रतिनिधि योगेश प्रभाकर सहित क्षत्रिय समाज सहित सामान्य वर्ग के अन्य बुद्धिजीवियों ने भाग लिया। बैठक में आरक्षण की सीमा 50 प्रतिशत से बढ़ाने संबंधी कांग्रेस नेताओं के बयानों का विरोध करते हुए इसे भारतीय संविधान की मूल भावना के विरुद्ध बताया गया। कश्मीर में अनुच्छेद 370 को फिर से लागू करने सहित कई विवादित बयानों की भी आलोचना की गयी।

फतेह सिंह ने कहा कि पंजाब की आप सरकार एक प्रमुख पंजाबी दैनिक समाचार पत्र के मुख्य संपादक के खिलाफ एफआईआर दर्ज करने के लिये सतर्कता पर दबाव बना रही है तथा एक प्रमुख पंजाबी टीवी चैनल के प्रसारण पर प्रतिबंध लगा रही है, जो लोकतंत्र के चौथे स्तंभ मीडिया पर हमला है। गहन विचार-विमर्श के बाद सभी गणमान्यों ने घोषणा की कि मौजूदा राजनीतिक हालात को देखते हुए जनरल समाज मंच पंजाब की सभी तेरह लोकसभा सीटों पर भाजपा का समर्थन करेगा।




# राज्य की जनता और पार्टी कैडर पर नहीं चल रहा किशन रेड्डी का जादू

**हैदराबाद, 30 मई (शुभ लाभ ब्यूरो)।**

केंद्रीय मंत्री एवं तेलंगाना प्रदेश भाजपा अध्यक्ष जी. किशन रेड्डी जिन्होंने सिकंदराबाद लोकसभा क्षेत्र से भाजपा प्रत्याशी के रूप में चुनाव लड़ा है को मुश्किलों का सामना करना पड़ सकता है। जी. किशन रेड्डी द्वारा विधायक के रूप



में तीन बार अंबरपेट निर्वाचन क्षेत्र का प्रतिनिधित्व करने के बावजूद भाजपा विधायक प्रत्याशी कृष्णा यादव को बीआरएस प्रत्याशी कालेरू वेंकटेश से हार का सामना करना पड़ा। कृष्णा यादव को बीआरएस प्रत्याशी ने लगभग 25,000 वोटों से हराया। इससे पहले बीआरएस प्रत्याशी कालेरु ने जी. किशन रेड्डी को 1100 वोटों से पराजित किया था और हाल के विधानसभा चुनाव में उन्होंने 25 हजार वोटों से जीत दर्ज की।

इस बीच, सिकंदराबाद लोकसभा के अंतर्गत आने वाले सात विधानसभा क्षेत्रों में से एक भी विधानसभा क्षेत्र में भाजपा को जीत हासिल नहीं हुई। किशन रेड्डी ने 2018 में विधानसभा चुनाव हारने के बाद 2019 में सिकंदराबाद संसदीय सीट से चुनाव जीता और केंद्रीय मंत्री बनाए गए। जब उनसे सवाल किया गया है कि उन्होंने अंबरपेट निर्वाचन क्षेत्र के लिए क्या किया है और उन्होंने सांसद कोटे से मिली संसदीय निधि के 25 करोड़ से क्या विकास कार्य किए हैं तो वह इस सवाल पर चुप्पी साध गए।

इसी तरह, केंद्रीय पर्यटन मंत्री के रूप में तेलंगाना राज्य के लिए लाए गए फंड का अभी तक कुछ पता नहीं है।

किशन रेड्डी के अध्यक्ष कार्यकाल में भाजपा को कोई लाभ नहीं मिला। कई लोग पहले से ही टिप्पणी कर रहे हैं कि यदि किशन रेड्डी जीतते हैं, तो वह दिल्ली तक ही सीमित रहेंगे और एक पर्यटक के रूप में आने और जाने के अलावा उनके पास सिकंदराबाद लोकसभा क्षेत्र या तेलंगाना राज्य के विकास के लिए कुछ भी करने को नहीं होगा। किशन रेड्डी केवल पीएम मोदी के भरोसे अपनी नैय्या पार लागने की जुगत में हैं। किशन रेड्डी तेलंगाना प्रदेश अध्यक्ष बनने के बाद वह कई प्रकार के प्रवचन देते रहे कि तेलंगाना में उनकी सरकार बनेगी, लेकिन केवल 8 सीटों पर भाजपा को संतुष्ट होना पड़ा। विधानसभा में जीती गई 8 सीटों में से 7 सीटें सिकंदराबाद-हैदराबाद के बाहर की हैं। हैदराबाद में भाजपा केवल एक सीट जीत सकी है। इससे लगता है कि उनकी पकड़ पार्टी कैडर पर कमजोर हो गई। इससे पूर्व भाजपा आला कमान ने उन्हें केंद्रीय मंत्री रहते हुए तेलंगाना प्रदेश अध्यक्ष के रूप में नियुक्त किया था ताकि तेलंगाना में पार्टी मजबूत हो सके।

लेकिन उनका प्रभाव राज्य में नहीं चला। लोकसभा चुनाव के प्रचार में भी जी. किशन रेड्डी ने हाई कमान को भरोसा दिलाया था कि तेलंगाना से लगभग 12 से 14 सीटों पर पार्टी जीत दर्ज करेगी। लेकिन ऐसा लगता है कि उनका यह सपना पूरा नहीं होगा। क्योंकि लोकसभा चुनाव में वह अपने संसदीय क्षेत्र को ही अधिक समय नहीं दे पाए जिससे पार्टी कार्यकर्ताओं में खासी निराशा है।




# केबीआर पार्क में इच्छापूर्ति भगवान गणेश की पूजा आयोजित



**हैदराबा, 30 मई (शुभ लाभ ब्यूरो)।**

बंजारा हिल्स स्थित के.बी.आर. पार्क में स्थित इच्छापूर्ति गणेश भगवान की पूजा-अर्चना हर बुधवार को की जाती है। उसी अनुसार इस बुधवार को भी पूजा अर्चना की गई। तत्पश्चात पश्चात् आरती एवं प्रसाद का कार्यक्रम सम्पन्न हुआ । प्रेस को जारी विज्ञप्ति में कार्यक्रम के संयोजक राजेंद्र कुमार अग्रवाल ने जानकारी देते हुए बताया कि पार्क में सवेरे आने वाले प्रायः सभी लोग गणेश जी की पूजा, आरती में सम्मिलित होते हैं तथा अंत में सभी में प्रसाद बाँटा जाता है। यह पूजा की सेवा पिछले कई वर्षों से की जा रही है ।

दि. 29 मई, 2024 की सेवा में राजेंद्र कुमार अग्रवाल, सुरेंद्र कुमार अग्रवाल, विठ्ठल दास अग्रवाल, राजेंद्र, गोपाल, मोहन मित्तल, गोपाल बल्दवा, राहुल सिंघल, विजय कुमार अग्रवाल, अशोक अग्रवाल, अशोक लखोटिया, हेमंत शाह, वेंकटेश, माया अग्रवाल, संध्या, विजया, विजयलक्ष्मी आदि उपस्थित थे ।

# मूल्यांकन गोष्ठी एवं कवि गोष्ठी का आयोजन




**हैदराबाद, 30 मई (शुभ लाभ ब्यूरो)।**

नगरद्वय के कवियों की 43 वर्षों से सक्रिय और लोकप्रिय संस्था गीत चाँदनी की प्रतिमास आयोजित होने वाली सीता युद्धवीर पुस्तकालय और शोध संस्थान की 319वीं मूल्यांकन कवि गोष्ठी मोज़मजाही मार्केट स्थित आरोग्य अस्पताल, कैलाश डायग्नॉस्टिक के सेल्लार सभागृह में संपन्न हुई। कर्मचारी राज्य जीवन बीमा निगम के सेवानिवृत्त वरिष्ठ राजभाषा अधिकारी व आर्य प्रतिनिधि सभा हैदराबाद के कर्मठ पदाधिकारी ठाकुर दिनेश सिंह ने अध्यक्षता की। इस अवसर पर गीत चाँदनी के अध्यक्ष व गीतकार श्री चंपालाल बैद बतौर विशेष अतिथि मंच पर उपस्थित थे। गीत चाँदनी के कार्यदर्शी, गोलकोण्डा दर्पण के संपादक व कवि गोविंद अक्षय ने कार्यक्रम का संचालन किया और संस्था की गतिविधियों से अवगत कराया।आज यहाँ जारी एक प्रेस विज्ञप्ति में उक्ताशय की जानकारी देते हुए मासिक पत्रिका गोलकोण्डा दर्पण के संपादक, गीत चाँदनी के सचिव व संचालक गोविंद अक्षय ने बताया कि इस मूल्यांकन कवि गोष्ठी में रोहतक (हरियाणा) से विगत 20 वर्षों से संपादक श्री उमेश सिंह शर्मा के संपादन में प्रकाशित होने वाली पाक्षिक पत्रिका आर्य प्रतिनिधि (आर्य प्रतिनिधि सभा हरियाणा का पाक्षिक मुखपत्र) के मई, 2024 (प्रथम पक्ष) में प्रकाशित अंक : 7 पर हैदराबाद के विद्वान साहित्यकारों द्वारा सारगर्भित चर्चा की गयी। चर्चा में भाग लेने वाले साहित्यकारों में ठाकुर दिनेश सिंह, सुधा ठाकुर, रत्नकला मिश्र, रेखा देवी वर्मा, गोविंद अक्षय, चंपालाल बैद ने पत्रिका में प्रकाशित रचनाओं पर अपने विचार व्यक्त किये। श्री ठाकुर दिनेश सिंह ने कहा कि मनुष्य को आनंद प्राप्ति के लिए परमात्मा के सान्निध्य में रहना आवश्यक है। जैसे शीत वातावरण में उष्णता प्राप्त करने के लिए हम अग्नि के समीप बैठते हैं, क्योंकि उस समय हमारे पास ताप का अभाव होता है, इसलिए हम अग्नि के पास बैठते हैं।

आर्य प्रतिनिधि पत्रिका के कुछ अंशों पर अपना मूल्यांकन प्रस्तुत करते हुए चंपालाल बैद ने कहा कि सनातन में कर्म फल का महत्व है। भगवान श्रीकृष्ण ने भी गीता में यही उपदेश दिया है।कवयित्री सुधा ठाकुर ने कहा कि किसी भी विषम परिस्थिति और संघर्षों में हमें आशा और संभावनाओं को नहीं छोड़ना चाहिए। पत्रिका में प्रकाशित लेख योगेश्वर एवं वेदर्षि दयानंद पर अपने विचार व्यक्त करते हुए कहा कि डॉ. विवेक आर्य ने आर्य समाज के संस्थापक वेदर्षि दयानंद सरस्वती जैसे उच्च कोटि के सिद्ध योगी के जीवन की विस्तृत जानकारी पाठकों को दी हैं।विवेच्य पत्रिका में प्रकाशित लेख संघर्ष से मिले उपलब्धि पर कवयित्री रेखा देवी वर्मा ने कहा कि जीवन में बिना संघर्ष से कोई सफलता हासिल नहीं कर सकते हैं। वरिष्ठ कवयित्री रत्नकला मिश्र ने कहा कि पत्रिका में प्रकाशित ईश्वर की उपासना का महत्व जानें व इसका ज्ञानपूर्वक पालन करें लेख बहुत ही ज्ञानवर्धक व उपयोगी है। लेखक मनमोहन कुमार आर्य ने लेख के माध्यम से महत्वपूर्ण विचार प्रस्तुत किये हैं। समस्त संपादक मंडल को कवयित्री रत्नकला मिश्र ने बधाई और साधुवाद देते हुए पत्रिका की भूरि-भूरि प्रशंसा की।इस अवसर पर आयोजित कवि गोष्ठी की अध्यक्षता उर्दू के सुप्रसिद्ध कवि तश्कील रज़्ज़ाक़ी ने की। उन्होंने कवि गोष्ठी में प्रस्तुत कविताओं की ख़ूब प्रशंसा की और कहा कि यह गोष्ठी आध्यात्मिक वातावरण में संपन्न हुई। साहित्यकारों ने आर्य प्रतिनिधि पत्रिका पर बेहतरीन विचार प्रस्तुत किये। संयोजिका रत्नकला मिश्र के धन्यवाद के साथ कार्यक्रम का समापन हुआ।




स्वामी, मुद्रक, प्रकाशक, सम्पादक गोपाल अग्रवाल द्वारा श्री शेषसाई इंटरप्राइजेज प्लॉट नंबर. 98/1, को-ऑपरेटिव इंडस्ट्रीयल एस्टेट, गांधी नगर, बालानगर के पास मेडचेल-मल्काजगिरि जिला. हैदराबाद 500037, तेलंगाना स्टेट से मुद्रित तथा प्लॉट नं. ए-23/5 तथा 6, दूसरा माला, ओपीआईई, बालानगर, हैदराबाद, मेडचल मलकाजगिरी जिला, तेलंगाना राज्य-500037 से प्रकाशित। आर. एन. आई रजिस्टर्ड नं. TELHIN/2019/78163, फोन नं. 040-29551811. E-mail : dailyshubhlabh@gmail.com.